आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* विश्व आदिवासी (जनजाति) दिवस
* कामिका एकादशी

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 205 | उज्जैन, रविवार 09 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

आईआईटी में मोदी बोले- सिर्फ सवाल मत पूछिए, समाधान भी खोजें

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को कई सीख दीं। उन्होंने कहा, 'हर पीढ़ी की अपनी चुनौतियां और जिम्मेदारियां होती हैं। इस पीढ़ी के लिए आने वाला समय और बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसलिए यह समझें कि अगले 35 साल में आपका काम विकसित भारत का आधार होगा।' उन्होंने कहा, ह्यमैंने आईआईटी के कई पूर्व छात्रों की सफलता देखी है। उन्होंने ऐसी समस्याओं को पहचाना, जिन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया था। इसलिए हमेशा सीखते रहें, सिर्फ सवाल न पूछें और उनके समाधान भी खोजें। पीएम ने छात्रों की मनोदशा पर हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'मैं बाबा बागेश्वर नहीं हूं, लेकिन कुछ तो आपके मन में चलता होगा।' इसके बाद सभी लोग हंसने लगे।

विस चुनाव से पहले बीजेपी ने संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं बीजेपी भी तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने की पूरी तैयारी कर रही है। इस बीच पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र एवं मोर्चा प्रभारियों की घोषणा कर दी है। बताया जाता है कि यूपी बीजेपी में नई जिम्मेदारियों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने 6 क्षेत्रीय प्रभारियों और 7 मोर्चा प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की है। यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कई नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बेहद अहम माना जा रहा है।

राहुल गांधी का सरकार से सवाल- महिला आरक्षण लागू क्यों नही किया

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में ही संसद से सर्वसम्मति से पास हो चुका है और कांग्रेस ने इसका पूरा समर्थन किया था। लेकिन तीन साल बाद भी कानून लागू नहीं किया गया है। राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से सवाल किया कि महिला आरक्षण कानून को लागू करने में देरी क्यों हो रही है और इसे परिसीमन से क्यों जोड़ा जा रहा है। उन्होंने सरकार से 2023 में पारित कानून को बिना किसी शर्त के लागू करने की मांग की। महिलाओं को आरक्षण नहीं मिलने का मुद्दा विपक्ष उठाता रहा है और इसे पूरी तरह लागू करने की बात कहता रहा है। जबकि सरकार परिसीमन के जरिए लोकसभा सीटें बढ़ाकर इसे लागू करने की बात कह रही है।

सोनाक्षी सिन्हा पर बीजेपी-सनातन विरोधी एजेंडा चलाने का दावा

पोस्ट में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को अनफॉलो करने का जिक्र

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस बीजेपी और सनातन धर्म को बदनाम करने का एजेंडा चला रही हैं। पोस्ट में सीजेपी के छात्र प्रदर्शन को समर्थन देने, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को कथित तौर पर धार्मिक वजह से अनफॉलो करने और फिल्ममेकर आदित्य धर के उनके बर्गर वाले पोस्ट पर हंसने वाले रिएक्शन का जिक्र है। साथ ही दावा है कि सोनाक्षी झारखंड के छात्रों के मुद्दे पर चुप हैं। हालांकि, फैक्ट-चेक में सामने आया कि इन घटनाओं में कुछ बातें सही हैं, लेकिन इन्हें जोड़कर सोनाक्षी के किसी बीजेपी या सनातन विरोधी एजेंडे का ठोस सबूत नहीं मिलता। वायरल पोस्ट में सोनाक्षी सिन्हा पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पोस्ट के मुताबिक, सोनाक्षी ने सीजेपी के छात्र प्रदर्शन का समर्थन इसलिए किया क्योंकि मामला कथित तौर पर बीजेपी के खिलाफ था। वहीं, झारखंड के छात्रों के मुद्दे पर उनकी चुप्पी को लेकर भी सवाल उठाया गया है।

नैनो न्यूज

- थरूर ने कहा- आरएसएस की विचारधारा नहीं बदली, उनका मकसद देश को हिंदू राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाना, लेकिन भागवत का बयान बदलाव का संकेत।
- पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये के बीच नाटो जैसा रक्षा समझौता, एक पर हमला तीनों पर माना जाएगा, दुश्मनों से मिलकर निपटने का प्लान।
- भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ वाला बिल अमेरिकी सीनेट में पास, रूसी तेल खरीदने वाले 5 देशों पर कार्रवाई, 86 सांसदों ने पक्ष में वोट किया, 11 विरोध में।
- जापान में 200 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा डॉल्फिन तूफान, 2.6 लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश, टोयोटा ने 9 फैक्ट्रियों में काम रोका।
- हूती विद्रोहियों का यमन और सऊदी अरब पर हमला, यमन के 58 सैनिकों की मौत, सऊदी में 11 घायल, कई जगह आग लगी।
- पूर्व टीएमसी विधायक सनत डे गिरफ्तार, वसूली और चुनाव बाद हिंसा के आरोपों पर कार्रवाई।

जस्टिस टू चिल्ड्रन लिटिगेशन फेलोशिप प्रोग्राम तथा मध्यस्थता पर सर्टिफिकेट कोर्स का किया शुभारंभ

मध्यप्रदेश में 4 नए फास्ट ट्रैक शुरू करने वाला देश का पहला राज्य

न्याय सबके लिए सहज, सुलभ, शीघ्र और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण हो : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भारत के मुख्य न्यायाधीश और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रमुख संरक्षक न्यायमूर्ति सूर्यकांत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायमूर्तिगणों ने शनिवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस- 'इन्हेंसिंग एक्सेस जस्टिस' के उद्घाटन सत्र का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। यह कॉन्फ्रेंस 9 अगस्त तक चलेगी। कॉन्फ्रेंस का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा), मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर (सालसा) और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। इस 2 दिवसीय कॉन्फ्रेंस का विषय 'इन्हेंसिंग एक्सेस टू जस्टिस' तथा इसकी थीम 'एकजुट आवाज, सशक्त भविष्य : संवाद, गरिमा और समावेशन के माध्यम से न्याय तक पहुंच' रखी गयी है।

सीजेआई न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत ने नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी की शिक्षा स्कीम सहित इसके थीम सॉन्ग को किया इंडियन साइन लैंग्वेज में लॉंच

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने नालसा की शिक्षा स्कीम तथा नालसा के थीम सॉन्ग को इंडियन साइन लैंग्वेज में लॉंच किया। कॉन्फ्रेंस में नालसा के थीम सॉन्ग का प्रदर्शन कर इसकी योजनाओं के हिंदी संस्करण और ब्रेल लिपि में गाइड का विमोचन किया गया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य सभी अतिथियों ने 'जस्टिस टू चिल्ड्रन लिटिगेशन फेलोशिप प्रोग्राम' तथा मध्यस्थता पर सर्टिफिकेट कोर्स - विवाद से सहमति की ओर का भी शुभारंभ किया। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल सहित अन्य न्यायमूर्तियों ने कॉन्फ्रेंस में आयोजकों द्वारा तैयार की गई 'न्याय के स्वर' नामक पुस्तक का विमोचन किया।

सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि 2 पक्षों में विवाद के हल में संवाद की प्रक्रिया अनेक विचारों से एकमत या आवाज तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबके न्याय की पहुंच सिर्फ कानून के आधार पर तैयार नहीं हो सकती है। यह संवाद से ही संभव है। न्याय की प्रक्रिया केवल न्यायपालिका या किसी एक संस्था से पूरी नहीं होती है। इस यज्ञ में सबको मिलकर आहूति देनी होती है। किसी विवाद में मध्यस्थता की प्रक्रिया सामने वाले के सुनने से प्रारंभ होती है। न्याय मिलने से पहले पीड़ित को यह विश्वास होना आवश्यक है कि उसकी पीड़ा या समस्या को कोई सुन रहा है। उन्होंने कहा कि सभी की समस्याएं अलग-अलग हो सकती हैं, परंतु हर समस्या का समाधान एक जैसा नहीं होगा। समस्या की प्रकृति के अनुसार हमें अलग तरीके से सोचकर उसका समाधान देना होगा।

संवाद, गरिमा और संवदेनशीलता..., ये हमारी न्याय प्रणाली की हैं आत्मा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि न्याय पाना इस धरती में जन्मे हर व्यक्ति का प्राथमिक और मानवीय अधिकार है। एक जागरूक नागरिक के रूप में यह हमारा कर्तव्य भी है कि हम समाज के हर उस पीड़ित व्यक्ति या समुदाय को न्याय के मंदिर तक न केवल पहुंचाए, वरन उसे न्याय भी दिलवाएं जो न्याय पाने का वास्तविक अधिकारी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि हमारी न्याय व्यवस्था ऐसी हो, जो सर्वव्यापी हो, सुलभ हो, सुगम हो, शीघ्र हो, सस्ती हो, समदर्शी हो और सबसे जरूरी यह कि न्याय मानवीय संवेदनाओं से भरा हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण भारतीय न्याय परंपरा को समृद्ध करने की दिशा में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। आज के इस पवित्र आयोजन की थीम - एक आवाज, सशक्त भविष्य, गरिमा, समावेशन के माध्यम से न्याय पहुंचाना है।

विवादों को सहजता से सुलझाया- न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व को लोकतंत्र का आधार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता से छोटे-छोटे मामलों का निपटारा कर हम केस पेंडेंसी जैसे गंभीर विषयों पर मंथन कर रहे हैं। हमारे लिए न्याय की अवधारणा पंच परमेश्वरों की परंपरा रही है, जिन्होंने कभी समझाइश देकर, कभी समझौतों से विवादों को सहजता से सुलझाया है। भगवान श्रीकृष्ण के गीता के ज्ञान में भी समाधान का मार्ग दिखाई देता है, उन्होंने महाभारत युद्ध के भीषण समय को टालने के लिए 5 गांवों से समाधान निकालने का प्रयास किया था। हमारे संविधान में हजारों वर्षों की न्याय परंपरा का आधुनिक उत्कृष्ट संगम है। यह देश का न्याय विधान है।

हिमाचल प्रदेश के चंबा में प्राइवेट बस पलटी

सड़क हादसे में 7 की मौत, 11 घायल

50 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर गिरी, अंदर फंसे एक दूसरे पर गिरे लोग

एजेंसी ▸▸ भरमौर

हिमाचल प्रदेश के चंबा में शनिवार सुबह एक प्राइवेट बस पलट गई। जिससे 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। हादसे में 11 यात्री घायल हो गए। जिन्हें तीसा अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

एसपी विजय कुमार सकलानी ने बताया कि बस सुबह 7 बजे बैरागढ़ से चंबा के लिए चली थी। बैरागढ़ से कुछ ही दूरी पर शर्मा कोच बस चालुंज मोड़ के पास बेकाबू होकर पलटी, फिर 50 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार- बस पलटते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। अंदर फंसे लोग एक दूसरे पर जा गिरे। जेसीबी की मदद से बस को तोड़ा गया, फिर अंदर फंसे मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया। इस दौरान लोग बचाव-बचाव चिल्लाते सुने गए।

18 के करीब यात्री सवार थे

पुलिस के अनुसार- बस में ड्राइवर-कंडक्टर समेत 18 यात्री सवार थे। इनमें चार से 18 साल के छह बच्चे भी शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को तीसा अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय प्रशासन ने सभी घायलों को 5-5 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान कर दी है, जबकि मृतकों के परिजनों को भी जल्द राहत राशि दी जाएगी।

गवर्नर-सीएम ने शोक जताया

हिमाचल के गवर्नर कविन्द्र गुप्ता, सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिक्षा सिंह ने बस हादसे में 7 लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

पाकिस्तानी एजेंट के हनीट्रैप में फंसा आईएएफ अफसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी को सैन्य जानकारी शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पाकिस्तानी महिला ने सोशल मीडिया के जरिए अधिकारी से संपर्क किया और वीडियो कॉल व अन्य डिजिटल माध्यमों से हनीट्रैप किया। अधिकारी के खिलाफ ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था और 30 मई को गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद 30 जुलाई को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। महिला के पाकिस्तान स्थित खुफिया अधिकारियों के लिए काम करने का शक है।

होटल के नॉनवेज पार्सल की ग्रेवी में निकला मरा हुआ चूहा

खाने से बच्चे की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

शहर के कहारवाड़ी क्षेत्र स्थित एक नामचीन होटल से खरीदे गए नॉनवेज खाने के पार्सल में मरा हुआ चूहा मिलने से हड़कंप मच गया है। दूषित और जहरीला खाना खाने के बाद एक बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसे परिजनों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद से आम जनता में भारी आक्रोश है।

खानशाह वली वार्ड के रहने वाले सलमान खान ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार देर रात कहारवाड़ी की एक होटल से नॉनवेज खाना पैक करवाकर मंगवाया था। परिवार के लोग जब घर पर खाना खा रहे थे, तभी उनके बेटे को ग्रेवी में कुछ संदिग्ध वस्तु नजर आई। जब उसे बाहर निकाला गया, तो सबके होश उड़ गए। वह मसालों में लिपटा हुआ एक मरा हुआ चूहा था। सलमान के मुताबिक, खाना खाने के कुछ ही देर बाद उनके बेटे को दो से तीन बार उल्टियां हुईं और उसकी हालत बिगड़ने लगी।

घबराए परिजन तुरंत उसे लेकर जिला अस्पताल दौड़े, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। घटना से आहत पीड़ित परिवार ने सबूत के तौर पर वीडियो और तस्वीरें सुरक्षित रखी हैं। पिता सलमान खान ने गंभीर लापरवाही को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर लिखित शिकायत दर्ज कराई है और संबंधित होटल संचालक के खिलाफ कड़ी कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

मोदी से मुलाकात करने पहुंचे सीएम योगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ का यह दिल्ली दौरा काफी खास माना जा रहा है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में योगी आदित्यनाथ की दिल्ली यात्रा और शीर्ष नेतृत्व से उनकी मुलाकात को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सियासी गलियारों में पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुलाकात को आगामी चुनाव की तैयारियों और पार्टी की रणनीति के संदर्भ में देखा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ की दिल्ली यात्रा ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में चचाओं को भी तेज कर दिया है।

दिल्ली में अब तक 127 सेंमी बारिश, 15 साल का रिकॉर्ड टूटा, दीवार गिरने से 8 गाड़ियां दबीं

लैंडस्लाइड के कारण अमरनाथ यात्रा जम्मू में रोकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में बारिश और लैंडस्लाइड के कारण शनिवार को जम्मू से अमरनाथ यात्रा फिर से रोक दी गई। 11 अगस्त तक जम्मू क्षेत्र में तेज बारिश-बाढ़ और लैंडस्लाइड की आशंका है।

मौसम विभाग ने आज राजधानी के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अगस्त के पहले सप्ताह में दिल्ली में अब तक 127 मिमी बारिश हो चुकी है, जो 2011 के बाद सबसे ज्यादा बारिश है। देवली इलाके में शनिवार को तेज बारिश से पार्किंग की दीवार गिर गई। इसके मलबे में आठ गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

यूपी में 25 दिनों से जारी भारी बारिश से नदियां उफान पर हैं। काशी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट डूब गए हैं और 84 घाटों का संपर्क टूट गया है। 50-60 छोटे मंदिरों में भी पानी घुस गया है। आगरा में सड़क धंसने से 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया।

झारखंड सरकार से स्टूडेंट्स की बातचीत बेनतीजा

एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड पीएससी-एसएससी परीक्षा में धांधली पर प्रदर्शनकारी छात्रों और सरकार के प्रतिनिधिमंडल की शनिवार को दूसरे राउंड की बातचीत बेनतीजा रही। यह मीटिंग एक घंटा चली। इससे पहले रात में छात्रों से सरकार के डेलिगेशन ने बात की थी। हालांकि इसमें में भी कोई नतीजा नहीं निकला था। वहीं, सरकार ने छात्रों को सुझाव देने के लिए ई मेल और फीडबैक नंबर जारी किया है। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि हम छात्रों के विभिन्न समूहों, स्टेकहोल्डर से मिलेंगे। तमाम सुझावों के बाद फैसला लिया जाएगा। झारखंड पीएससी रद्द करने की मांग को लेकर 6 छात्र अनशन पर हैं। छात्रों ने 10 अगस्त को विधानसभा घेरने का ऐलान किया है। इससे पहले शनिवार को एबीवीपी कार्यकर्ता सीएम आवास घेरने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

महाकाल श्रृंगार

ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

अधूरा सत्य पेश कर दी सफाई

सालों पहले स्कूलों में नैतिक शिक्षा की पाठशाला का चलन था। अक्सर यह पाठशाला शनिवार को लगाई जाती थी और बच्चों को नैतिकता की शिक्षा इस दौरान खेल-खेल में दी जाती थी। शिक्षक अक्सर इस नैतिकता की पाठशाला में बच्चों को सिखाते थे कि एक अंगुली दुसरे की तरफ उठाने वाले पर उसकी खुद की ही 3 अंगुलियां उस पर इशारा करती है। इससे यह तय होता है कि क्रिया और उसके तहत प्रतिक्रिया होती है। हाल ही में संभाग के चीता वाले जिले में जंगल वालों ने चौथास्तंभ पर सवाल खड़े करते हुए अधूरे सत्य के साथ अपनी सफाई पेश की है। खैराती तंत्र न्यूज सेवा से जारी यह अधूरा सत्य घुटने की पेट की और झुकने की बात चीख-चीख कर कह रहा है। खास तो यह रहा कि अधूरा सत्य बयां करने के दौरान भी एक भी साक्ष्य को जगह नहीं दी गई। न तो फोटो और न ही घटनाक्रम और स्थल के फोटो ही जारी किए गए और सफाई के साथ सवालिया निशान लगाने का काम कर दिया गया। जंगल वाले बड़े साहब ने चीता फेंस क्षेत्र में नाला सफाई कार्य के संबंध में खैराती तंत्र न्यूज सेवा में खंडन करते हुए बताया कि कुछ समाचार माध्यमों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चीता फेंस क्षेत्र की सुरक्षा के संबंध में न्यूज और सोशल मीडिया में पोस्ट के माध्यम से नाला सफाई कार्य के संबंध में भ्रामक एवं तथ्यहीन समाचार प्रसारित किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि चीता फेंस क्षेत्र में नालों के ऊपर पानी की निकासी हेतु लोहे की जालीदार फ्लैप लगाई गई है जिससे तीव्र बारिश से नालों में पानी के साथ कचरा जैसे सुखी लकड़ी, घास, काँटे आदि आ जाते है और निकासी नहीं होने पर फैंस पर जमा होते है जिससे फैंस को खतरा रहता है उक्त सफाई कार्य हेतु निरंतर रूप से वर्षा ऋतु में नालों की नियमित रूप से साफ सफाई कार्य किया जाता है। कार्य विभाग की स्वीकृत कार्ययोजना के अंतर्गत वन्यजीव प्रबंधन एवं वर्षा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्य के दौरान पर्यावरणीय एवं तकनीकी मानकों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है तथा इससे वन्यजीवों के संरक्षण एवं प्रबंधन को किसी प्रकार की हानि नहीं पहुँच रही है। इसमें उन्होंने आमजन एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि अपुष्ट एवं भ्रामक समाचारों पर विश्वास न करें तथा किसी भी जानकारी के लिए अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी सूचना को ही प्रमाणिक मानें। अव्वल तो जिसे वे हासिए पर ले रहे हैं उन्हीं से अनुरोध भी कर रहे हैं और दूसरे स्तर पर इस पूरे मामले को अधूरे सत्य के साथ पेश करने की स्थिति यह है कि पूरी कहानी को खुलकर नहीं रखा जा गया है। उसमें काफी कुछ हजम कर लिया गया। इस अधूरे सत्य को प्रमाणित करने के लिए न तो घटनाक्रम और घटनास्थल के फोटो वीडियो ही समर्थन में जारी किए गए। इससे पूरा मामला ही सिरे से शंका से परे नहीं कहा जा सकता है। खुसूर-फुसूर है कि वन्यजीवों के प्रति आपकी सेवाएं उत्कृष्टता के स्तर पर देखी जाती हैं। अत्याधुनिक बागड़ और वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर खबरनवीस भी उतने ही संजीदाऔर चिंतित हैं। संवाद, संपर्क एवं समन्वय के अभाव या थोड़ी कमी के कारण संभव है थोड़ी उंच-नीच की स्थिति संभव है लेकिन कदापि उसे सिरे से एक तरफा बताकर पल्ला झाड़ना ही अंगुली उठाने वाला काम है। इसमें तीन अंगुलियों के ईशारे को भी समझें और कमियों को दूर करते हुए अगर पेश ही करना है तो पूर्ण सत्य को पेश करें। समाज को भ्रम में न रखें। आपका काम जिम्मेदारी वाला है आपको मानव और जंगली जानवरों के बीच समन्वय की स्थिति प्राकृतिक संतुलन के लिए बनाना है। यहां तो चौथा स्तंभ और जंगल विभाग है अगर उसी में समन्वय,संपर्क एवं संवाद के अभाव से ऐसे हालात बन रहे हैं तो सवालिया निशान उठना तय है। ऐसे में अधुरा सत्य नुकसान पहुंचा सकता है।

न्यूज कॉलम

मोनालिसा की संस्थापिका श्रीमती छाबड़ा को वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान

उज्जैन। वरिष्ठ सौंदर्य विशेषज्ञ एवं मोनालिसा ब्यूटी सैलून एंड एकेडमी की संस्थापिका मोनीषा छाबड़ा को ट्रांसओशेना वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा लांगेस्ट रनिंग ब्यूटी सैलून एंड अकादमी के वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें वर्ष 1980 से लगातार संचालित हो रहे उनके प्रतिष्ठित संस्थान की उल्लेखनीय एवं दीर्घकालीन सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस दिया और बाती हम फेम दीपिका सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सतविंदर कौर सलूजा एवं समाजसेवी सुनीता कलावड़िया उपस्थित थी।

नैनो न्यूज

- बैरवा महासभा के संस्थापक झुतालाल की पुण्यतिथि पर यूनिवर्सिटी कैंपस में रोपे पौधे
- 12 अगस्त को नारायणा धाम से निकलेगी 16 किमी लंबी सम्पूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा
- अस्पताल की बदहाली पर भड़की युवा कांग्रेस, स्वास्थ्य अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग
- भारत भारती का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर आज, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय पत्राले करेंगे मार्गदर्शन
- 600 विद्यार्थियों ने किया 21 लाख बार 'ओम नमः शिवाय' जाप
- अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद् महिला प्रकोष्ठ ने किया पौधारोपण
- मौनतीर्थ पीठ में वैदिक चर्चा, विद्यार्थियों को दिया चरित्रवान बनने का संदेश
- जन जागरण समिति ने बैठक कर तय की रूपरेखा, शहीद पार्क से होगी शुरूआत

सवारी मार्ग की जंग जीतने के बाद निगम अमला उत्साह से लबरेज

शेष चौड़ीकरण मार्गों के लिए निगम अमला अलर्ट मोड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सवारी मार्ग के चौड़ीकरण कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने की जंग को जीतने के बाद से निगम का अमला उत्साह से लबरेज हैं। इसके तहत शेष चौड़ीकरण कार्यों को भी समयावधि में पूर्ण करने के लिए निगम अमला अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। अब शहर में सिंहस्थ के तहत हो रहे चौड़ीकरण कार्यों को गति के साथ पूर्ण किया जाना संभावित है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने इस अलर्ट मोड के साथ ही चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण के कार्यों की स्थितियों को जांचा है।

सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शनिवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में सिंहस्थ से संबंधित प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की है। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ के अंतर्गत प्रस्तावित आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए वषार्काल समाप्त होते ही संबंधित फील्ड अधिकारी नोटिस, मार्किंग, ड्राइंग-डिजाइन सहित आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए जोन स्तर पर अलर्ट मोड में रहें, ताकि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जा सकें।

नगर निगम आयुक्त ने चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की स्थितियों को जांचा

चौड़ीकरण के साथ अब महत्वपूर्ण परियोजनाएं

आयुक्त ने संबंधित इंजीनियरों एवं ठेकेदारों से कहा कि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि से उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियां तेजी से संचालित की जा रही हैं। सिंहस्थ के अंतर्गत कई चौड़ीकरण कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि अन्य निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इसके साथ ही महत्वपूर्ण परियोजनाएं शीघ्र प्रारंभ की जानी हैं। सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया कि किसी भी कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व ड्राइंग-डिजाइन को पूर्ण रूप से अंतिम रूप दिया जाए।

सभी कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया

सड़क निर्माण से संबंधित सेंट्रल लाइन मार्किंग, सीवर, वाटर सप्लाई एवं विद्युत पोल आदि के संबंध में पूर्व से ही समुचित प्लानिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्माण के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। चौड़ीकरण से प्रभावित भवन स्वामियों को नोटिस जारी करने से पूर्व स्थानीय रहवासियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से अवगत कराए। सम्बन्धित अधिकारी जोन स्तर पर नोटिस तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। सिंहस्थ-2028 परियोजना के शेष सभी कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार कार्यों की पूर्व तैयारी पूरी रखते हुए निर्धारित समय-सीमा के अनुसार कार्यों को गति प्रदान करे।
बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, कार्यपालन यंत्री गण, भवन अधिकारीगण ,सहायक यंत्रीगण सहित संबंधित उपयंत्री, ठेकेदार एवं कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

सीवरेज लाइन कनेक्शन का कार्य गुणवत्तापूर्वक करें

अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सीवरेज लाइन कनेक्शन का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 48 के अंतर्गत अभिषेक नगर, कीर्ति परिसर एवं वृंदावनधाम कॉलोनी का निरीक्षण कर सीवरेज कनेक्शन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया।अभिषेक नगर में किए जा रहे घरेलू सीवरेज कनेक्शनों का निरीक्षण किया शेष 6 मीटर कनेक्टिव लाइन के लिए संबंधित एजेंसी को कनेक्टिव लाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कीर्ति परिसर में घरों के सीवरेज कनेक्शनों का निरीक्षण कर सीवरेज लाइन को चैंबरों से जोड़ने का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि एवं कंसल्टेंड को निर्देश दिए कि कार्य के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि घरों के सामने जलभराव की स्थिति निर्मित न हो तथा कनेक्शन कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क एवं आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित किया जाए। वृंदावनधाम कॉलोनी का निरीक्षण कर सीवरेज लाइन कनेक्शन कार्य की जानकारी ली गई तथा कार्यों को निर्धारित समयावधि में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को दिए गए। इस दौरान निर्देश दिए कि सीवरेज कनेक्शन कार्य नागरिकों की सुविधा से सीधे जुड़ा हुआ है, सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक एवं समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। कार्य के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

उत्पात मचा रहे दो बंदरों के पिंजरे में आने के बाद पकड़ में आया शैतान बंदर

गोंदिया गांव में बंदर ने चार को घायल किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिछले दो दिनों से गोंदिया गांव को लंका समझकर उसमें उत्पात मचा रहे बंदर को वन विभाग ने पिंजरे में कैद कर लिया है। आतंक का पर्याय बने इस बंदर ने दो दिनों में एक महिला सहित चार ग्रामीणों को अपना शिकार बना कर घायल किया था। इससे ग्रामीण खौफजदा थे और घरों से निश्चिंत होकर निकलने में घबरा रहे थे। शनिवार को बंदर को वन विभाग ने पिंजरे में कैद कर काबू किया है।

प्रभारी रेंजर वन्य जीव मदन मौरे के अनुसार काले मूंह के बंदरों के झूंड क्षेत्र में सक्रिय हैं। इन्हीं में एक दल गोंदिया गांव के आसपास ही रहता है। इनमें से एक बंदर पिछले दो दिनों से गांव में ग्रामीणों में खौफ का कारण बना हुआ था। आकस्मिक रूप से आकर ग्रामीणों को घायल करने की उसकी स्थिति के कारण वनमंडलाधिकारी अनुराग तिवारी को इसकी सूचना मिली थी। उनके निर्देश पर वन्यजीव का दल शनिवार को गांव में बंदर को पकडने के लिए पहुंचा था। इसके लिए पूर्व से संसाधन युक्त वाहन में जाल और पिंजरा ले जाया गया था। दल ने करीब 3 घंटे की मशक्कत से ग्रामीणों के पहचान के आधार पर शैतान बंदर को काबू करने के लिए पिंजरे में बाटी एवं खाने की सामग्री के साथ उसके पसंदीदा स्थान के नजदीक लगाया था। मशक्कत के बाद बंदर पिंजरे में आया है। उसे दो-तीन दिन पिंजरे में रखने के बाद अन्य क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

एक के स्थान पर दो अन्य भी आए

मौरे के अनुसार शैतान बंदर को पकड़ने के लिए दल ने जाल एवं पिंजरे का सहारा लिया था। इस दौरान एक बार जाल में दूसरा बंदर फंस गया जिसकी पहचान करवाने पर ग्रामीणों के इनकार करने पर उसे वापस छोड़ दिया गया। इसी दौरान एक अन्य बंदर पिंजरे में जा पहुंचा था उसे भी पहचान के उपरांत क्षेत्र में ही भगा दिया गया। अंत में शैतान बंदर झूंड से अलग होकर पिंजरे में बाटी एवं खाद्य सामग्री के लिए आने पर पकड़ा गया। ग्रामीणों की पहचान के उपरांत उसे पकड़ कर उज्जैन लाया गया है।

महाकाल मंदिर में जूते-चप्पलों की अव्यवस्था से श्रद्धालु परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के जूते-चप्पलों की व्यवस्था को लेकर नाराजगी सामने आ रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि जूते-चप्पलों को व्यवस्थित तरीके से रखने के बजाय कई बार उन्हें इधर-उधर फेंक दिया जाता है। इसके चलते दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को अपना सामान ढूंढने में परेशानी होती है।

श्रद्धालुओं के मुताबिक कई बार जूते-चप्पल वापस नहीं मिलते या खराब स्थिति में मिलते हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह स्थिति और अधिक असुविधाजनक हो जाती है।

श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन से मांग की है कि जूते-चप्पल रखने और वापस करने की व्यवस्था को सुरक्षित एवं व्यवस्थित किया जाए। श्रद्धालुओं का कहना है कि महाकाल मंदिर देश-विदेश से आने वाले लाखों लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में यहां की छोटी-छोटी व्यवस्थाएं भी मंदिर की छवि और श्रद्धालुओं के अनुभव को प्रभावित करती हैं। संबंधित अधिकारियों से इस मामले में गंभीरता से ध्यान देकर व्यवस्था में सुधार की अपेक्षा की जा रही है।

जरूरतमंद बस्ती के बच्चों को शिक्षा की राह दिखा रहा पुनीत अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जरूरतमंद बस्तियों में रहने वाले छोटे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से उज्जैन में एक सराहनीय पहल जारी है। बच्चों को पार्ट टाइम पढ़ाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य से जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई का अवसर मिलने के साथ उनके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में भी प्रयास हो रहा है।

इस अभियान के तहत जरूरतमंद बस्ती के छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए समाजसेवी शिक्षकों की आवश्यकता है। शिक्षा के क्षेत्र में अपना समय देने के इच्छुक शिक्षक और समाजसेवी इस पहल से जुड़कर बच्चों को पढ़ाने में सहयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र भी बच्चों को पढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस पहल से जुड़े लोगों का कहना है कि समाज के सक्षम लोग यदि अपने समय में से कुछ घंटे बच्चों की पढ़ाई के लिए निकालें तो जरूरतमंद बच्चों को काफी मदद मिल सकती है। कई बच्चों को आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई के लिए पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता।

चेंबर निर्माण कार्य बन रहा लोगों की परेशानी का कारण

प्रेमछाया से भटगली मार्ग पर गिट्टी और गड्ढे में फंसा लोडिंग वाहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रेमछाया क्षेत्र से भटगली की ओर जाने वाले मार्ग पर चल रहे चेंबर निर्माण कार्य के चलते वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण स्थल पर सड़क पर फैली गिट्टी और बने गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार सुबह एक लोडिंग वाहन गिट्टी और गड्ढे के बीच फंस गया, जिसके चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर आवाजाही भी बाधित हुई।

स्थानीय लोगों और ओमप्रकाश रामी के अनुसार चेंबर निर्माण के दौरान सड़क की खुदाई तो की गई है, लेकिन निर्माण सामग्री और गिट्टी को व्यवस्थित तरीके से नहीं हटाए जाने के कारण सड़क का हिस्सा खस्ताहाल हो गया है। बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी और कीचड़ जमा होने से स्थिति और अधिक परेशानी वाली हो सकती है।

इस मार्ग से प्रतिदिन दोपहिया वाहनों के साथ ही लोडिंग वाहन और अन्य छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ऐसे में निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। वाहन चालकों का कहना है कि चेंबर निर्माण आवश्यक है, लेकिन कार्य के दौरान सड़क को पूरी तरह बाधित करने के बजाय आवागमन के लिए सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

स्थानीय रहवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए तथा सड़क पर पड़ी गिट्टी और मलबे को हटाकर गड्ढों को समतल किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और किसी बड़े हादसे की स्थिति निर्मित न हो।

सिंहस्थ की तैयारी या शहर की परीक्षा : 12 साल का समय मिलने के बावजूद ऐन वक्त पर तेज हुए निर्माण कार्य

शहर में यातायात व्यवस्था चरमराई, गुणवत्ता और योजना पर उठ रहे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व उज्जैन की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का सबसे बड़ा आयोजन है। यह आयोजन 12 वर्ष के अंतराल में आता है और इसकी तैयारियों के लिए शासन-प्रशासन को पर्याप्त समय मिलता है। इसके बावजूद सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के नाम पर शहर में जिस तरह एक साथ निर्माण और विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ी है, उससे अब नागरिकों के बीच सवाल उठने लगे हैं कि इतनी बड़ी तैयारी के लिए योजनाएं पहले से पूरी तरह तैयार क्यों नहीं की गईं?

सिंहस्थ की तैयारियों के नाम पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में सड़क, सीवर, नाला, चेंबर, पाइपलाइन, विद्युत और अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं। कई स्थानों पर खुदाई, अस्थायी मार्ग, निर्माण सामग्री और मशीनरी के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। आम नागरिकों को रोजाना जाम, धूल, गड्ढों और रास्तों में बदलाव का सामना करना पड़ रहा है।

12 साल में बननी चाहिए थी पूरी कार्ययोजना- सिंहस्थ अचानक घोषित होने वाला आयोजन नहीं है। इसकी तारीख और महत्व वर्षों से तय है। ऐसे में शहर के स्थायी विकास, यातायात, पेयजल, सीवरेज, पार्किंग, सड़कों, घाटों और श्रद्धालुओं की आवाजाही से जुड़ी योजनाओं को कई वर्ष पहले चरणबद्ध तरीके से तैयार किया जा सकता था।

नागरिकों का सवाल है कि यदि कोई सड़क या सीवरेज व्यवस्था सिंहस्थ के लिए आवश्यक थी तो उसका काम आयोजन के अंतिम वर्षों तक क्यों टाला गया? विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाता तो शहर को एक साथ इतनी बड़ी अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ता।

यातायात सबसे बड़ी परेशानी- निर्माण कार्यों का सीधा असर शहर की यातायात व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। कई प्रमुख मार्गों पर खुदाई और निर्माण के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। कहीं डायवर्जन है तो कहीं निर्माण सामग्री सड़क किनारे पड़ी होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। आम दिनों में भी उज्जैन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में यदि शहर की मौजूदा यातायात व्यवस्था निर्माण कार्यों के कारण प्रभावित होती है तो आने वाले समय में यह चुनौती और बड़ी हो सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंहस्थ के दौरान लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित आवाजाही को देखते हुए अभी से यातायात की स्थायी योजना पर काम होना चाहिए। केवल सड़क चौड़ी करने या अस्थायी डायवर्जन बनाने से समस्या का समाधान नहीं होगा।

लोगों की जान पर बन रही स्थिति

- निर्माण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी नागरिक चिंता जता रहे हैं। खुले गड्ढे, अधूरे मार्ग, निर्माण सामग्री और कई स्थानों पर रात के समय पर्याप्त संकेतक नहीं होने की स्थिति दुर्घटना का कारण बन सकती है।
- सवाल यह है कि जब करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जा रहे हैं तो निर्माण के साथ नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता क्यों नहीं दी जा रही? निर्माण स्थल पर बैरिकेडिंग, रोशनी, चेतावनी संकेत और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ते जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए।

गुणवत्ता पर भी सवाल

शहर में तेजी से चल रहे निर्माण कार्यों के बीच गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि सिंहस्थ की समय सीमा पूरी करने के दबाव में कहीं ऐसा न हो कि काम की गति गुणवत्ता से आगे निकल जाए। सड़क, नाला, सीवर, चेंबर या अन्य निर्माण यदि जल्दबाजी में किए जाते हैं और कुछ वर्षों में ही खराब होने लगते हैं तो इसका खामियाजा फिर शहर के नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। इसलिए मांग उठ रही है कि प्रत्येक बड़े निर्माण कार्य की स्वतंत्र गुणवत्ता जांच हो। ठेकेदारों के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो और निर्माण की गुणवत्ता का रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाए।

विकास कार्यों का श्रेय लेने की होड़?

सिंहस्थ की तैयारियों के बीच राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर विकास कार्यों का श्रेय लेने की तस्वीर भी दिखाई देने लगी है। नागरिकों का कहना है कि विकास कार्य किसी व्यक्ति, दल या विभाग का नहीं बल्कि शहर का होना चाहिए। श्रेय लेने के बजाय प्राथमिकता इस बात को दी जानी चाहिए कि काम समय पर पूरा हो, गुणवत्ता बेहतर हो और उसका लाभ सिंहस्थ के बाद भी उज्जैन के नागरिकों को लंबे समय तक मिले।

अचानक जागने के बजाय पहले से बनती योजना

सिंहस्थ 12 वर्ष बाद आता है। यह कोई अचानक सामने आने वाली आपदा या अनिश्चित आयोजन नहीं है। इसलिए नागरिकों का सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि आयोजन की जानकारी वर्षों पहले से थी तो व्यापक मास्टर प्लान और चरणबद्ध कार्ययोजना पहले क्यों नहीं बनाई गई? यदि सड़क, यातायात, पार्किंग, सीवर, पेयजल, बिजली, सफाई और श्रद्धालुओं की आवाजाही से जुड़ी योजनाओं पर वर्षों पहले काम शुरू किया जाता तो आज शहर को एक साथ इतनी बड़ी संख्या में निर्माण कार्यों का सामना नहीं करना पड़ता।

अभी भी समय है, दिशा बदलने की जरूरत

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के लिए अभी समय है। जरूरत इस बात की है कि सभी निर्माण कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए, अनावश्यक रूप से एक साथ शुरू किए गए कार्यों को चरणबद्ध किया जाए और यातायात तथा नागरिक सुरक्षा को सबसे ऊपर रखा जाए। साथ ही हर बड़े प्रोजेक्ट की समयसीमा और गुणवत्ता की नियमित समीक्षा हो। जो काम सिंहस्थ के लिए जरूरी हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाए और जो कार्य लंबे समय से शहर की जरूरत हैं, उन्हें भी सिंहस्थ की व्यापक योजना से जोड़ा जाए।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार 09 अगस्त, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

राष्ट्रपति ने खरगोन जिले के कमल गौड़ को किया सम्मानित

इंदौर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर महेश्वर की समृद्ध हथकरघा परम्परा को राष्ट्रीय गौरव दिलाने वाले खरगोन जिले के बुनकर कमल गौड़ को 'राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया है। बुनकर कमल को महेश्वरी साड़ी बुनाई में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौड़ को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री गौड़ को मिला यह सम्मान महेश्वरी साड़ी की विशिष्ट पहचान, समृद्ध हथकरघा परम्परा और हमारे बुनकरों के उत्कृष्ट कला-कौशल का गौरव है। हमारी सरकार महेश्वर को टेक्सटाइल टूरिज्म विलेज के रूप में विकसित कर इस पुरातन विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रयासरत है।

60 वर्ष पुराने सबस्टेशन मे हुआ तकनीकी समस्या का समाधान

उज्जैन । मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंदौर स्थित 132 केवी चंबल सबस्टेशन में 33 केवी फीडरों की सभी क्रॉसिंग समाप्त कर उन्हें अंडरग्राउंड केबल प्रणाली में परिवर्तित कर दिया गया है। लगभग 60 वर्ष पुराने इस सबस्टेशन में लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण तकनीकी समस्या के समाधान से अब विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की विश्वसनीयता, सुरक्षा एवं स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार होगा। 132 केवी चंबल सबस्टेशन इंदौर का सबसे पुराना तथा मालवा क्षेत्र का दूसरा सबसे पुराना अतिरिक्त उच्च दाब (ईएचवी) सबस्टेशन है। इस सबस्टेशन में आवश्यकता के अनुसार पिछले 60वर्षों में सबस्टेशन यार्ड में 33 के वी फीडरों की संख्या बढकर 16 हो गई थी।

उत्पादों की जांच के लिए 30 से अधिक नमूने जांच हेतु लिए

इंदौर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। हाल ही में बाहरी राज्यों से आने वाले कुछ घी ब्रांडों के नमूने अमानक स्तर के पाए जाने के बाद संबंधित ब्रांडों के विरुद्ध विशेष नमूना कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में गत 6 अगस्त को खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने विक्टर हाउस-1, गोल्डन पैलेस कॉलोनी, ए.बी. रोड स्थित पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड के डिपो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड, पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा निर्मित गोवर्धन ब्रांड घी का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठान पूरे मध्यप्रदेश में गोवर्धन ब्रांड घी की आपूर्ति करने वाला कंपनी डिपो है। प्रतिष्ठान केंद्रीय अनुज्ञप्तिधारी होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचना दी गई।

शिविरः ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर किया निराकरण

उज्जैन। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कुमट ने दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों का विस्तृत भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम पंचायत चंदूखेड़ी, बामोरा, असलाना, आकासोदा एवं खेमासा का दौरा कर विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा मूलभूत सुविधाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। शासकीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण भ्रमण के दौरान चंदूखेड़ी, आकासोदा एवं खेमासा के ग्राम पंचायत भवनों का निरीक्षण कर शासकीय व्यवस्थाओं एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जैविक खेती एवं ग्रामीण उद्यमिता को मिला प्रोत्साहन ग्राम सबलपुर में वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से जैविक खेती कर रहे कृषक श्री हाकमसिंह आंजना से चर्चा कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी सुझाव दिए गए। ग्राम बामोरा में पारंपरिक मिट्टी के कुल्हड़ एवं दीपक निर्माण कार्य से जुड़े प्रजापति परिवार के निवास पर पहुँचकर उनके कार्य की सराहना की गई। अधिकारियों ने उत्पादन क्षमता एवं विपणन बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें एमएसएमई, मुद्रा लोन सहित अन्य शासकीय योजनाओं से जोड़ने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्राम खेमासा में कृषक श्री शंभूसिंह द्वारा विकसित सीताफल, थाई पिंक अमरूद एवं देशी अमरूद के फलोद्यान का निरीक्षण कर नवाचार आधारित कृषि को प्रोत्साहित किया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बामोरा स्थित आरोग्य केंद्र में दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

नैनो न्यूज

- **एमपीएसओएस रुक जाना नहीं रिजल्ट जारी -** जुलाई 2026 सत्र के कक्षा 10वीं-12वीं के परिणाम जारी हुए। 10वीं का पास प्रतिशत 59.89 प्रतिशत रहा।
- **दतिया हार के बाद भाजपा में बड़ा बदलाव** – उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद भाजपा ने दतिया की पूरी जिला इकाई भंग कर दी है।
- **प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट** – 40 से अधिक जिलों में तेज बारिश और गरज-चमक की संभावना है। दतिया-निवाड़ी सहित कई इलाकों में अलर्ट जारी है।
- **भोपाल में आज कई बड़े ट्रैफिक-पावर अपडेट** – राजधानी के करीब 30 इलाकों में बिजली कटौती और कुछ क्षेत्रों में ट्रैफिक डायवर्जन की सूचना है।
- **एमपी हाईकोर्ट का सख्त फैसला** – राज्य चुनाव आयोग के निदेशक पर महिला संविदा कर्मचारी को चाइल्ड केयर लीव नहीं देने के मामले में 50 हजार जुमार्ना लगाया गया।
- **रेलवे की मानवीय पहल** – एमपी में जीआरपी के 'ऑपरेशन हमदर्द' के तहत 2,057 बेसहारा/लावारिस लोगों को परिवारों से मिलाने और पुनर्वास में मदद की गई।
- **उज्जैन में महाकाल सवारी मार्ग पर कार्रवाई** – श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए सवारी मार्ग के जर्जर दो मंजिला भवन को ध्वस्त किया गया।
- **इंदौर में गैस पाइपलाइन विस्फोट मामला** – अवंतिका गैस पाइपलाइन विस्फोट मामले में प्रशासन की कार्रवाई जारी है।

मुख्यमंत्री से श्रद्धालुओं की मांग, रक्तदान को प्रोत्साहन के साथ भक्तों को शीघ्र दर्शन का मिले लाभ

ओंकारेश्वर की तर्ज पर महाकाल में भी रक्तदाताओं को मिले प्राथमिकता से दर्शन

संदीप मेहता (दैनिक अवन्तिका)

उज्जैन। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा को जोड़ने वाली ओंकारेश्वर की पहल अब उज्जैन में भी लागू करने की मांग उठने लगी है। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की तर्ज पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिकता से दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। श्रद्धालुओं का कहना है कि इससे एक ओर रक्तदान को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर महाकाल दर्शन के लिए आने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

ओंकारेश्वर में रक्तदान और प्राथमिकता दर्शन को जोड़ने वाली पहल ने धार्मिक स्थलों पर सामाजिक सेवा को बढ़ावा देने की नई संभावना सामने रखी है। अब उज्जैन के श्रद्धालुओं की मांग है कि इसी मॉडल को महाकाल मंदिर में भी लागू किया जाए। यदि शासन और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति इस प्रस्ताव को स्वीकार करती है तो उज्जैन में इसे बड़े स्तर पर रक्तदान अभियान के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे महाकाल दर्शन के साथ 'रक्तदान–महादान' का संदेश भी देशभर में पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

ओंकारेश्वर में शुरू हुई पहल बनी चर्चा का विषय

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रक्तदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष पहल शुरू की गई है। इसके तहत मंदिर के पास बनाए गए रक्तदान केंद्र पर रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिकता/वीआईपी दर्शन की सुविधा दी जा रही है। रिपोर्टों के अनुसार इस पहल से प्रत्येक सप्ताह करीब 150 से 200 यूनिट रक्त एकत्र होने की जानकारी सामने आई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य धार्मिक आस्था को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ना है। श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने के साथ रक्तदान कर किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में योगदान दे सकते हैं और इसके बाद उन्हें दर्शन में प्राथमिकता मिलती है। रिपोर्टों में इसे रक्तदान को बढ़ावा देने वाली अनूठी पहल बताया गया है।

अब महाकाल की नगरी में उठी मांग

ओंकारेश्वर की इस व्यवस्था की जानकारी सामने आने के बाद महाकाल की नगरी उज्जैन में भी इसे लागू करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि उज्जैन देश-दुनिया से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां यदि रक्तदान और महाकाल दर्शन को एक सामाजिक अभियान के रूप में जोड़ा जाए तो बड़ी संख्या में लोग रक्तदान के लिए प्रेरित हो सकते हैं। श्रद्धालुओं की मांग है कि महाकाल मंदिर परिसर अथवा मंदिर समिति की ओर से निर्धारित किसी नजदीकी स्थान पर अधिकृत रक्तदान केंद्र की व्यवस्था की जाए। वहां रक्तदान करने वाले पात्र श्रद्धालुओं को निर्धारित नियमों के तहत प्राथमिकता दर्शन का पास उपलब्ध कराया जा सकता है।

रक्तदान के साथ दर्शन की सुविधा का दोहरा लाभ

श्रद्धालुओं का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि धार्मिक यात्रा के दौरान लोग सामाजिक सेवा से भी जुड़ेंगे। एक यूनिट रक्त कई बार जरूरतमंद मरीज के उपचार में उपयोगी साबित हो सकता है। वहीं रक्तदान करने वाले श्रद्धालु को प्राथमिकता दर्शन मिलने से उसे सेवा का प्रत्यक्ष प्रोत्साहन भी मिलेगा। इससे विशेष रूप से सावन, महाशिवरात्रि और अन्य बड़े पर्वों के दौरान रक्तदान अभियान चलाने में मदद मिल सकती है। महाकाल मंदिर में वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में यदि इस व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से लागू किया जाए तो रक्त संग्रह का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा सकता है।

वीआईपी दर्शन नहीं, 'सेवा के बदले प्राथमिकता' का मॉडल

श्रद्धालुओं का कहना है कि इस योजना को सामान्य वीआईपी संस्कृति से अलग रखा जाना चाहिए। इसका उद्देश्य पैसे या प्रभाव के आधार पर दर्शन की सुविधा देना नहीं, बल्कि रक्तदान जैसी जीवनदायी सामाजिक सेवा को प्रोत्साहित करना होना चाहिए। इसके लिए स्पष्ट नियम बनाए जा सकते हैं। केवल अधिकृत ब्लड बैंक अथवा स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में हुआ रक्तदान ही मान्य हो, रक्तदान करने वाले व्यक्ति की पात्रता की जांच हो और प्राथमिकता दर्शन का लाभ निर्धारित सीमा तक ही दिया जाए।

मुख्यमंत्री से जल्द निर्णय लेने की मांग

श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि ओंकारेश्वर में शुरू हुई इस पहल का अध्ययन कर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी इसी प्रकार की व्यवस्था लागू करने पर निर्णय लिया जाए। श्रद्धालुओं का कहना है कि 'एक तरफ रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाने में योगदान और दूसरी तरफ बाबा महाकाल के शीघ्र दर्शन'–यह धार्मिक आस्था और मानव सेवा का अनूठा संगम हो सकता है।

दर्शन व्यवस्था को लेकर चर्चा

महाकाल मंदिर में दर्शन व्यवस्था और प्रोटोकॉल को लेकर हाल के महीनों में चर्चा होती रही है। जून 2026 में मंदिर में प्रोटोकॉल दर्शन को लेकर विवाद भी सामने आया था और मंदिर समिति की ओर से प्रोटोकॉल दर्शन के आंकड़े सार्वजनिक किए गए थे। ऐसे में रक्तदाताओं के लिए अलग प्राथमिकता व्यवस्था लागू करने से पहले मंदिर समिति को स्पष्ट और पारदर्शी नियम बनाने होंगे, ताकि इसका लाभ वास्तविक रक्तदाताओं को मिले और सामान्य श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था भी प्रभावित न हो।

रक्तदान शिविरों के बावजूद मरीजों को समय पर रक्त नहीं मिल पाता

उज्जैन सहित प्रदेशभर में समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं और बड़ी संख्या में लोग रक्तदान भी करते हैं। इसके बावजूद जरूरत के समय मरीजों और उनके परिजनों को रक्त की व्यवस्था के लिए भटकना पड़ता है। खासकर दुर्लभ ब्लड ग्रुप, दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव तथा ऑपरेशन के दौरान अचानक बड़ी मात्रा में रक्त की आवश्यकता होने पर समस्या और बढ़ जाती है। दरअसल, रक्तदान शिविर में एकत्र किया गया प्रत्येक यूनिट रक्त हर मरीज के लिए उपयोगी नहीं होता। मरीज को उसकी जरूरत के अनुसार संबंधित ब्लड ग्रुप का रक्त या रक्त के अलग-अलग घटक, जैसे प्लेटलेट्स, प्लाज्मा आदि चाहिए होते हैं। ऐसे में केवल कुल रक्त संग्रह का आंकड़ा पर्याप्त नहीं है, बल्कि सभी प्रमुख ब्लड ग्रुप का संतुलित स्टॉक बनाए रखना भी जरूरी है।

महाकाल दर्शन के साथ 'रक्तदान–महादान' का संदेश

उज्जैन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यदि मंदिर समिति, स्वास्थ्य विभाग और अधिकृत ब्लड बैंकों के समन्वय से व्यवस्थित रक्तदान केंद्र बनाया जाए तो यहां आने वाले श्रद्धालुओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा सकता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें रक्तदान करने वाले पात्र व्यक्ति को प्राथमिकता दर्शन मिले, लेकिन इससे सामान्य श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था प्रभावित न हो। रक्तदान की पूरी प्रक्रिया अधिकृत ब्लड बैंक की निगरानी में हो और रक्तदाता की पात्रता तथा रक्त की जांच निर्धारित चिकित्सकीय नियमों के अनुसार की जाए। इस पहल से केवल एक-दो बड़े रक्तदान शिविरों पर निर्भर रहने के बजाय नियमित रक्तदाताओं का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा सकता है। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और महाकाल की नगरी से देशभर में 'रक्तदान–महादान' का संदेश भी जाएगा। श्रद्धालुओं की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग है कि ओंकारेश्वर में लागू पहल का अध्ययन कर उज्जैन में भी रक्तदान को प्राथमिकता दर्शन से जोड़ने की व्यवस्था जल्द लागू की जाए।

नियमित रक्तदाताओं का नेटवर्क बने तो कम हो सकती है परेशानी

विशेषज्ञों के अनुसार किसी एक बड़े शिविर के बजाय यदि नियमित रक्तदान की संस्कृति विकसित की जाए तो अस्पतालों में रक्त की उपलब्धता बेहतर बनाए रखी जा सकती है। इसके लिए नियमित रक्तदाताओं का डेटाबेस तैयार कर जरूरत के समय संबंधित ब्लड ग्रुप के दाताओं से संपर्क किया जा सकता है। इसी दृष्टि से ओंकारेश्वर की तर्ज पर महाकाल मंदिर में रक्तदान को दर्शन सुविधा से जोड़ने की मांग महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि रक्तदान करने वाले श्रद्धालुओं को निर्धारित नियमों के तहत प्राथमिकता दर्शन दिया जाए तो धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा को भी प्रोत्साहन मिल सकता है।

रहवासियों में आक्रोश, बोले- बारिश के मौसम में संक्रमण का खतरा, स्कूल और बुजुर्गों की मौजूदगी के बावजूद लापरवाही

खुले में खाली किया जा रहा सेप्टिक टैंक का मटेरियल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के इंदिरा नगर शाखा मैदान में सेप्टिक टैंक से निकला गंदा मटेरियल खुले में खाली किए जाने का मामला सामने आया है। बारिश के मौसम के बीच रहवासी क्षेत्र में इस तरह से सेप्टिक टैंक का अपशिष्ट खाली किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। रहवासियों का कहना है कि आसपास छोटे बच्चों के स्कूल होने के साथ ही बड़ी संख्या में बुजुर्ग और परिवार रहते हैं, ऐसे में खुले में गंदगी फैलाने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सेप्टिक टैंक का मटेरियल खुले मैदान में खाली किया जा रहा है। बारिश होने के कारण इसके बहने और आसपास फैलने की आशंका भी बनी हुई है। इससे दुर्गंध, गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ सकती है। रहवासियों का सवाल है कि लोग सेप्टिक टैंक इसलिए साफ करवाते हैं ताकि गंदगी और संभावित संक्रमण से बचा जा सके, लेकिन यदि निकला हुआ अपशिष्ट ही खुले रहवासी क्षेत्र में डाल दिया जाए तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता

रहवासियों ने बताया कि इंदिरा नगर शाखा मैदान के आसपास छोटे बच्चों के स्कूल भी हैं। इसके अलावा क्षेत्र में बुजुर्ग और परिवार रहते हैं। ऐसे में खुले में सेप्टिक टैंक का मटेरियल डाले जाने से दुर्गंध और गंदगी के साथ स्वास्थ्य संबंधी जोखिम की आशंका बनी हुई है। बारिश के दौरान अपशिष्ट पानी के साथ आसपास फैलने पर स्थिति और खराब हो सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार का अपशिष्ट डालना स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर तत्काल अपशिष्ट हटाया जाए और भविष्य में ऐसी सामग्री को निर्धारित एवं सुरक्षित स्थान पर ही निस्तारित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कर्मचारियों के रवैये से भी नाराजगी

रहवासियों का आरोप है कि जब उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम कर्मचारियों से खुले में मटेरियल खाली किए जाने को लेकर आपत्ति जताई तो कर्मचारियों की ओर से उन्हें अपने काम से काम रखने और हस्तक्षेप नहीं करने की बात कही गई। इस रवैये को लेकर भी क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या सामने आने पर सवाल उठाना उनका अधिकार है। उन्होंने नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच कराने और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग

रहवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि इंदिरा नगर शाखा मैदान में खुले में डाले गए सेप्टिक टैंक के मटेरियल को तत्काल हटाया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बारिश के मौसम में किसी रहवासी क्षेत्र, मैदान या स्कूल के आसपास इस प्रकार का अपशिष्ट खुले में न डाला जाए।

पेड़ सूखे तो सस्पेंड होंगे एसडीओ, सब इंजीनियर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

अब तक घटिया सड़क निर्माण के मामले में निलंबन और अन्य विभागीय सजा पाने वाले लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को अब सड़कों के किनारे लगाए गए पेड़ सूखने या उनकी देखभाल में कमी पर सस्पेंड किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने पेड़ सूखने के मामले में एसडीओ और सब इंजीनियर को सीधा जिम्मेदार मानने का फैसला किया है। लोक निर्माण विभाग ने अब इसके लिए प्रमुख अभियंता को इस तरह के मामलों में सख्ती करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार को लोक निर्माण विभाग मंत्रालय ने इसको लेकर जारी ताजा निर्देश में कहा है कि मार्गों के किनारे लगाए गए पौधों और पेड़ों के संरक्षण एवं रखरखाव में किसी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। पौधों के तनों के चारों ओर तय मानक के अनुसार 45 सेंटीमीटर तक मिट्टी, मुरम की व्यवस्था की जाए। निर्माण कार्यों और मार्गों के निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर इन निदेर्शों का समुचित पालन नहीं पाया गया। ऐसे ही एक मामले में भोपाल में एक सब इंजीनियर को सस्पेंड भी किया जा चुका है। मंत्रालय से जारी आदेश में सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता से कहा गया है कि अपने अधिकार क्षेत्र में इस मामले में सख्ती से कार्य कराएं और मॉनिटरिंग कराएं।

आरटीओ और यातायात पुलिस से हस्तक्षेप की मांग

सभी रूटों पर बसों की ओवरलोडिंग बनी परेशानी

क्षमता से अधिक सवारियों के कारण यात्रियों को करना पड़ रहा असुविधाजनक सफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर-उज्जैन मार्ग सहित उज्जैन पहुंचने वाले विभिन्न प्रमुख मार्गों पर संचालित प्राइवेट बसों में ओवरलोडिंग का मामला यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाए जाने के कारण कई बार यात्रियों को सीट नहीं मिलती और उन्हें खड़े होकर सफर करना पड़ता है। भीड़भाड़ की स्थिति में यात्रियों को एक-दूसरे से सटकर यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

यात्रियों का कहना है कि इंदौर-उज्जैन मार्ग पर दिनभर बड़ी संख्या में बसों का संचालन होता है। इसके अलावा देवास, नागदा, आगर, तराना, मक्सी और अन्य क्षेत्रों से उज्जैन आने-जाने वाली बसों में भी कई बार क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने की शिकायतें सामने आती हैं। बसों में सीटें भर जाने के बाद भी रास्ते में यात्रियों को बैठाया जाता है और कई बार खड़े यात्रियों के साथ सफर जारी रखा जाता है।

यात्रियों के अनुसार बस संचालक अधिक से अधिक यात्रियों को बैठाने के प्रयास में निर्धारित क्षमता का ध्यान नहीं रखते। बस की सभी सीटें भर जाने के बाद भी रास्ते में मिलने वाले यात्रियों को बस में बैठाया जाता है। इससे बस के अंदर अत्यधिक भीड़ हो जाती है। लंबे रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को इस स्थिति में काफी परेशानी होती है।

सुरक्षा को लेकर भी चिंता

ओवरलोडिंग केवल यात्रियों की सुविधा से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा से भी इसका सीधा संबंध है। क्षमता से अधिक सवारियां होने पर बस के अंदर आवाजाही मुश्किल हो जाती है। अचानक ब्रेक लगने या किसी आपात स्थिति में यात्रियों को बाहर निकलने में भी परेशानी हो सकती है। यात्रियों का कहना है कि सड़क पर चलने वाले वाहनों की नियमित जांच की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की है। यदि बसों में लगातार क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जा रही हैं तो समय-समय पर जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

आरटीओ और यातायात पुलिस से हस्तक्षेप की मांग

यात्रियों ने आरटीओ और यातायात पुलिस से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि इंदौर-उज्जैन मार्ग के साथ ही उज्जैन से जुड़े सभी प्रमुख रूटों पर प्राइवेट बसों की नियमित जांच की जाए। बसों की निर्धारित यात्री क्षमता की जांच करने के साथ ही ओवरलोडिंग पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

पहले ड्रेनेज, अब नर्मदा... एक ही सड़क की एक माह में दो बार की गई खुदाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वार्ड क्रमांक-4 की द्वारकाधीश कॉलोनी के दो नंबर गेट पर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। पिछले माह ड्रेनेज लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी। काम पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत कर दी गई, लेकिन अब नर्मदा जल कनेक्शन देने के लिए उसी सड़क को दोबारा खोद दिया गया है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि नर्मदा लाइन का कार्य पहले से प्रस्तावित था, तो ड्रेनेज लाइन के दौरान ही दोनों काम एक साथ किए जा सकते थे। एक ही सड़क को बार-बार खोदने से लोगों को आवाजाही में परेशानी के साथ सरकारी धन की भी बबार्दी हो रही है। रहवासियों ने नगर निगम से विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर विकास कार्य कराने की मांग की है।

न्यूज कालम

एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ

आलीराजपुर। आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय आलीराजपुर के प्रांगण में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव श्री बद्रीलाल भटोदरा जी एवं जिला सहसचिव श्रीमती जया गहलोत जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों के साथ मिलकर पौधों का रोपण किया गया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। विद्यालय के स्काउट प्रभारी शिक्षक श्री चन्द्रप्रकाश एवं गाइड कैप्टन श्रीमती कल्पना शर्मा ने स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों के साथ मिलकर पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं वृक्षारोपण कार्य संपादित किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री नृपेंद्र पटेल जी महोदय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं संपादन हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

भाजपा जिला ग्रामीण की सगंठनात्मक बैठक आयोजित हुई

टाण्डा। धार ग्रामीण जिला गंधवानी विधानसभा के टांडा मंडल की मासिक बैठक हुई। जिसमें संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई साथ ही आगामी कार्यक्रमो व संगठन की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार व जिला पंचायत अध्यक्ष सरदासिह मेडा, नगीन सोनी उपस्थित रहे। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी वरिष्ठ नेता पारस जैन, ग्रामीण जिला सह कार्यालय मंत्री प्रदीप गादीया, मंडल महामंत्री जडावसिंह मंडलोई, महामंत्री भुरू अनारे, जिला रिसर्च एंड सह पालिशी युवा मोर्चा इगेश मेहता, सुंदर सिंह चौहान ,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष किशन मेहडा, अ, ज, जा, मोर्चा मंडल अध्यक्ष रायसिंह बघेल, जनपद सदस्य करमसिंह मौरी, सरपंच मगन मेहता, पूर्व जनपद सदस्य तेरसिंग बघेल, रवि मंडलोई, उपाध्यक्ष रतन मोरी ,अवधेश सचान, अनुराग सचान, हर्षित कोठारी, उदन,राजू ,करमसिंह, गणपत, छगन अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

शहर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस हेतु पुलिस ने यातायात प्लान तैयार किया

आलीराजपुर। शहर मे आयोजित विश्व आदिवासी दिवस हेतु यातायात पुलिस व्दारा मार्ग व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यातायात प्लान तैयार किया है जो इस प्रकार है- आलीराजपुर विश्व आदिवासी दिवस के दिन थाना चांदपुर , आम्बुआ , नानपुर , उमराली से अलीराजपुर की ओर आने वाले बड़े वाहन (माल वाहक) प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक रोक दियें जायेंगे । आम्बुआ तरफ से आने वाले वाहन आम्बावाड़ी काजु विकास रोड़ में पार्क होंगे। चांदपुर तरफ से आने वाले वाहन पटाखा मैदान उमराली रोड़ में पार्क होंगे । सोरवा तरफ से आने वाले वाहन पटाखा मैदान उमराली रोड़ में पार्क होंगे । उमराली तरफ से आने वाले वाहन ॥क्क पेट्रोल पम्प के पास में पार्क होंगे नानपुर तरफ से आने वाले वाहन आम्बावाड़ी काजु विकास रोड़ में पार्क होंगे सेमलपाटी तरफ से आने वाले वाहन आम्बावाड़ी काजु विकास रोड़ में पार्क होंगे ।उक्त मार्गों पर यातायात पुलिस बल तैनात रहेगा साथ ही शहर के दाहोद नाका, सिनेमा चौराहा, बस स्टैण्ड, पोस्ट ऑफिस, कोर्ट तिराहा, राक्शा तिराहा, चर्च तिराहा पर भी यातायात बल तैनात रहकर आवागमन को सुचारु रुप से चलायमान रखेगा ।

उपसरपंच के जन्मदिन पर वार्डवासियों को मिली सीसी रोड की सौगात

बाग। नगर के बहुप्रतीक्षित सीसी रोड का निर्माण शुक्रवार को ग्राम पंचायत ने शुरू किया। ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मेंद्र बामनिया के कुशल नेतृत्व में वार्ड नं 09 के पंच व उपसरपंच रोहित झंवर के जन्मदिन अवसर ग्राम पंचायत ने नगरवासियों को यह सौगात दी। नवीन सीसी रोड खतरनाक मोड़ से लेकर वार्ड नं. 10, वार्ड 09, वार्ड 03, वार्ड 04 से होते हुए मेवाती मौहल्ले तक बनेगा। शुक्रवार शाम को सरपंच बामनिया एवं उपसरपंच झंवर ने वार्ड पंच अंकित झंवर, पंच श्याम अगाल, पंच दिनेश झंवर, सचिव इंद्रजीत मंडलोई सहित पंचायत कर्मियों के साथ पूजन कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। इस मौके पर ग्राम सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा नगर में लगातार नवीन सीसी रोड के साथ जर्जर सीसी रोडो पर नवनिर्माण कार्य किया जा रहा है। आगामी दिनों में भी पंचायत द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि नगर के सभी गली, मौहल्ले व वार्डो में शीघ्र नवीन निर्माण कार्य किए जाए।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत

सुंदरदेव में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करके उनकी समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में "मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। इस अभियान के तहत अधिकारियो के दल ने शुक्रवार को खालवा विकासखंड के ग्राम सुंदरदेव का किया।

ग्राम सुंदरदेव में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. डॉ. गौड़ा और पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के अलावा हरसूद के एसडीएम श्री रमेश खतेडिया, जनपद अध्यक्ष खालवा श्रीमती सोनताबाई एवं उपाध्यक्ष श्रीमती सतीबाई, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रमिला बाई और हिराईबाई, गांव के सरपंच श्री प्रवीण तथा सांसद प्रतिनिधि श्री रामचंद्र भाटी सहित

अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

प्रभारी कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए आज से यह नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत अब हर शुक्रवार को जिले के अधिकारी किसी एक गांव में

जाकर वहां के ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" के तहत जिस गांव में शिविर आयोजित होगा वहां के आसपास की पंचायतों में भी सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी और जनसुनवाई के तहत लंबित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। आज आयोजित शिविर में सामान्य प्रशासन विभाग के तहत जाति प्रमाण पत्र के संबंध में 113 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि राजस्व विभाग के तहत नामान्तरण संबंधी 60 आवेदन, पीएम किसान योजना से संबंधित 4 आवेदन, श्रम विभाग पी एम श्रमयोगी मानधन योजना से संबंधित कुल 344 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि महिला बाल विकास, विद्युत वितरण कंपनी एवं पशुपालन विभाग से संबंधित एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। सुंदरदेव में आयोजित आधार पंजीयन शिविर मे कुल 10 ग्रामीणों के आधार कार्ड भी बनाये गये। साथ ही शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को उपयोगी जानकारी दी गई।

प्रभारी कलेक्टर डॉ. नागार्जुन गौड़ा ने इस दौरान गांव के आरोग्य केन्द्र, प्राथमिक शाला, खाद गोदाम, उचित मूल्य की दुकान, आयुर्वेदिक अस्पताल, आगंनवाडी केन्द्र, सीनियर बालक छात्रावास, सीनियर कन्या छात्रावास, सीनियर बालक छात्रावास प्राचीन तथा सुन्दरदेव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सुंदरदेव का निरीक्षण किया । इसके अलावा उपसंचालक कृषि श्री नितेश यादव ने गांव की खाद, बीज उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय करने वाली दुकानों अशोक ट्रेडर्स, मेसर्स अमरजीत हरभजन किसान ट्रेडर्स का निरीक्षण किया।

घायलों के इलाज का बिल एक हफ्ते में भरे सरकार और नगर निगम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

इंदौर में 23 जून 2026 को अवैध बोरिंग के दौरान हुए भूमिगत गैस पाइपलाइन विस्फोट में झुलसे राहगीरों के इलाज का खर्च सरकार और नगर निगम इंदौर को 1 हफ्ते के भीतर देना होगा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 7 अगस्त 2026 को सुनवाई के दौरान दोनों को बराबर का जिम्मेदार मानते हुए यह आदेश जारी किए। हाईकोर्ट में 30 जून 2026 तक इंदौर में बोरिंग पर प्रतिबंध था। इसके बावजूद 23 जून को अवैध बोरिंग के दौरान गैस पाइपलाइन फट गई थी। हादसे में कम से कम 5 राहगीर झुलस गए थे। इनमें थर्ड डिग्री तक झुलसी जिनी झाला भी शामिल हैं। हाईकोर्ट के 24 जून 2026 के आदेश पर 25 जून को जिनी को एयर एंबुलेंस से इंदौर से अहमदाबाद के जाइडस हॉस्पिटल ले जाया गया था। 8 अगस्त तक भी उनका इलाज वहीं जारी है। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने अब तक हॉस्पिटल के बिलों का भुगतान नहीं किया है। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार और नगर निगम इंदौर को बराबर जिम्मेदार ठहराया है।

हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हासिल किया प्रथम स्थान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

नर्मदा सहोदया स्कूल्स क्लस्टर, खरगोन के तत्वावधान में आयोजित अंतरविद्यालयीन हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सांदीपनी एकेडमी की काव्या सप्तऋषि कक्षा 10वी ने पक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं निधि पंवार कक्षा 11वी ने विपक्ष में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दोनों विद्यार्थियों ने अपने प्रभाव शाली वक्तव्य, आत्म विश्वास, तार्किक क्षमता तथा सशक्त अभिव्यक्ति से निर्णायकों को प्रभावित किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है। इस सफलता में हिंदी विभाग के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय ने श्री महेश पाटीदार, श्रीमती अंतिमबाला पाटीदार एवं श्री कमल पाटीदार के मार्गदर्शन, परिश्रम एवं सहयोग की सराहना की।विद्यालय के चेयरमेन राजेश्वर पाटीदार, सारिका पाटीदार, प्राचार्य डॉ कमलेश सी. जोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल पाटीदार, उप-प्राचार्य संजय वर्मा एवं समस्त शिक्षकगण ने दोनों विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों की उपस्थिति शिक्षा पोर्टल 3.0 पर होगी दर्ज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

सरकारी स्कूलों में अब विद्यार्थियों की उपस्थिति का पूरा हिसाब सिर्फ रजिस्टर में नहीं रहेगा। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की रोज की हाजिरी अब "शिक्षा पोर्टल 3.0 पर ऑनलाइन दर्ज होगी। यानी अब विभाग सीधे देख सकेगा कि किस स्कूल में कितने बच्चे नियमित आ रहे हैं और कौन लगातार अनुपस्थित है।

लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को 28 जुलाई 2026 को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश पर लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह के डिजिटल हस्ताक्षर हैं।

क्या है नई व्यवस्था

नई व्यवस्था के तहत बुरहानपुर सहित प्रदेशभर के सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की उपस्थिति संस्था के लॉगिन के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

"शिक्षा पोर्टल 3.0" के "विद्यार्थी प्रबंधन" अनुभाग में "विद्यार्थी उपस्थिति" का विकल्प दिया गया है। इसमें पोर्टल पर दर्ज विद्यार्थियों की सूची प्रत्येक कक्षा के हिसाब से दिखाई देगी।

उपस्थिति दर्ज करने के लिए विभाग ने 3 श्रेणियां तय की हैं: उपस्थित - छात्र स्कूल आया है. अनुपस्थित - छात्र बिना सूचना के नहीं आया, अवकाश पर - विधिवत अवकाश लिया है, डिफॉल्ट "उपस्थित" दिखाएगा सिस्टम।

इस व्यवस्था की खास बात यह है कि सिस्टम अपने आप कक्षा के सभी विद्यार्थियों को "उपस्थित" दिखाएगा। शिक्षक को केवल उन्हीं विद्यार्थियों को चिह्नित करना होगा जो नहीं आए हैं या अवकाश पर हैं। उनके नाम के सामने "अनुपस्थित" या "अवकाश पर" चुनने के बाद ही डेटा सुरक्षित होगा। तभी उस कक्षा की उपस्थिति ऑनलाइन रिकॉर्ड मानी जाएगी। प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों की कक्षावार प्रविष्टि पूरी होने के बाद कक्षा शिक्षक संस्था लॉगिन से ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कर सकेंगे। पोर्टल पर यह सुविधा जल्द शुरू की जाएगी।

विभाग ने कहा है कि इसका उद्देश्य सिर्फ हाजिरी गिनना नहीं है। पोर्टल पर उपस्थिति का नियमित विश्लेषण होगा। जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति लगातार कम मिलेगी, उनके लिए स्कूल स्तर पर अतिरिक्त कक्षाएं और जरूरी शैक्षणिक मदद की योजना बनाई जाएगी। ताकि पढ़ाई से पिछड़ रहे बच्चों को वापस मुख्यधारा में लाया जा सके।

आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि लगातार स्कूल नहीं आने वाले विद्यार्थियों की पहचान होने पर उनके अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन और शिक्षक अभिभावकों से बात कर कारण जानेंगे और बच्चे की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रयास करेंगे।

अब तक लंबे समय तक अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थी सिर्फ रजिस्टर में दर्ज होते थे। अब उनकी लगातार अनुपस्थिति सीधे ऑनलाइन रिकॉर्ड में विभाग को भी दिखाई देगी।

हर घर तिरंगा अभियान को उत्साह के साथ मनाएं

खंडवा।, मध्यप्रदेश में "हर घर तिरंगा अभियान" 9 से 17 अगस्त तक जनसहभागिता से आयोजित किया जायेगा। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम एवं परिचर्चा जैसे आयोजन किए जाएंगे। शुक्रवार शाम को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस अभियान की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान निर्देश दिए कि हर घर तिरंगा अभियान को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाए, तथा इस दौरान तिरंगा वाहन रैली, तिरंगा प्रभात फेरी, सेल्फी विद तिरंगा जैसे आयोजन किए जाएं। खंडवा कलेक्ट्रेट के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, मांधाता विधायक श्री पटेल ने इस अवसर पर बताया कि मांधाता विधानसभा क्षेत्र के किल्लौद, ओंकारेश्वर, मूंदी, नर्मदा नगर एवं पुनासा में तिरंगा अभियान से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

एक पेड़ मां के नामः इंद्र टेकड़ी बेड़ियाव में किया वृहद पौधारोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

सांदीपनि विद्यालय टेमला की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएस एस) इकाई ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत इंद्र टेकड़ी बेड़ियाव में वृहद स्तर पर वृक्षा रोपण किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी संतोष जायसवाल ने बताया वृक्षारोपण कार्यक्रम में देवी अहिल्या विश्व विद्यालय इंदौर के कार्यक्रम समन्वयक प्रकाश गढ़वाल विशेष रूप से उपस्थित थे। उनके साथ जिला संगठक सुरेश अवासे, मोहिनी पाटीदार आदि मौजूद रहे।

सांदीपनि विद्यालय के स्वयं सेवक यश वर्मा, राम पाटीदार, शिवांशु, नितेश कानपुरे और स्थानीय निवासी मेहमूद ने भी इस महत्त्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।

मुख्य अतिथि श्री गढ़वाल ने कार्यक्रम के दौरान पूर्व में रोपित पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने पौधों को लह लहाता देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और सेवा संस्थान तथा एनएसएस इकाई टेमला के स्वयं सेवकों के प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना की। गढ़वाल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि समुदाय में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करते हैं।

1.25 से सीधे 2 प्रति किलोमीटर किराया वृद्धि अनुचित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा साधारण बसों का किराया 1.25 प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर सीधे 2 प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। लगभग 60 प्रतिशत की यह एकमुश्त वृद्धि आम यात्रियों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डालने वाली है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, जिला बड़वानी ने इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए सरकार से तत्काल पुनर्विचार की मांग की है। ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष बालकृष्ण सोनगरा, जिला सचिव यशवंत सुल्ताने एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश राठौड़ ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में इतनी अधिक किराया वृद्धि किसी भी दृष्टि से न्याय संगत नहीं है। विद्यार्थी, मजदूर, किसान, कर्मचारी, छोटे व्यापारी एवं प्रतिदिन बसों से आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों पर इसका सीधा आर्थिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि परिवहन विभाग किराया बढ़ाता है तो यात्रियों को भी उसी अनुपात में बेहतर सुविधाएँ मिलनी चाहिए। वर्तमान में बेड़वानी से इंदौर, खरगोन, खंडवा, कुक्षी, अंजड़ सहित अनेक मार्गों पर बसों की संख्या पर्याप्त नहीं है। कई स्थानों पर समय पर बसें उपलब्ध नहीं होतीं, यात्रियों को प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

धौलपुर ब्रांड 1.42 लाख का घी जब्त

नीमच,। आगामी त्योहारों के मध्य नजर खाद्य वस्तुओं पर जांच और परीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है द्य नियंत्रक,खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्य प्रदेश, भोपाल एवं कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशा नुसार खाद्य सुरक्षा एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने जरौली ट्रेड सेंटर, नीमच स्थित राजेश ट्रेडर्स का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धौलपुर फ्रेश दानेदार देशी घी के 900 एमएल, 450 एमएल एवं 180 एमएल पैक तथा धौलपुर फ्रेश देसी घी के 10 एमएल पैक के कुल चार नमूने लिये गये।

जन-विश्वास से जन कल्याण की नई राह

बुरहानपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और समस्याओं का समय पर निराकरण करने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान" की शुरूआत शुक्रवार को प्रदेशभर में हुई। बुरहानपुर जिले में अभियान का आगाज जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर रहा।

पश्चिमी रेलवे

निर्माण कार्य

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिमी रेलवे, चर्चगेट - 400 020 ई-निविदा संख्या: Dy.CE(C)CCG/348-R-EPC आमंत्रित करता है। कार्य का नाम: जोगेश्वरी (पूर्व) में प्रस्तावित टाइप II स्टाफ क्वार्टर - दो ऊँची इमारतें (ग्राउंड + 3 फ्लोर + 21 मंजिल) (240 फ्लैट) का निर्माण, हार्बर लाइन के गोरेगांव से बोरीवली स्टेशनों के बीच विस्तार के संबंध में (MUTP 3A)। नि:-निर्धारित निवेश मूल्य: ₹167,74,81,535/-। अनुमानित ₹ निवेश राशि: ₹3,35,49,600/-। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 01.12.2026 को 11:00 बजे। ई-निविदा खोलने की तिथि: 09.12.2026 को 16:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0460

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

पश्चिमी रेलवे

वार्षिक रखरखाव अनुबंध कार्य

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ), द्वितीय मंजिल, मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई- 400 008, ई-निविदा संख्या: MMCT-SnT-STTD-25-2026 दिनांक 04/08/2026 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम: मुंबई मंडल: 1) सभी बुकिंग खिड़कियों के सामने एलईडी आधारित डिजिटल डिस्प्ले की व्यवस्था। 2) प्रमुख स्टेशनों के लिए आउटडोर यात्री सूचना डिस्प्ले सिस्टम की व्यवस्था, साथ ही 1 वर्ष की वारंटी के बाद 6 वर्ष का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC)। ₹ कार्य की लागत: 14,93,48,893.06 रुपये। ₹ बोली सुरक्षा राशि: 29,87,000 रुपये। ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 25.08.2026, 15:00 बजे तक। ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 15:30 बजे। निविदा तिथि 25.08.2026 है। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 0456

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित बड़वानी दौरे को लेकर डीआईजी एवं एसपी ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 14 अगस्त 2026 को बड़वानी जिले के ग्राम तलुन, बोरलाय व बड़वानी में आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से आज डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सुश्री सिमाला प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड, वीआईपी आगमन एवं गमन मार्ग, पार्किंग स्थल, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा घेरा, प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा विश्राम स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की।

डीआईजी निमाड़ रेंज सुश्री सिमाला प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, नागरिक सुविधा एवं विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय से पूर्व अपने ड्यूटी प्वाइंट पर उपस्थित रहें तथा पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के साथ ही प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, पार्किंग एवं यातायात डायवर्शन प्लान को व्यवस्थित रूप से लागू करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन एवं कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी संभावित आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए कंटिजेंसी प्लान एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएँ पूर्व से तैयार रखी जाएँ। सभी सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का पूर्व परीक्षण कर कमियों को समय रहते दूर किया जाए।

पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को त्रुटिरहित एवं प्रभावी बनाए रखें। उन्होंने ड्यूटी प्वाइंटवार जिम्मेदारियां निर्धारित करने तथा प्रत्येक स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर, एसडीओपी बड़वानी श्री महेश सुनैया, डीएसपी अजाक श्रीमती निलेश्वरी डावर, डीएसपी/रक्षित निरीक्षक श्री चेतन बघेल, श्रीमती उषा सिसोदिया, यातायात प्रभारी श्रीमती रजनी भार्गव व पुलिस अधिकारी एवं उपस्थित रहे।

पश्चिम रेलवे — रतलाम मंडल

ई–निविदा सूचना

No. : EL/TRD/58/2026-27/17, Date : 07.08.2026

निविदा क्रमांक : EL/TRD/58/2026-27/17, **कार्य का नाम** : Dismantling of 03 nos of SP/SSP, 01 nos TSS equipment in RTM-NAD section and shifting of 01 no Traction Transformer, **अनुमानित लागत** : ₹ 24,88,382/-, **बयाना राशि** : ₹ 49,800/-, **समापन अवधि** : 06 Month, **निविदा दस्तावेज की राशि** : Nil, **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय** : 03.09.2026 at 15:00 hrs., **ऑफर की वैधता** : 60 days from the date of opening, **वेबसाइट** : www.ireps.gov.in, **नोटिस बोर्ड** : वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। ADM/8/1/196

Follow us on: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

वाणिज्य शाखा ई–नीलामी सूचना

ऑक्शन केटलॉग सं. : PnU-RTM-LMNR-RR, **अनुबंध का प्रकार** : Pay & Use, **लॉट नं.** : PnU-RTM-LMNR-WRL-55-26-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms), **अनुबंध की अवधि** : 05 वर्ष, **ई–नीलामी की तिथि** : 20.08.2026, **समय** : प्रातः 11:00 बजे । प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई–ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। ADM/4/1/195

Follow us on: twitter.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

बाइक बरामद की तो मिला लापता स्कूल संचालक

उज्जैन। स्वतंत्रता दिवस को लेकर जीआरपी द्वारा स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग में माल गोदाम के पास से पिछले 15 दिनों से खड़ी आपचे बाइक क्रमांक एमएच 36 एपी 0992 को जप्त किया गया। नम्बर के आधार पर बाइक मालिक का पता लगाने के प्रयास किये गये तो सामने आया कि बाइक सुदर्शन बारई निवासी कांद्री मोहाड़ी जिला भंडारा महाराष्ट्र के नाम पर रजिस्ट्रर्ड है। पुलिस ने संपर्क करने का प्रयास किया, परिजनों ने बताया कि बाइक सहित पिछले डेढ़ माह से लापता है, जिसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई है। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि परिजनों से गुमशुदगी के दस्तावेज और फोटो मंगवाये गये। इसी बीच शुक्रवार रात बाइक मालिक सुदर्शन बारई अपनी बाइक तलाशता हुआ जीआरपी थाने पहुंचा। पुलिस के पास उसका फोटो होने पर पहचान लिया और पूछताछ शुरू की तो उसने बताया कि परिजनों से नाराज होकर वह बाइक लेकर घर से निकल गया था। एक माह से धार्मिक स्थलों के दर्शन कर रहा था, 15 दिन पहले उज्जैन पहुंचा था। उसकी बाइक खराब हो गई थी, जिसके चलते रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी कर दी थी। बाइक संधारण में 26 सौ रूपये का खर्च आ रहा था, पैसे नहीं होने पर वह मजदूरी कर पैसे जमा कर रहा था और रात में स्टेशन परिसर में ही सोता था। डेढ़ माह से लापता युवक के मिलने पर परिजनों को सूचना दी गई। शनिवार सुबह उज्जैन पहुंचे परिजनों ने बताया कि सुदर्शन ने बीएड किया और कांद्री मोहाड़ी स्कूल भी संचालित करता है। उसके सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने जीआरपी का आभार माना, उनका कहना था कि पत्नी और पूरा परिवार डेढ़ माह से परेशान था, सुदर्शन लापता होने से पहले अपना मोबाइल भी घर छोड़ आया था। जिसके चलते महाराष्ट्र पुलिस को भी उसकी लोकेशन नहीं मिल रही थी।

बदमाशों ने मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 56 हजार

उज्जैन। साइबर फ्रॉड करने वाले बदमाशों द्वारा बिना ओटीपी, पिन मांगे लोगों के खाते से मोबाइल हैक कर रूपयों का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। ऐसा ही मामला दवा बनाने की कंपनी में काम करने वाले अलंकार पिता अशोकसिंह निवासी महालक्ष्मी नगर देवासरोड के साथ हुआ। उसने ऑनलाइन साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला नागझिरी थाना पुलिस के पास पहुंचा। अलंकार ने पुलिस को बताया कि उसका मोबाइल 6 अगस्त की दोपहर अचानक हैक हो गया था, मोबाइल की स्क्रीन पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। करीब 2 घंटे तक मोबाइल हैक रहा फिर अचानक चालू हुआ। कुछ देर बाद बैंक खाते से 56 हजार 644 रूपये का ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला। नागझिरी थाना पुलिस के अनुसार मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया गया है। खाते से हुये ट्रांजेक्शन को होल्ड करा दिया गया है। बैंक के माध्यम से जिस खाते में राशि गई है उसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

पत्नी ने लौटने से मना किया तो पति ने खाया जहर

उज्जैन। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम लिम्बा पिपलिया में रहने वाले संजय पिता मुकेश डागर 38 साल ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची। लेकिन हालत नाजुक होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। प्रधान आरक्षक ओमर्प्रकाश मालवीय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि संजय ड्रायवरी करता है और शराब पीने का आदी है। पत्नी उसकी आदतों और आये दिन की मारपीट से प्रताड़ित होकर बच्चों के साथ मायके महू चली गई है। संजय उसे लेने गया था, लेकिन उसने आने से इंकार कर दिया। संभवत: इसी के चलते उसने जहरीला पदार्थ खाया है। बताया यह भी जा रहा है कि संजय ने पूर्व में नशे की हालत में अपने और भाई के घर में आग भी लगा दी थी।

हफ्ता देने से मना किया तो भाईयों को मारे चाकू

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम चक भीतरी में रहने वाले 2 भाई लखन पिता चंदरसिंह चावड़ा 27 साल और जीवन चावड़ा 22 साल काल भैरव मंदिर के बाहर पानी की बोतल बेचने का काम करते है। बीती शाम दोनों भाईयों से क्षेत्र में रहने वाले 3 बदमाशों संदीप, अनिल और बंटी ने मंदिर के आसपास पानी बेचने पर प्रतिदिन हफ्ता देने की बात कही। दोनों भाईयों ने पैसे देने से मना किया तो बदमाशों ने लखन को चाकू मार दिये और जीवन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने तीनों बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली, चाकू मारने और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। तीनों बदमाश की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

दिन मेन बाजार कल्याण नाइट	349-6		188-7
मिलन डे	130-4		179-7
मिलन नाइट	140-5		248-4
मधुर डे	136-0		235-0
मधुर नाइट	770-4		260-8
शुभांक	4	8	3

मोहननगर में सात दिनों से सूने मकान में चोरी की वारदात....

परिवार गया था पैतृक गांव, चोरों ने तोड़ा घर का ताला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में चोरी की वारदातों का ग्राफ फिर से बढ़ता दिखाई देने लगा है। शनिवार को मोहननगर में सात दिनों से सूने मकान में हुई चोरी का मामला पुलिस ने दर्ज कर जांच में लिया है। परिवार पैतृक गांव गया था, लौटने पर वारदात का पता चला।

पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे पुष्पेन्द्र पिता इंदरसिंह राठौर का मकान मोहननगर में सरकारी स्कूल के पास बना हुआ है। 31 जुलाई को पत्नी ज्योति के साथ पैतृक गांव धानियाखेडी बदनवार कृषि कार्य के लिये गया था, 6 अगस्त को वापस लौटा और पोर्च का ताला खोलकर अंदर पहुंचा। मकान के गेट की कुंडी टूटी हुई थी। उसने दरवाजा खोला तो सामान अस्त-व्यस्त पडा था, अलमारी खुली थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, डायल 112 मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि चोरों ने 15 से 20 हजार रूपयों से भरा गुल्लक, 3 किलो चांदी के आभूषण चोरी किये है। 7 अगस्त को पुलिस फिगंर प्रिंट टीम के साथ पहुंची, लेकिन साक्ष्य सामने नहीं आ पाये। पुष्पेन्द्र ने बताया कि बदमाश करीब 5 से 6 लाख का सामान चुराकर ले गये है। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। मोहननगर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। मकान सात दिनों से सूना था, फुटेज देखने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा।

2 अगस्त को नानाखेडा थाना क्षेत्र के कृष्णा परिसर में ममता सोनी के मकान में चोरी की वारदात सामने आई थी। ममता बच्चों के साथ जयपुर गई थी, चारों ने ताला तोडकर 40 ग्राम सोने और 500 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर लिये थे। चारों ने आसपास के 2 अन्य मकानों के ताले भी तोडे थे। वारदात सामने आने के बाद पुलिस ने कैमरों के फुटेज खंगाले थे। जिसमें चार बदमाश दिखाई दिये थे। यहीं नहीं चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में मंगलवार सुबह एलआईसी एजेंट अनिता पति श्रीजी के मकान का ताला भी टूटा मिला था। बदमाशों का यहां कुछ नहीं मिला था, सिर्फ जरूरी दस्तावेज गायब मिले थे।

चोरी हो चुके है 1 करोड़ के मोबाइल

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में 10-11 जुलाई की रात कार से आये चार बदमाशों ने 2 मोबाइल दुकानों का शटर उचकाया था और 1 करोड के मोबाइल चोरी कर लिये थे। पुलिस ने बदमाशों की कार ट्रेस करने का प्रयास किया था लेकिन नम्बर फर्जी होना पाया गया था। 13 जुलाई को नानाखेडा और नीलगंगा क्षेत्र से पटवारी और श्रद्धालु की कार बदमाशों ने चुरा ली थी। यहीं नहीं जून माह में बदमाशों ने दशहरा मैदान स्थित महेश्वरी एजेंसी से लाखों की सिगरेट चोरी कर ली थी। लगातार हो रही चोरी की वारदात में पुलिस के हाथ अब तक बदमाशों तक नहीं पहुंचे है।

चोरी के बाद जंगल में छुपा दिये थे बिजली के तार

गिरफ्त में 3 आरोपी, फरार साथियों की तलाश

उज्जैन। ट्रांसपोर्ट नगर में रात के समय 200 मीटर एल्युमिनियम 33 केवी. बिजली के तार चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तार चोरी करने के बाद जंगल में छुपाकर रखे गये थे, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। तीनों आरोपियों के 2 साथी फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि महिदपुर एमपीईबी के जूनियर इंजीनियर अजय कुमार राही ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात के अंधेरे में कुछ बदमाश ट्रांसपोर्ट नगर से 33 केवी. एल्युमिनियम के तार करीब 200 मीटर चुराकर ले गये है, जिसकी कीमत 90 हजार के लगभग है। मामले में धारा 303(3) बीएनएस और धारा 3(2)(क) सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया था। बदमाशों की तलाश के दौरान चोरी में विनोद पिता लालूजी 30 साल, जितेन्द्र पिता रमेश 30 साल निवासी टांडा महिदपुर और समीर पिता मोहम्मद गनी 26 साल निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर के शामिल होने पर उन्हे गिरफ्तार किया गया। तीनों से पूछताछ में उन्होने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर जंगल में छुपाकर रखे एल्युमिनियम के तार बरामद कर लिये। थाना प्रभारी के अनुसार इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वारदात में किस वाहन का उपयोग किया गया है। आरोपियों में शामिल समीर किराये की आटो चलाने का काम करता है, संभवत- आटो का उपयोग चोरी में किये जाने जानकारी जुटाई जा रही है। शनिवार दोपहर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर जेल भेजा गया है। तीनों के फरार 2 साथियों के नाम भी सामने आये है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। मामले का खुलासा और आरोपियो को गिरफ्तार करने में एसआई सुखसेन अरियाम, एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक नारायणसिंह, आरक्षक लेखराज, राघव, मोसीम और टीम का सहयोग रहा।

गाड़ी-बच्चा लेकर भाग रहा युवक को पुलिस से पकड़ाया

उज्जैन। दिनदहाडे बच्चा और एक्टिवा चुराकर भाग रहे युवक को लोगों की मदद से पीछा कर यातायात एसआई ने पकड लिया। युवक को महाकाल थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जहां युवक से पूछताछ की जा रही है।

यातायात एसआई लखन गौड ने बताया कि शनिवार दोपहर शंकराचार्य चौराहा पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। तभी खबर मिली कि युवक बच्चा और एक्टिवा लेकर भाग रहा है। उन्होने युवक को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं रूका, जिसे पकडने के लिये लोगों की मदद से पीछा शुरू किया और मुल्लापुरा क्षेत्र में उसे घेराबंदी कर पकड लिया गया। 7-8 वर्षीय बालक प्रिंस पिता अजय माली को छुडाया गया और एक्टिवा जप्त की गई। बालक के पिता भी पीछा करते हुये मुल्लापुरा तक आ गये थे। उन्होने बताया कि कार्तिक मेला ग्राउंड के पास माली कैफे संचालित करते है। दोपहर में कैफे पर पुत्र के साथ आये थे। एक्टिवा में चाबी लगी थी और पुत्र बैठा था। बताया यह भी जा रहा था कि एक्टिवा और बच्चा चुराकर भागने वाले ने चाय भी मांगी थी। एसआई गौड के अनुसार पकडे गये युवक से पूछताछ में उसका नाम सोनू चौधरी पता चला, वह हरसिद्धी मंदिर के पास फूल-प्रसाद की दुकान पर काम करता है। युवक को महाकाल थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। मामले में थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में युवक मानसिक रूप से कमजोर दिखाई दे रहा है। देर शाम तक मामले की शिकायत दर्ज कराने बच्चे के पिता थाने नहीं आये थे। उन्हे मौके पर बच्चा और गाडी मिल गई थी। बावजूद युवक से पूछताछ कर उसके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

आज मनेगा युवा कांग्रेस का 66वां स्थापना दिवस

उज्जैन। भारतीय युवा कांग्रेस का 66वां स्थापना दिवस आज 9 अगस्त को सुबह 10:30 बजे शहर कांग्रेस कार्यालय में मनाया जाएगा। इस समारोह में मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोहर बैरागी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष व तराना विधायक महेश परमार की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, विधायक दिनेश जैन और कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई सहित पार्टी के सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों और कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। कार्यकर्ताओं से तय समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

पेंट चोरी के बाद टावेल में थाने पहुंचा श्रद्धालु

उज्जैन। रामघाट पर शनिवार सुबह महाराष्ट्र के श्रद्धालु की पेंट चोरी हो गई। वह टावेल लपेटकर शिकायत दर्ज कराने महाकाल थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया और बदमाश का पता लगाने की बात कहीं।

संभाजीनगर महाराष्ट्र से परिवार के 11 सदस्य धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आये थे। परिवार के सभी सदस्य सुबह रामघाट क्षिप्रा स्नान के लिये पहुंचे। परिवार में शामिल नारायण पिता मधुकर ने अपने कपडे निकालने के बाद पुत्र समर्थ को दिये। पुत्र घाट पर ही पिता के कपडे पास में रखकर बैठ गया। पिता आस्था की डूबकी लगाने चले गये। वापस आने पर पेंट गायब थी, पुत्र से पूछा तो वह कुछ बता नहीं पाया, उसका कहना था कि एक व्यक्ति मंदिर का पता पूछा रहा था उससे बात करने के दौरान ही पेंट गायब हुई है। श्रद्धालु नारायण ने टावेल लपेटने के बाद लोगों से पुलिस थाना संबंधित जानकारी ली और महाकाल थाने पहुंचे। जहां उन्होने बताया कि पेंट में मोबाइल, 4 हजार रूपये नगद और परिवार के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज रखे थे। पुलिस ने शिकायती आवेदन पर मामला जांच में लिया है। रामघाट पर श्रद्धालुओं के साथ पूर्व में भी कपडे, बेग चोरी के मामले सामने आ चुके है, लेकिन कुछ मामलों में ही बदमाशों का पकडा गया है, अधिकांश मामले में श्रद्धालुओं का बेरंग ही लौटना पडता है। श्रद्धालुओं के साथ मोक्षदायिनी क्षिप्रा के घाटों पर होने वाली वारदात पुलिस के लिये चुनौती बनी हुई है।

चक्रतीर्थ पर आकार ले रहा 45 फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र

उज्जैन। चक्रतीर्थ पर नगर निगम द्वारा करीब 70 लाख रुपए की लागत से 45 फीट ऊंचे सुदर्शन चक्र का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद यह चक्रतीर्थ का प्रमुख आकर्षण बनेगा। वर्तमान में सुदर्शन चक्र का निर्माण कार्य जारी है और इसे निर्धारित समयावधि में पूरा करने की तैयारी की जा रही है।

शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने चक्रतीर्थ पहुंचकर सुदर्शन चक्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि तय समय सीमा में काम पूरा किया जा सके। महापौर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर भी ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। 45 फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र निर्माण पूरा होने के बाद चक्रतीर्थ परिसर में दूर से दिखाई देने वाला प्रमुख आकर्षण होगा। नगर निगम द्वारा इसे धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद यह विशेष आकर्षण का केंद्र बन सकता है। महापौर मुकेश टटवाल ने शनिवार को आवाहन अखाड़े पहुंचकर पीठाधीश्वर से भेंट की और उनका स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान चर्चा में सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों को लेकर शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। महापौर ने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सिंहस्थ महापर्व 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। चक्रतीर्थ पर सुदर्शन चक्र का निर्माण भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल है।

दूसरी सवारी में पालकी को सुरक्षित रखने की रिहर्सल

उज्जैन। सावन माह में सोमवार को दूसरी बार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेगें। इससे पहले बाबा की पालकी को सुरक्षित रखने की रिहर्सल शनिवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर की गई। रिहर्सल का लाइव सवारी का रूप दिया गया था।

12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में सावन-भादौ महोत्सव का काफी महत्व है। बाबा महाकाल प्रत्येक सोमवार भक्तों का दर्शन देने के लिये नगर भ्रमण करते है। 10 अगस्त सोमवार को बाबा महाकाल की दूसरी सवारी निकाली जायेगी। इस दौरान महाकाल की पालकी की सुरक्षा को लेकर रस्सा पार्टी ने लाइव रिहर्सल की, जिसमें पुलिसकर्मियों को ही श्रद्धालुओं की भी? बनाकर रस्सा घेरा तोडकर अंदर घुसने की कोशिश कराई गई। दूसरी ओर पुलिस जवानों ने मोर्चा संभालते हुए पालकी के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाए रखा। अभ्यास में भीड अचानक बडने, दबाव बनने, लोगों के रस्सा घेरे में घुसने और पालकी के आसपास भीड जमा होने जैसी परिस्थितियां बनाई गई। पुलिसकर्मियों ने इन हालात में भीड को रोकने, दबाव को अलग-अलग हिस्सों में बांटने और पालकी को सुरक्षित आगे निकालने का अभ्यास किया।

दूसरी सवारी के दौरान पालकी की सुरक्षा को लेकर किये गये अभ्यास में सामने आया कि सुरक्षा को लेकर तीन लेयर का घेरा होगा। जिसमें रस्सा पार्टी के साथ बाहरी लेयर में अपूर्वा जिम के वॉलंटियर्स का सहयोग लिया जायेगा। पालकी के आगे क्लीयरेंस पार्टी तैनात रही, जबकि दोनों तरफ और पीछे भी पुलिसकर्मियों को निर्धारित पोजिशन पर लगाया जायेगा। ताकि भीड को पूरी तरह से नियंत्रण में रखा जा सके। रिहर्सल के दौरान सामान्य भीड ही नहीं अचानक बडने वाली भीड के दबाव को कम करने का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों की स्थिति, आपसी दूरी, रस्से की पक? और एक-दूसरे के तालमेल को परखा गया। जरूरत पडने पर बाहरी लेयर से अतिरिक्त बल मुख्य रस्सा पार्टी तक कैसे पहुंचेगा, इसका भी अभ्यास हुआ।

रिहर्सल को ड्रोन कैमरे में किया कैद- परेड ग्राउंड पर की गई रिहर्सल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के साथ ड्रोन से रिकॉर्डिंग कराई गई। इससे पुलिस अधिकारी ऊपर से पूरी सुरक्षा व्यवस्था, जवानों की मूवमेंट और लेयरिंग का आकंलन करेंगे। रिहर्सल के बाद एएसपी शहरआलोक शर्मा ने रस्सा पार्टी के जवानों को ब्रीफ किया। उन्हें सवारी के दौरान पालकी की सुरक्षा, भीड नियंत्रण, निर्धारित पोजिशन नहीं छोडने और किसी भी आकस्मिक स्थिति में बिना घबराए तत्काल समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

एलईडी पर हुआ राहुल गांधी के छात्र संवाद का सीधा प्रसारण

उज्जैन। भारतीय युवा कांग्रेस के देशव्यापी छात्रों की गूंज अभियान के तहत शनिवार शाम महानंदा नगर में राहुल गांधी के छात्र संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में छात्रों के साथ हुए राहुल गांधी के इस संवाद को उज्जैन में विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से छात्रों और आम जनता को दिखाया गया। यह आयोजन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में युवा कांग्रेस की जिला, विधानसभा और ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और शहर के छात्र मौजूद रहे।

एकाग्रता के दुश्मन

अतिचेतन भूमि पर जाने का एकमात्र उपाय है- एकाग्रता। हमने देखा है कि पूर्व संस्कार एकाग्रता पाने में हमारे प्रतिबंधक हैं। तुम सभी ने गौर किया होगा कि ज्योंही तुम सब अपने मन को एकाग्र करने का प्रयत्न करते हो, त्योंही तुम्हारे अंदर नाना प्रकार के विचार भटकने लगते हैं। ज्योंही तुम ईश्वर-चिंतन की चेष्टा करते हो, ठीक उसी समय ये संस्कार जाग उठते हैं। दूसरे समय में वे उतने कार्यशील नहीं रहते; किंतु ज्योंही तुम उन्हें भगाने की कोशिश करते हो, त्योंही वे आ जाते हैं और तुम्हारे मन को आच्छादित करने का भरसक प्रयत्न करते हैं। आखिर इसका कारण क्या है? इस एकाग्रता के अभ्यास के समय ही वे इतने प्रबल क्यों हो उठते हैं?

इसका कारण यही है कि तुम उनको दबाने की चेष्टा कर रहे हो और वे अपने पूरे बल से प्रतिक्रिया करते हैं। अन्य समय वे इस प्रकार अपनी ताकत नहीं लगाते। इन पूर्व संस्कारों की संख्या भी अगणित है। चित्त के किसी स्थान में वे चुपचाप बैठे रहते हैं और बाघ के समान झपटकर आक्रमण करने के लिए मानो हमेशा घात में रहते हैं! उन सबको रोकना होगा, ताकि हम जिस भाव को मन में रखना चाहें, वही आए और दूसरे सब भाव चले जाएं। ऐसा न होकर वे सब तो उसी समय आने के लिए संघर्ष करते हैं।

मन की एकाग्रता में बाधा डालने वाली ये ही संस्कारों की विविध शक्तियां हैं। अतएव समाधि की बात कही गई। समाधि का अभ्यास सबसे उत्तम है; क्योंकि वह उन संस्कारों को रोकने में समर्थ है। इस समाधि के अभ्यास से जो संस्कार उत्पन्न होगा, वह इतना शक्तिमान होगा कि वह अन्य सभी संस्कारों का कार्य रोककर उनको वशीभूत करके रखेगा।

सम्पादकीय

पेपर लीक का सच

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ज्यादा समय लिए बगैर आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। सीबीआई ने साफ कर दिया कि यह लीक अचानक नहीं हुई, इसके लिए आरोपियों ने बहुत सोच-समझकर साजिश रची थी। गहरी साजिश के तहत परीक्षा लेने वाली एजेंसी एनटीए में सेंधमारी की गई थी और तीन विशेषज्ञों को साजिश में शामिल कर लिया गया था। अब तो नाम ही सामने आ गए हैं कि रसायन विज्ञान के लिए पीवी कुलकर्णी, भौतिक विज्ञान के लिए मनीषा संजय हवलदार और वनस्पति विज्ञान व प्राणी विज्ञान के लिए मनीषा गुरुनाथ मंधारे को साजिशकताओं ने अपने साथ मिला लिया था। दिल्ली की एक अदालत में दाखिल किए गए करीब 20,000 पन्नों के आरोपपत्र में आरोपियों का पूरा कच्चा-चिट्ठा खोल दिया गया है। अब विशेष रूप से गठित फास्ट ट्रैक अदालत से यह उम्मीद की जाएगी कि वह आरोपपत्र पर पूरी गति से काम करे। यथोचित सुनवाई हो और दोषियों को ऐसे दंडित किया जाए कि मिसाल बन जाए।

पेपर लीक के मामले पूरे देश में सामने आए हैं और जिनसे देश की शिक्षा पर दाग लगे हैं। इतना बड़ा आंदोलन हुआ है और देश के शिक्षा मंत्री को भी इस्तीफा देना पड़ा है। नीट-यूजी परीक्षा से खिलवाड़ करने वालों ने केवल छात्रों को ही नहीं, बल्कि देश को भी धोखा दिया है। कोई संदेह नहीं कि परीक्षा से जुड़े लोगों पर कड़ी निगरानी की जरूरत है, उनके प्रति किसी भी स्तर पर नरमी बरतना ठीक नहीं है। इस पेपर लीक मामले में जांच से पता चला है कि आरोपी विशेषज्ञों को अनुवाद/पुनः अनुवाद प्रक्रिया के दौरान रफ वर्क के लिए गोपनीय अनुभाग के अंदर ही सादे कागज उपलब्ध कराए गए थे। प्रमुख आरोपी पीवी कुलकर्णी ने इन कागजों का इस्तेमाल छोटी-छोटी पर्चियों पर रसायन विज्ञान के 135 प्रश्नों और उनके उत्तरों को संक्षेप में लिखने के लिए किया। इतना ही नहीं, गोपनीय अनुभाग से यह आरोपी अपने लिखे हुए कागज के साथ आसानी से बाहर भी आ गया। इससे पता चलता है, एनटीए से जुड़े विशेषज्ञों पर कड़ाई की पूरी व्यवस्था नहीं थी। अगर संभव हो, तो अब परीक्षा होने तक ऐसे विशेषज्ञों को गोपनीय अनुभाग से बाहर नहीं आने देना चाहिए। उनके रहने, काम करने की पूरी व्यवस्था अलग से सुनिश्चित होनी चाहिए।

संदर्भ -अमेरिकी सांसद राइली मूर का बयान

धर्मांतरण पर रोक के लिए एफसीआरए पर अंकुश जरूरी

विदेशी अंशदान विनिमय अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक में बाधा विपक्ष के साथ विदेशी ताकतें भी बन रही हैं। अमेरिकी सांसद राइली मूर ने इस संशोधन पर आपत्ति उठाते हुए कहा है कि भारत गैर-सरकारी संगठनों ट्रस्टों शैक्षिणक संस्थानों और धार्मिक संगठनों को विदेश से मिलने वाले चंदे से संबंधित कानूनों में प्रस्तावित संशोधनों पर चिंता जताई है, उन्होंने यहां तक कह दिया कि इस पहल से भारत और अमेरिका के बीच बने चले आ रहे द्विपक्षीय संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। मूर ने ऐसा इसलिए कहा है, क्योंकि अमेरिका के अलावा अन्य यूरोपीय देश भी भारत में एनजीओ के माध्यम से ईसाईकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। इस्लामिक देशों से मतांतरण के लिए आ रहा धन आतंकी साजिशों में भी इस्तेमाल किया जा रहा है। अतएव राष्ट्रहित के लिए इस विधेयक में संशोधन आवश्यक है।

प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

केंद्र सरकार ने विदेशी चंदा नियमन कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले करीब 20,000 स्वयंसेवी संगठनों को अयोग्य करार देते हुए इनके लाइसेंस पहले ही खरिज कर दिए हैं। यह कार्यवाही तब की गई थी, जब इनके बही-खातों की जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गईं थीं। इससे साफ होता है कि सेवा के बहाने ये एनजीओ गोरखधंधे में लगे हुए थे। इनके इतर गृह मंत्रालय ने 13000 संगठनों को विदेशी चंदा लेने के योग्य ठहराया हुआ है। इस कार्यवाही से यह सवाल खड़ा होता है कि आखिरकार देश में इतने गैरसरकारी संगठन क्यों हैं और इनके बने रहने का औचित्य क्या है ? इन संगठनों के विधान में यह मूल भावना निहित रहती है कि ये संगठन लोगों में जागरुकता लाकर उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव के वाहक बनेंगे, लेकिन इस उद्देष्य से भटकर अपवादस्वरूप कुछ एनजीओ को छोड़ दें तो ज्यादातर एनजीओ देशी व विदेशी अनुदान पाकर निजी हित साधने और मतांतरण जैसे गोरखधंधे में लगे हैं।

जिन एनजीओ को फॉरेन कांट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (एफसीआरए) के तहत चंदा मिलता है, वे अनाथालय, शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता अभियान चलाने के लिए विदेशों से बेहिसाब चंदा लेते हैं, किंतु इस्लाम व ईसाई धर्म से जुड़े एनजीओ धर्मांतरण में लगे हैं। आधुनिक अथवा नवीन स्वयंसेवी संगठनों को सरकार की जटिल शासन प्रणाली के ठोस विकल्प के रूप में देखा गया था। उनसे उम्मीद थी कि वे एक उदार और सरल कार्यप्रणाली के रूप में सामने आएंगे। चूंकि सरकार के पास ऐसी कोई जादू की छड़ी नहीं होती कि वह हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान कर सके। इस परिप्रेक्ष्य में विकास संबंधी कार्यक्रमों में आम लोगों की सहभागिता की अपेक्षा की जाने लगी और उनके स्थानीयता से जुड़े महत्व व ज्ञान परंपरा को भी स्वीकारा जाने लगा। वैसे भी सरकार और संगठन दोनों के लक्ष्य मानव के सामुदायिक सरोकारों से जुड़े हैं। समावेशी विकास की अवधारणा भी खासतौर से स्वैच्छिक संगठनों के मूल में अंतर्निहित है। बावजूद प्रशासनिक तंत्र की भूमिका कायदे-कानूनों की संहिताओं से बंधी है। लिहाजा उनके लिए मयार्दा का उल्लंघन आसान नहीं होता। जबकि स्वैच्छिक संगठन किसी आचार संहिता के पालन की बाध्यता से स्वतंत्र हैं। इसलिए वे धर्म और सामाजिक कार्यों के अलावा समाज के भीतर मथ रहे उन ज्वलंत मुद्दों को भी हवा देने लग जाते हैं, जो उज्जवल भविष्य की संभावनाओं और तथाकथित परियोजनाओं के संभावित खतरों से जुड़े होते हैं।

एफसीआरए कनून बनने से पहले गैर सरकारी संगठनों का जो मौजूदा स्वरूप था, वह देशी अथवा विदेशी सहायता नियम अधिनियम के चलते राजनीति से जुड़े दल विदेशी आर्थिक मदद नहीं ले सकते थे। लेकिन स्वैच्छिक संगठनों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं था। इसलिए खासतौर से पश्चिमी व इस्लामिक देश अपने प्रच्छन्न मंसूबे साधने के लिए उदारता से भारतीय एनजीओ को अनुदान देने में लगे हैं। आठवें दशक में इन संगठनों को समर्थ व आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का काम काउंसिल फॉर एडवांसमेंट ऑफ पीपुल्स एक्शन (कपार्ट) ने भी किया। अपने मूल उद्देष्य से भटके इनमें से ज्यादातर एनजीओ अब सर्वोच्च व उच्च न्यायालयों में पर्यावरण तथा सामाजिक विसंगतियों से जुड़े मुद्दों की जनहित याचिकाएं लगाकर अपना अस्तित्व बचाए हुए हैं। कई एनजीओ आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद न केवल उनकी जमानत का इंतजाम करते हैं, बल्कि उनके मुकदमें लड़ने के लिए कई-कई बड़े वकील भी खड़े करके शीर्ष न्यायालय का दरवाजा भी आदि रात को खुलवा लेते हैं।

भूमण्डलीय परिप्रेक्ष्य में नव उदारवादी नीतियां लागू होने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आगमन का सिलसिला परवान चढ़ने के बाद तो जैसे एनजीओ के दोनों हाथों में लड्डू आ गए थे। देखते-देखते दो दशक के भीतर ये संगठन सरकार के समानांतर एक बड़ी ताकत के रूप में खड़े हो गए। बल्कि विदेशी धन और संरक्षण मिलने के कारण ये न केवल सरकार के लिए चुनौती साबित हुए, अलबत्ता आंख दिखाने का काम भी करने लगे। आतंकवादियों और धर्मांतरण में लगे एनजीओ ऐसा ही कर रहे हैं। तथाकथित धर्मनिरपेक्ष वामपंथी बौद्धिक भी लालच में आकर इनकी पैरवी में खड़े हो जाते हैं। यही काम अब राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस कर रही है। गोया, इनकी यह पैरवी मतांतरण को प्रोत्साहित करती है।

भारत में स्वैच्छिक भाव से दीन-हीन मानवों की सेवा एक सनातन परंपरा रही है। वैसे भी परोपकार और जरूरतमंदों की सहायता भारतीय दर्शन और संस्कृति का अविभाज्य हिस्सा है। पाप और पुण्य के प्रतिफलों को भी इन्हीं सेवा कार्यों से जोड़कर आज भी देखा जाता है। किंतु वर्तमान गैर सरकारी स्वैच्छिक संगठनों को देशी-विदेशी धन के दान ने इनकी आर्थिक निर्भरता को दूशित तो किया ही है, इनकी कार्यप्रणाली को भी अपारदर्शी व भारत विरोधी तक बना दिया है। इसलिए ये विकारग्रस्त तो हुए ही अपने बुनियादी उद्देश्यों से भी भटक गए। इस लिहाज से जो धार्मिक व सांस्कृतिक संगठन हैं, उनकी गतिविधियों पर यह नजर रखने की जरूरत है कि वे बहरूपिया बनकर धर्मांतरण को बढ़ावा तो नहीं दे रहे ? अतएव नए संशोधनों के जरिए विदेशी धन में पारदार्शिता लाना राश्ट्रीय सुरक्षा को सुरक्षित करने के साथ यह भी सुनिष्चित करना है कि चंदे में मिले विदेशी धन का उपयोग मतांतरण के लिए तो नहीं हो रहा है। क्योंकि लंबे समय से चले आ रहे इस मतांतरण ने भारत के अनेक राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व में बड़ी विसंगति पैदा कर दी है।

राजनीतिक विरोधी भी परस्पर रचनात्मक सहयोगी बने

राजनेताओं द्वारा आरोप-प्रत्यारोप की प्रक्रिया को ही राजनीतिक धर्म मानते हुए सक्रिय राजनीति का पर्याय समझ लिया गया है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों का वास्तविकता से नाता टूटता जा रहा है। अलग-अलग संदर्भों में अलग-अलग तर्क, विषय विशेष को लेकर अलग अलग व्याख्या करते हैं । ऐसे में स्वाभाविक रूप से किसी भी विषय का सर्वमान्य प्रतिपादन कतई संभव नहीं होता। नतीजतन भ्रमित होना आम नागरिकों की नियति बन गई है। आज स्थिति यह है कि किसी भी विषय पर अलग-अलग विचारधाराएं अपने अलग-अलग पूर्वाग्रह के आधार पर किसी नतीजे पर पहुंचती है।

यह भी देखा गया है कि विषय विशेष को लेकर प्रामाणिकता के आधार को भी संदिग्ध करार दिया जाने लगा है। इन हालातों में हो यह रहा है कि हर एक आदमी महज अपने-अपने पूर्वाग्रह के आधार पर ही विषय विशेष को लेकर अपना अभिमत रखने को विवश है। राजनीति में तर्क-वितर्क का स्थान कुतर्क ने ले लिया है। वह समय अब नहीं रहा जब राजनीति में उच्चस्तरीय आदर्शों का परिपालन किया जाता रहा था। आए दिन राजनीतिज्ञों के उलजलूल बयानों से लोकतंत्र में राजनीतिक मर्यादाएं तार-तार होती जा रही है। अनर्गल प्रलापों का सिलसिला निरंतर जोर पकड़ता जा रहा है।

राजनीति में शुचिता और पवित्रता बीते दौर की बात होती जा रही है। येन-केन-प्रकारेण सत्ताप्राप्ति की चाहत में नैतिक मूल्यों को ताक पर रख दिया गया है। निराधार आरोप तथा आधार सहित आरोप मैं कोई अंतर नहीं रह गया है। वर्तमान दौर में हवा में तैरते आरोप हर एक को संदेह के दायरे में लिए हुए हैं। लगभग यही स्थिति सामाजिक जनजीवन में स्पष्ट तौर पर दिखाई देती है।

- राजेंद्र बज

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 अगस्त 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:05 सूर्यास्त 19:00
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - एकादशी 11:05 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - मृगशिरा 14:43 उपरांत आर्द्रा
योग - हर्षण 02:04 उपरांत वज्र
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 25 तारिख

मेष- आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, धन संचय करने में सफलता मिलेगी। वाणी में सौम्यता बनी रहेगी।

वृषभ- पार्टनर के साथ किसी पारिवारिक विषय पर चर्चा सुखद रहेगी। खानपान पर ध्यान दें।

मिथुन- मंगल आपकी राशि में होने से ऊर्जा बनी रहेगी, पर फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

कर्क- कामकाज के सिलसिले में दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है। दफ्तर में वाद-विवाद से दूर रहें और अपने काम पर ध्यान दें।

सिंह- लव पार्टनर के साथ संयम और समझदारी से पेश आएं। नींद पूरी न होने से आंखों में थकान या सिरदर्द हो सकता है।

कन्या- शुक्र आपकी राशि में होने से रचनात्मकता और आकर्षण बढ़ेगा।

तुला- धार्मिक या सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक- लव लाइफ के लिए दिन बेहद रोमांटिक और यादगार रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

धनु- नौकरी-पेशा लोगों के लिए दिन थोड़ा व्यस्त लेकिन लाभदायक रहेगा। कार्य स्थल पर अपने काम को लेकर स्पष्टता बनाए रखें।

मकर- अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाने की जरूरत है। प्रेम संबंधों में किसी पुरानी बात को लेकर तनाव न बनने दें।

कुंभ- सुख-सुविधाओं की वृद्धि होगी और प्रॉपर्टी संबंधी काम बनेंगे। माताजी का पूर्ण सहयोग और आशीर्वाद आपको मिलेगा।

मीन- घरेलू मामलों को शांतिपूर्वक निपटाने का प्रयास करें। थकावट महसूस हो सकती है, खान-पान और आराम का ध्यान रखें।

समसामयिक

भूल गए नल, जल और कल को

वर्षा प्रारम्भ होने के पूर्व हमें पानी बचाओ की सीख देने वाले अब पता नहीं कहाँ ध्यान मग्न हो गए हैं? वर्तमान में नल से जल पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है। ऐसे में हम मनमाना खर्च भी कर रहे हैं। हम भूल गए हैं कि यह वही नल है जिसमें हम कभी जल की टपकती हुई एक बूँद को भी व्यर्थ नहीं जाने देते थे। हम भूल गए हैं कि यह वही जल है जो हमें कभी एक दिन छोड़कर, कभी दो दिन छोड़कर मिलता था। ऐसा भी समय आया है कि सात-सात दिन छोड़कर मिलता था। जल के टैंकरों के ऊपर तक लोग चढ़कर जल प्राप्ति का जुगाड़ करते थे। अब इन्द्रदेव की कृपा से चारों तरफ जल ही जल है तो हमारी नजर में इसकी कीमत ही खत्म हो गई है।

डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय
(दैनिक अवन्तिका)

जल है तो कल है पर भाषण देने वाले प्राध्यापक से लेकर भृत्य तक, उद्योगपतियों से लेकर खोमचेवालों तक, पायलट से लेकर रिक्शावाले तक मिल जाएँगे। परन्तु जल के मिलते ही हम कल को भूल जाते हैं। ₹आज तो खर्च करो, कल किसने देखा है₹, बस यही विचार हमारे लिए आने वाले कल में जलसंकट पैदा कर जाता है। अभी हमारी छतों से बहता हुआ पानी निर्बाध बह रहा है। अभी सड़क से बहता हुआ पानी नालों से होता हुआ नदियों में जा रहा है। कहीं भी हारवेस्टिंग की व्यवस्था नहीं की जा रही है। जब जल संकट था, तब जगह-जगह रूफ हार्वेस्टिंग की बात की जाती थी। तालाबों के लिए भी योजना बनी थी। बड़ा तालाब नहीं तो डबरी बनाकर भी पानी रोकने की बात की जाती थी। शहरों में अपने-अपने छत के पानी को जमीन में उतारने पर भी खूब चर्चा हुई थी। परन्तु अब लगता है कि वह चर्चा केवल कागजी थी, वास्तव में इस पर कोई काम कर ही नहीं रहा है। ठीक है! आज आपके पास नल है, उसमें जल आ रहा है तो आप उसका उपयोग करने के बजाय दुरुपयोग अधिक कर रहे हैं। ध्यान रहे यदि आपने जल भण्डारण नहीं किया तो आपका आने वाला कल निश्चित रूप से दुखदाई होगा, जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। और अधिक कुछ नहीं कर सकते तो कम से कम अपने छत के पानी को किसी ऐसे गड्ढे में उतारें, जहाँ से रिसकर वह भूजल स्तर को बढ़ाने में सहयोगी हो। कुएँ समाप्त हो चुके हैं। उनका स्थान हैण्डपम्प ने लिया। वे भी समाप्त हो गए। इस समय बोरिंग का जोर है। वे भी सूख रहे हैं। जल स्तर निरन्तर नीचे जा रहा है। एक दिन ऐसा भी आ सकता कि हजार फीट बोरिंग के बाद भी जल न मिले। फिर आपकी आने वाली पीढ़ी क्या करेगी? शास्त्र कहते हैं कि **जल ही जीवन है**। कहीं भी दूध को, घी को और काजू-बादाम को जीवन नहीं कहा गया है। अतः जल संरक्षित कीजिए और अपने कल को सुरक्षित कीजिए।

तिरंगा

बलिदानियों के बलिदान से, देश आजाद हमारा है
लहराता है जब तिरंगा ,लगता कितना प्यारा है।
कश्मीर से कन्याकुमारी तक,भारत को सबने संवारा है
मिली आजादी से भारत ,अब लगता कितना प्यारा है
बहती गंगा-जमुना सी नदियाँ ,यहाँ की पावन धारा है
लहराता है जब तिरंगा ,लगता कितना प्यारा है
बलिदानियों के बलिदान से, हुआ देश आजाद हमारा है।
आजाद होने के लिए सबने भारत माँ को पुकारा है
भारत मां का वंदन करके,बलिदानियों ने सब को तारा है
खुली बेड़ियाँ बलिदानियों से, अब तो स्वतंत्रता ही सहारा है
लहराता है जब तिरंगा ,लगता कितना प्यारा है
बलिदानियों के बलिदान से, हुआ देश आजाद हमारा है।
वन्दे मातरम के नारों को ,मिलकर सबने पुकारा है
भारत के कर्णधारों को ,तब भारत माँ ने दुलारा है
आजाद की मातृभूमि का, भाबरा कितना प्यारा है
लहराता है जब तिरंगा ,लगता कितना प्यारा है
बलिदानियों के बलिदान से, हुआ देश आजाद हमारा है।

संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

हार्ट अटैक से जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा

हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को शरीर में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। इससे हार्ट अटैक से लेकर स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी को हाइपरटेंशन की बढ़ती समस्या का प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

हाइपरटेंशन की स्थिति और इसके जोखिमों को लेकर तो हम सभी जानते हैं पर क्या आपने पल्मोनरी हाइपरटेंशन के बारे में सुना है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह बीमारी तेजी से बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। पल्मोनरी हाइपरटेंशन भी उच्च रक्तचाप का ही एक प्रकार है जो फेफड़ों और हृदय के दाहिने हिस्से की धमनियों को प्रभावित करता है। पल्मोनरी हाइपरटेंशन के एक प्रकार जिसे पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन कहा जाता है, इसमें फेफड़ों में रक्त वाहिकाएं संकुचित, अवरुद्ध या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इस तरह की स्थिति के कारण फेफड़ों के माध्यम से रक्त का प्रवाह धीमा हो जाता है, जिसके कई तरह के दुष्प्रभाव हैं।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन का बढ़ता जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पल्मोनरी हाइपरटेंशन कुछ

लोगों में गंभीर और जानलेवा भी हो सकती है, ऐसे में इसके खतरे को लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी की समस्या बढ़ती जा रही है, इन रोगों का जोखिम भी बढ़ रहा है।

इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम निरंतर प्रयास करते रहें जिससे इसके जोखिमों को कम किया जा सके।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन की समस्या विकसित होने के कई कारण हो सकते हैं। इसमें लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित दिक्कतों के अलावा कुछ प्रकार के अंतर्निहित कारण जैसे जन्मजात हृदय रोग, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर, लिवर के रोग (सिरोसिस), फेफड़ों में रक्त के थक्के बनने जैसे स्थितियां शामिल हैं।

सामान्य तौर पर फेफड़ों में रक्त वाहिकाओं के माध्यम से हृदय के बाईं ओर आसानी से रक्त प्रवाहित होता है लेकिन फेफड़ों की धमनियों को लाइन करने वाली कोशिकाओं में परिवर्तन के कारण धमनी की दीवारें संकीर्ण, कठोर, सूज सकती हैं। ये परिवर्तन फेफड़ों के माध्यम से रक्त के प्रवाह को धीमा कर देते हैं, जिससे इस गंभीर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन का इलाज और बचाव

पल्मोनरी हाइपरटेंशन का कोई इलाज नहीं है, हालांकि लक्षणों को सुधारने और इसके जोखिमों को कम करके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए दवाइयों और कुछ प्रकार की थेरेपी की मदद ली जा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाल में कुछ प्रकार के बदलाव की स्थिति इस रोग के जोखिमों को कम करने में मददगार हो सकती है।

साबुत अनाज, फल और सब्जियां, लीन मीट और कम वसा वाले डेयरी उत्पादों से भरपूर स्वस्थ आहार का सेवन करना हाइपरटेंशन के खतरे को कम कर सकता है। इसके अलावा जितना संभव हो उतना सक्रिय रहें और वजन नियंत्रित करें।

धर्म-आस्था

कांवड़ यात्राः आस्था से आगे, वैज्ञानिक जीवनशैली का संदेश

भारत की सनातन परंपरा में कांवड़ यात्रा केवल भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, संयम, सेवा, सामूहिकता और प्रकृति के प्रति सम्मान का भी सशक्त संदेश देती है। यदि इस यात्रा को आधुनिक विज्ञान और समाजशास्त्र की दृष्टि से देखा जाए, तो यह स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन, सामाजिक समरसता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का एक जीवंत उदाहरण प्रतीत होती है। आवश्यकता इस बात की है कि यात्रा के इन सकारात्मक मूल्यों को केवल सावन के कुछ दिनों तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए।

डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

कांवड़ यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष शारीरिक सक्रियता है। सैकड़ों किलोमीटर तक पैदल चलना हृदय, फेफड़ों, मांसपेशियों तथा चयापचय प्रणाली को सक्रिय करता है। चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता है कि नियमित पैदल चलना मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा तथा हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में सहायक हो सकता है। यही कारण है कि कांवड़ यात्रा का संदेश केवल यात्रा तक सीमित न रहकर पूरे वर्ष नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने की प्रेरणा देता है।

यह यात्रा मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्त्वपूर्ण संकेत देती है। सामूहिक प्रार्थना, भजन, बोल बम के उद्घोष तथा साझा उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने का अनुभव व्यक्ति में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक जुड़ाव की भावना को सुदृढ़ करता है। मनोविज्ञान के अनुसार सामाजिक सहभागिता, ध्यान, प्रार्थना और योग जैसी गतिविधियाँ तनाव प्रबंधन तथा मानसिक संतुलन में सहायक हो सकती हैं। आज जब तनाव, अवसाद और अकेलेपन की समस्या बढ़ रही है, तब इन सकारात्मक अभ्यासों को दैनिक जीवन में स्थान देना समय की आवश्यकता है। कांवड़ यात्रा अनुशासित जीवन का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। यात्री समयबद्ध दिनचर्या अपनाते हैं, सात्विक भोजन करते हैं, संयम का पालन करते हैं तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं। यदि यही अनुशासन, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और आत्मनियंत्रण जीवन का स्थायी हिस्सा बन जाए, तो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कार्यक्षमता दोनों में सुधार संभव है।

इस यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है। विभिन्न जातियों, भाषाओं, आयु वर्गों और आर्थिक पृष्ठभूमि के लोग समान उद्देश्य से साथ चलते हैं। मार्ग में स्थापित सेवा शिविरों में भोजन, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध कराई जाती हैं। यह परंपरा भारतीय समाज की सेवा-भावना और सामाजिक समरसता का परिचायक है। यदि यही सहयोग और सेवा की भावना वर्ष भर अस्पतालों, विद्यालयों, वृद्धाश्रमों, पर्यावरण अभियानों तथा अन्य सामाजिक कार्यों में दिखाई दे, तो समाज अधिक संवेदनशील और सशक्त बन सकता है।

कांवड़ में गंगाजल लाने की परंपरा जल के प्रति श्रद्धा और संरक्षण का सांस्कृतिक संदेश भी देती है। ऐसे समय में जब जल संकट वैश्विक चुनौती बन चुका है, यह परंपरा जल के विवेकपूर्ण उपयोग, वर्षा जल संचयन तथा नदियों और अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करती है। आस्था और पर्यावरण संरक्षण का यह समन्वय आज के समय में विशेष रूप से प्रासंगिक है।

यात्रा के दौरान सीमित संसाधनों में रहना, प्रकृति के निकट समय बिताना तथा कई यात्रियों द्वारा डिजिटल उपकरणों के सीमित उपयोग का अनुभव आधुनिक जीवनशैली के संदर्भ में भी महत्त्वपूर्ण है। आज ₹डिजिटल डिटॉक्स₹ की अवधारणा पर विश्वभर में चर्चा हो रही है। यदि परिवार सप्ताह में कुछ समय मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रहकर संवाद, अध्ययन, प्रकृति और पारिवारिक गतिविधियों को दें, तो मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करने में सहायता मिल सकती है।

कांवड़ को दोनों कंधों पर संतुलित रखकर चलना केवल शारीरिक संतुलन का नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का भी प्रतीक है। यह संदेश देता है कि जैसे कांवड़ का भार दोनों ओर समान होना चाहिए, वैसे ही जीवन में कार्य और विश्राम, अधिकार और कर्तव्य, भौतिक प्रगति और आध्यात्मिक मूल्यों के बीच भी संतुलन आवश्यक है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,46,200 रवा- 1,46,000 चांदी- टंच- 2,31,000 पाट- 2,30,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मे

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

देवास। देवास जिले में गत रात हुए सड़क हादसे में एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दोनों बाइक से बरोठा से किराना सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे। गांव से करीब एक किलोमीटर पहले उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नायता बापच्या निवासी रवि पिता सुमेर रावत (20) और अंदरतिया निवासी अर्जुन रावत (25) बरोठा से नायता बापच्या लौट रहे थे। दोनों घर का किराना सामान लेकर बाइक से जा रहे थे। गांव से करीब एक किलोमीटर पहले उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रवि रावत की मौके पर ही मौत हो गई।

कलेक्टर-एसपी द्वारा मंडी व निकलने वाली कलश यात्रा मार्ग का निरीक्षण

आगर-मालवा। श्रावण माह के दूसरे सोमवार 10 अगस्त को आयोजित होने वाली 51 हजार कलश यात्रा की तैयारियों का कलेक्टर डा. शेर सिंह मीना और पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण और यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में कलश में जल भरने, श्रद्धालुओं के प्रवेश-निकास, बैरिकेडिंग, पेयजल और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। इसके बाद यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए।

भैंस चोरी से मोटर-केबल चोरी का खुलासा, 2.69 लाख का माल बरामद

अकोदिया। अकोदिया पुलिस ने भैंस चोरी के मामले की जांच करते हुए क्षेत्र में हुई कई अन्य चोरियों का भी खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक मुर्रा भैंस, चार जलधारा विद्युत मोटर, केबल और एक बाइक सहित करीब 2.69 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। ग्राम बोलाई निवासी भूपेंद्र सिंह जादौन ने 5 अगस्त को थाने में करीब 90 हजार रुपये कीमत की मुर्रा भैंस चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पिली खदान क्षेत्र से दो नाबालिगों को भैंस ले जाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने सेमली निवासी राजेश बलाई और धीरज बलाई के कहने पर 5-5 हजार रुपये के लालच में चोरी करने की बात कबूल की।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी बाबूलाल पिता श्री नानूराम, निवासी-ग्राम ब्रजराजखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-422/1/2 रकबा 0.50 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-421/2 रकबा 0.58 हेक्टर में से रकबा 0. 29 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.79 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम हासामपुरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-08.08.2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स,
देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

बारिश की बेरुखी से बढ़ी हर वर्ग की चिंता

सोयाबीन पर सूखे और कीटों की दोहरी मार, जलाशय अभी भी खाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

अगस्त का पहला सप्ताह बीत गया, लेकिन शुजालपुर क्षेत्र में मानसून अब भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। विगत एक सप्ताह से आसमान में बादलों की उपस्थिति तो बन रही है लेकिन बारिश नहीं हो रही। कम बारिश के कारण खरीफ सीजन की प्रमुख फसल सोयाबीन पर संकट गहराने लगा है। खेतों में नमी की कमी से फसल की बढ़वार थम गई है, वहीं इल्ली सहित विभिन्न कीटों का प्रकोप बढ़ने से किसान महंगे कीटनाशकों का छिड़काव करने को मजबूर हैं। इससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। उधर जलाशय भी खाली है।

किसानों का कहना है कि जून और जुलाई में सामान्य से कम वर्षा होने से खेतों में पर्याप्त नमी नहीं बन सकी। हाल में हुई हल्की बारिश से कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन उसके बाद मानसून फिर कमजोर पड़ गया। नमी की कमी के कारण कई खेतों में सोयाबीन की फ सल पीली पड़ने लगी है और पौधों का विकास प्रभावित हो रहा है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी वर्षा नहीं हुई तो सोयाबीन की पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पौधों में फूल और फ लियां बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित होने की आशंका है। क्षेत्र के किसानों की निगाहें अब अगस्त माह की वर्षा पर टिकी हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश हो जाए तो फसलों को काफी हद तक बचाया जा सकता है। हालांकि अब तक संतोषजनक वर्षा नहीं होने से किसानों के साथ आम लोगों की चिंता भी बढ़ती जा रही है।

कम बारिश का असर अब जलस्त्रोतों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। क्षेत्र के अधिकांश तालाब, कुएं और छोटे जलाशय सामान्य वर्षों की तुलना में खाली पड़े हैं। भूजल स्तर में भी अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। सिंचाई विभाग के एसडीओ बालकृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि अनुविभाग के 21 तालाबों में से मात्र 2 तालाबों में ही पानी की आवक हुई है, शेष सभी खाली पड़े हुए है। उधर किसानों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो इसका असर केवल खरीफ फसलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगामी रबी सीजन भी प्रभावित होगा। सिंचाई के लिए पानी की कमी होने से गेहूं, चना और सरसों जैसी फ सलों की बोवनी पर भी संकट खड़ा हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या गहराने की आशंका भी जताई जा रही है।

गत वर्ष से 4 इंच बारिश कम

शाजापुर जिले की विभिन्न तहसीलों के वर्षा आंकड़ों पर नजर डालें तो लगभग सभी तहसीलों में बारिश का आंकडा काफी पिछड़ा हुआ है, शुजालपुर तहसील में गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अगस्त के प्रथम सप्ताह तक 4 इंच अर्थात लगभग 100 एमएम बारिश कम हुई है। भू संसाधन प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार शुजालपुर तहसील क्षेत्र में अब तक लगभग 13 इंच बारिश हुई है, गत वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह तक 17 इंच बारिश हुई थी। उधर कालापीपल तहसील में इस वर्ष लगभग 13 इंच, पोलायकलां तहसील में 14 इंच, अवंतिपुर बडोदिया क्षेत्र में 13 इंच, गुलाना तहसील क्षेत्र में लगभग 13 इंच बारिश हुई है। बता दे वर्ष भर का बारिश का सामान्य आंकड़ा 39 इंच के लगभग माना जाता है।

तेल कारोबारी अशोक जैन की 19.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

रिफाइनरी पाइपलाइन चोरी में यूपी पुलिस ने की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

मथुरा पुलिस ने देवास निवासी तेल कारोबारी अशोक जैन की करीब 19 करोड़ 44 लाख 16 हजार रुपये की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की है। यह कार्रवाई रिफाइनरी पाइपलाइन से तेल चोरी के तीन साल पुराने मामले में की गई। कार्रवाई बुधवार को हुई थी, जिसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई।

मथुरा पुलिस की टीम बुधवार को देवास पहुंची थी। सोनकच्छ प्रशासन के सहयोग से टीम ने सोनकच्छ तहसील की जमीनों और एक पेट्रोल पंप को सील किया। कुर्क की गई संपत्तियों पर मथुरा जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का बोर्ड लगाया गया। संबंधित गांवों में मुनादी भी कराई गई।

जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य अशोक जैन ने कथित अवैध कमाई से मध्य प्रदेश में कई संपत्तियां खरीदी थीं। इनमें इंदौर स्थित एक पेट्रोल पंप, देवास जिले में तीन कृषि भूमि और दो प्लॉट शामिल हैं। इन सभी संपत्तियों की कुल कीमत करीब 19 करोड़ 44 लाख 16 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इन्हें कुर्क करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सोनकच्छ के तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट हर्षल बहरानी ने मथुरा पुलिस की इस कार्रवाई की पुष्टि की है।

3 साल पहले तेल चोरी की थी

पुलिस के अनुसार, करीब तीन साल पहले मथुरा के फरह क्षेत्र के सेरसा गांव के पास रिफाइनरी पाइपलाइन में सेंध लगाकर बड़े पैमाने पर तेल चोरी की गई थी। जांच में इस मामले का खुलासा हुआ और पुलिस ने गिरोह के 11 सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की थी।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सज्जनसिंह पिता श्री भंवरसिंह व प्रेमकुंवर पिता श्री भंवरसिंह समस्त जाति राजपूत व्यवसाय कृषि निवासी कृषक ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1200 रकबा 0.4000 हैक्टर में से रकबा 0.0800 हैक्टर (आठ आरे) कुल किता 01 कुल विक्रीत रकबा 0.0800 हैक्टर स्थित ग्राम घटिटया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र में स्थित होकर से सौदा चिट्ठी संपादित कर बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है एवं समय अवधि में अनुबंध पत्र व पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा।

यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालीयन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-08-08-2026

विष्णु राईया (सर्विस प्रोवाईडर)
ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.)
मो.नं.-75664-70288

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती सोनू देवी आंजना, पति श्री रतनसिंह आंजना, निवासी 14, आंजना कुंज, सुभाष मार्ग, दूध तलाई, उज्जैन ने भूखण्डस्वामिनी श्रीमती आशा तिवारी, पति श्री अजीतकुमार, आयु 63 वर्ष, निवासी 9, सुभाष नगर बैंक कालोनी, उज्जैन, हाल मुकाम 159/1 रिवेरा टाउन, कोटरा, मैनिट कालेज के पास, भोपाल (म.प्र.) के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड क्रमांक 1-9 (न्यू नं. 53), स्थित हरि विहार कालोनी, उज्जैन, जिसका कुल क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त भूखण्ड की चतु:सीमा इस प्रकार है- पूर्व भूखण्ड क्रमांक 1-8, पश्चिम - भूखण्ड क्रमांक 1-10, उत्तर कालोनी की सड़क, दक्षिण स्नेह नगर कालोनी के भवन है। केवल शेष विक्रय राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर यदि किसी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी का कोई ऋण, भार, बंधक, बकाया, हक, हित, हिस्सा, सुखाधिकार अथवा किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो, तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के भीतर अपने लिखित दावा/आपत्ति आवश्यक दस्तावेजी प्रमाणों सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, जिससे उसका विधिसम्मत निराकरण किया जा सके। अन्यथा निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने पर मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र निष्पादित एवं पंजीयन अपने हित में करा लेंगे तथा उसके उपरांत प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

सो सूचित हो। दिनांक : 07-08-2026 स्थान : उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडवोकेट
दुकान नं. डी.एफ.-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, देवास रोड,
उज्जैन मोबाइल : 99260-68606

मंदिर में बच्चों के विवाद में डंडा, थप्पड़ मारे, युवक गिरफ्तार

देवास। देवास के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित शिखरजी धाम मंदिर परिसर में बच्चों के विवाद को लेकर महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों के परिजन आमने-सामने आ गए और मंदिर परिसर में ही महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी। वायरल वीडियो में महिलाएं एक-दूसरे के बाल खींचती और हाथापाई करती नजर आ रही हैं। वीडियो में एक महिला के साथ मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद को शांत कराया। पुलिस ने कृष्णाबाई की रिपोर्ट पर कुछ लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

मोबाइल हैक कर खाते से 5.53 लाख रुपये उड़ाए

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई से पूरी राशि कराई होल्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

क्षेत्र के एक किसान का मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 5 लाख 53 हजार 983 रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फ्रीगंज निवासी 27 वर्षीय योगेश्वर पिता रामेश्वर कुर्मी के मोबाइल नंबर से इंडियन बैंक का खाता लिंक है। फरियादी का कहना है कि उसने अपने मोबाइल नंबर से कोई सोशल मीडिया अकाउंट नहीं बनाया है। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे सीहोर से शुजालपुर लौटते समय उसे खाते से 1.43 लाख रुपये डेबिट होने का संदेश मिला। इसके बाद बैंक पहुंचकर स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके खाते से कुल 5,53,983 रुपये निकाल लिए गए। फरियादी ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल हैक कर बैंक खाते से धोखाधड़ी की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराध दर्ज कर साइबर ठगी की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने पूरी राशि कराई होल्ड

साइबर ठगी के इस मामले में शुजालपुर मंडी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल हैक कर बैंक खाते से निकाली गई 5 लाख 53 हजार 983 रुपए की पूरी राशि प्रथम स्तर पर ही होल्ड करा दी गई, जिससे फ रियादी को बड़ी आर्थिक राहत मिली। पुलिस ने बैंक एवं साइबर तंत्र से समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्रवाई की और ठगी गई पूरी राशि को प्रथम लेयर पर ही होल्ड करा दिया।

फसल बीमा न मिलने पर किसानों का पिड़ावा रोड पर चक्काजाम

प्रीमियम कटने के बाद भी नहीं मिली राशि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोयतकलाँ

सोयतकलां स्थित पिड़ावा रोड चौराहे पर शनिवार दोपहर 12 बजे किसानों ने फसल बीमा राशि न मिलने पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। सोयतखुर्द, अमानपुरा और प्रतापपुरा सहित आसपास के ग्रामीणों के प्रदर्शन से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

किसानों का आरोप है कि खरीफ सीजन में सोयाबीन की फसल के लिए उनके बैंक खातों से बीमा प्रीमियम की राशि काटी गई थी। फसल खराब होने के बावजूद उन्हें अब तक बीमा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं हुआ।

पूर्व में तहसीलदार को ज्ञापन देकर चेतावनी देने के बाद किसानों ने चक्काजाम का कदम उठाया। किसानों का कहना है कि लागत बढ़ने और नुकसान के बीच बीमा राशि ही आर्थिक सहारा है। सूचना मिलने पर पहुंची प्रशासनिक टीम किसानों को समझाकर स्थिति नियंत्रित करने में जुटी है।

जाहिर सूचना का खण्डन

सुश्री रीति कटारिया (रिया) अधिवक्ता द्वारा दिनांक 30/07/2026 के दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र में प्रकाशित जाहिर सूचना का खण्डन।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री रीति कटारिया (रिया) अधिवक्ता द्वारा उनके पक्षकार डॉ. बबलू कुमार सिंह उर्फ बी.आई.सी. पिता इंदरसिंह वर्तमान नियुक्त मॉडरेटर मालवा चर्च काउंसिल मसीही सेवा मण्डल 7, ओल्ड सिहोर रोड़ इन्दौर के द्वारा कस्बा उज्जैन स्थित सर्वे क्रं. 3998/4/5 रकबा 0.3970, सर्वे नंबर 3997/1 रकबा 0.0300 हेक्टेयर मे से 20000 स्कवेयर फीट एवं सर्वे क्र. 3998/1/1 रकबा 0.1360 हेक्टेयर की भूमियो को उनके पक्षकार द्वारा क्रय किये जाने का अनुबंध निष्पादित किया हैं के संबंध में मेरे पक्षकारगण अनुपम चतुर्वेदी, श्रीमती संगीता चतुर्वेदी एवं अक्षय आकांक्षा मेगा एस्टेट प्रायवेट लिमिटेड के निर्देश पर एवं उनकी ओर से निम्नानुसार खण्डन सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रेषित किया जा रहा हैं।

यह कि, उपरोक्त वर्णित डॉ. बबलू कुमार सिंह द्वारा कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर स्वयं को केनेडियन मिशन, मालवा चर्च काउंसिल मसीही सेवा मण्डल का मॉडरेटर बताते हुए अवैध रूप से मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमियो को षड्यंत्र पूर्वक विक्रय कर मेरे पक्षकारगण के साथ धोखाधडी कर अपराध किया जा रहा हैं जिसके लिये मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त व्यक्ति के विरूद्ध सक्षम आपराधिक फोरम पर कार्यवाही की जा रही हैं।

यह कि, केनेडियन पादरी (केनेडियन मिशन) द्वारा वर्ष 1973 में उक्त सम्पूर्ण भूमिया रजिस्टर्ड अंतरण विलेख द्वारा अंतरित की जा चुकी हैं एवं केनेडियन मिशन की ओर से पूर्व में भी फर्जी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत वाद माननीय जिला जज महोदय द्वारा निरस्त किया जा चुका हैं तथा मालवा चर्च काउंसिल मसीही सेवा मण्डल द्वारा उक्त भूमियों के रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकारगण के पक्ष में वर्षों पूर्व सम्पादित कर दिये हैं।

यह कि, उक्त बबलूसिंह, सतीश जार्ज आदि के द्वारा शासकीय दस्तावेजों की कूटरचना कर अन्य लोगों के साथ मिलकर आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध कारित किया जा रहा हैं ऐसी स्थिति में उक्त आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ मिलकर मेरे पक्षकारगण के स्वत्व की भूमियों का क्रय विक्रय में शामिल सभी व्यक्तियों के विरूद्ध मेरे पक्षकारगण आपराधिक प्रकरण संस्थित करा रहे हैं।

मेरे पक्षकारगण का उक्त भूमियों में पूर्ण स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य हैं उक्त भूमिया मेरे पक्षकारगण के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को अंतरण करने का अधिकार नही हैं तथा ऐसा कोई भी संव्यवहार अवैधानिक होकर मेरे पक्षकारों पर बंधनकारी नहीं हैं। सूचित हो। इति। दिनांक 08/08/2026

एडवोकेट संजय तिवारी एण्ड एसोसिएट्स
32/3, न्यू पलासिया इन्दौर मोबा. 9200092555, 9179718802

हरियाली उत्सव में कविता, गीत और तीज की उमंग

लेखिका संघ व सखी सहेली डांडिया रास समिति का आयोजन, हरियाली की थीम पर प्रस्तुति

शुजालपुर। लेखिका संघ शुजालपुर एवं सखी सहेली डांडिया रास समिति के संयुक्त तत्वावधान में ब्रज धाम पर हरियाली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति और सावन की पारंपरिक लोकभावना का सुंदर संगम देखने को मिला। सभी प्रतिभागी हरे रंग की वेशभूषा में शामिल हुए और उत्सव की थीम को जीवंत बनाया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ग्रीष्मा शाह, जिला सचिव वीणा गोयल, संरक्षक सदस्य शैलजा देशमुख, अध्यक्ष संध्या धारीवाल, संयोजक रितु विजयवर्गीय तथा पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल मंचासीन रहीं। अतिथियों का स्वागत पौधे, बिंदी और मेहंदी भेंट कर किया गया। काव्य एवं गीतों की प्रस्तुतियों में सोनम चौधरी, कोमल देशमुख, पूनम बंसल, लक्ष्मी खत्री, अनीता अग्रवाल, लता विजयवर्गीय, बबीता चोपड़ा, दीप्ति भारद्वाज, संध्या गोयल, लाज खत्री, संगीता विश्वकर्मा तथा हरभजन कौर ने सावन, हरियाली और तीज पर्व पर आधारित रचनाएं एवं गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर तेजकिरण जैन, परमजीत कौर खालसा, रूपल शाह, पूजा पाटीदार, वर्षा देशमुख, रानी अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, अनीता पंवार, नीता सकलेचा, हिमांशी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन वीणा गोयल व आभार रितु विजयवर्गीय ने व्यक्त किया।

अलग-अलग सड़क हादसों में सात घायल दो लोगों को आई गंभीर चोंटे

शुजालपुर। शुजालपुर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में सात लोग घायल हो गए। इनमें आठ माह की गर्भवती महिला सहित दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है। पहला हादसा आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर मेदा मिल के पास हुआ। ग्राम गुर्दाखेड़ी निवासी अनिल मीणा अपनी गर्भवती पत्नी आशा मीणा को उपचार के बाद बाइक से घर ले जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल आशा मीणा को प्राथमिक उपचार के बाद रेफ र किया गया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। वहीं दूसरा हादसा गत रात शुजालपुर-पचोर नेशनल हाईवे पर कम्युनिटी हॉल के सामने हुआ। चित्तौड़ा लौट रहे रामबाबू मीणा, रमेश मीणा और योगेश मीणा की बाइक की नरसिंहगढ़ की ओर से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग घायल हो गए। रामबाबू मीणा और योगेश मीणा को गंभीर चोटें आने पर रेफ र किया गया, जबकि अन्य तीन घायलों का उपचार शुजालपुर अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भू-स्वामी मांगीलाल पिता श्री भागीरथ एवं उनके पुत्र कैलाश पिता श्री मांगीलाल, निवासी चिंतामन जवासिया, उज्जैन (म.प्र.) की मालिकी, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम आकासौदा तह. उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 23 रकबा 0.49 हे., मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा तय किया होकर उक्त भूमि की कीमत पेटे आंशिक राशि अदा कर सौदा चिट्ठी/इकरारनामा भी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित करवा लिया गया है।

उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय या किसी बैंकिंग संस्था या किसी व्यक्ति विशेष का कोई लेन-देन, भार, बोझ बकाया या कोई पारिवारिक संबंधित विवाद हो या कोई रास्ते अथवा सीमा का विवाद हो तो वह जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद उक्त भूमि की कीमत की बकाया शेष राशि का भुगतान भू-स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में अथवा मेरे पक्षकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में निष्पादित करवा लिया जावेगा, बाद मियाद उक्त भूमि के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शून्य मानी जावेगी। सो सूचित हो। उज्जैन, दिनांक : 07/08/2026

वर्षा प्रतीक मगरे (सर्विस प्रोवाईडर)
कार्यालय-सी.एफ.-5, भरतपुरी काम्प्लेक्स, उज्जैन (म.प्र.)
मो. नं.- 81099 57096 93295 70707

कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन नगर, जिला उज्जैन

क्रमांक/रीडर-1/2026/ H.N.1040 **उज्जैन दिनांक: 06/08/2026**
प्रकरण क्रमांक 0017/बी-113/26-27
लोक न्यास का नाम-श्री मालवा कुल्मी पाटीदार श्रीराम मंदिर हनुमानगढ़ी उज्जैन
पंजीयन कमांक- 46

श्री मालवा कुल्मी पाटीदार श्रीराम मंदिर हनुमानगढ़ी उज्जैन
द्वारा सचिव श्री मनोहरलाल पिता अनोखीलाल पाटीदार
निवासी ग्राम राघौ पिपलिया, तहसील व जिला उज्जैन
------आवेदक

विरूद्ध
मध्यप्रदेश शासन

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मालवा कुल्मी पाटीदार श्रीराम मंदिर हनुमानगढ़ी उज्जैन द्वारा सचिव श्री मनोहरलाल पिता अनोखीलाल पाटीदार निवासी ग्राम राघौ पिपलिया, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा म.प्र. लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-9 (1) के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर श्री मालवा कुल्मी पाटीदार श्रीराम मंदिर हनुमानगढ़ी न्यास, उज्जैन के अन्तर्गत ट्रस्टियों की मृत्यु/त्याग पत्र देने से एवं नवीन चयनित ट्रस्ट्रियों का ट्रस्ट पंजीयन रजिस्टर में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	पुराने ट्रस्टी बोर्ड सदस्य	पद	कारण
01	श्री बापूलाल पिता चौथमलजी, निवासी- ग्राम जावी, जिला नीमच	न्यासी	अस्वस्थ होने से
02	श्री शिवनारायण पिता नाथूलालजी, निवासी- ग्राम मुण्डला, तह. बदनावर, जिला धार	न्यासी	अस्वस्थ होने से

नवीन न्यासीगण

क्र.	नवीन ट्रस्टी बोर्ड सदस्य	पद
01	श्री दिनेशजी पिता शिवनारायणजी पाटीदार, निवासी- जनकपुर, जिला नीमच	न्यासी
02	श्री हरिनारायणजी पिता श्री दयारामजी पाटीदार, निवासी- मुण्डला, जिला धार	न्यासी
03	श्री तुलसीरामजी पिता श्री राधाकिशनजी, निवासी- जाटखेड़ी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल	न्यासी
04.	श्री पुरुषोत्तमजी पिता श्री रामप्रसादजी, निवासी- रापड़िया, तहसील हुजूर, जिला भोपाल	न्यासी
05.	श्री प्रकाशचन्द्रजी पिता श्री मदनलालजी, निवासी- खरसौदखुर्द, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन	न्यासी
06.	श्री मनोहरलालजी पिता श्री गेंदालालजी निवासी- जस्साखेड़ी, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन	न्यासी

अतः मैं रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयन/परिवर्तन अपने न्यायालय में दिनांक 06/08/26 को मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 09 (1) के द्वारा यथा अपेक्षित पंजीयन/परिवर्तन करना प्रस्तावित करता हूँ।

अतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यास संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सु

बाबू के पास सवा 6 करोड़ के मकान-प्लॉट, लोकायुक्त छापा

जबलपुर। जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार तड़के क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र सिवनी में पदस्थ बाबू सुभाष शर्मा के जबलपुर और सिवनी स्थित पांच ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। कार्रवाई में आय से 500 गुना अधिक संपत्ति का पता चला है। सहायक ग्रेड-2 शर्मा के घर से 5 करोड़ की जमीन, प्लॉट और एक करोड़ 20 लाख मूल्य के फार्म हाउस और दो मकानों के दस्तावेज मिले हैं। शर्मा ने सभी संपत्ति पत्नी शीला शर्मा के नाम खरीदी है। लोकायुक्त की टीम ने सुबह करीब 5:30 बजे कार्रवाई शुरू की। जांच में आरोपी सुभाष शर्मा की आय की तुलना में संपत्ति और खर्च काफी अधिक पाए गए हैं। जांच के मुताबिक, यह अनुपात 543.19 प्रतिशत है। फिलहाल आरोपी के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है।

2 छात्राओं के लिए 2 शिक्षक हर महीने 1 लाख खर्च

बीना। मध्यप्रदेश के सागर जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय गढ़ा इटैया में सिर्फ 2 छात्राएं पढ़ रही हैं। इन दोनों के लिए 2 शिक्षक पदस्थ हैं। दोनों शिक्षकों को करीब 53-53 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता है। दोनों के वेतन पर हर महीने 1 लाख रुपए से अधिक खर्च हो रहा है। पिछले शैक्षणिक सत्र में स्कूल में कुल 6 विद्यार्थी थे। इनमें से 4 ने पांचवीं कक्षा पास करने के बाद दूसरे विद्यालयों में प्रवेश ले लिया। इसके बाद नए सत्र में छात्र संख्या घटकर 2 रह गई। दोनों छात्राएं चौथी और पांचवीं कक्षा में पढ़ रही हैं।

ठगी के पैसों से विधायक-मंत्री बनना चाहता था

ग्वालियर। मध्य प्रदेश में साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार भाजपा नेता और शाजापुर जिला पंचायत सदस्य जगदीश मालवीय को लेकर पुलिस पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, मालवीय ठगी की रकम से विधानसभा चुनाव लड़कर विधायक और फिर मंत्री बनने का सपना देख रहा था। जांच में उसके बैंक खाते में कुछ महीनों में करीब रू.2.93 करोड़ के ट्रांजैक्शन सामने आए हैं। इनमें से करीब 50 लाख रुपए ग्वालियर के सीए अशोक विजयवर्गीय से हुई 21.05 करोड़ की साइबर ठगी से जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, मालवीय ने अपना बैंक खाता अंकित वर्मा को इस्तेमाल करने के लिए दिया था। इसके बदले उसे ट्रांजैक्शन पर कमीशन मिलता था। जांच में उसके खाते में करोड़ों रुपए के लेन-देन सामने आने के बाद पुलिस अब संबंधित बैंक खातों और ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है।

ऋषभ पंत को उत्तराखंड में जमीन दिलाएगी सरकार

दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की उत्तराखंड में जमीन खरीदने की इच्छा अब पूरी हो सकती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंत की अपील पर जवाब देते हुए कहा कि वे उत्तराखंड के बेटे हैं और सरकार उन्हें हरसंभव मदद करेगी। इससे पहले पंत ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर लिखा था कि वे पिछले तीन साल से जमीन खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक सफल नहीं हो सके।पंत फाइनेंशियल ईयर 2025-26 के लिए उत्तराखंड में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले व्यक्ति हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने 23.84 करोड़ रुपए का इनकम टैक्स भरा था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, जो भी उत्तराखंड आना चाहता है, उसका स्वागत है। पंत हमारे राज्य के हैं। उन्होंने क्रिकेट में देश और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। अधिकारी उनसे बात करेंगे और जरूरत पड़ी तो हरसंभव सहायता दी जाएगी।

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल हुए 14 देश, घोषणा पत्र जारी

भोपाल भोपाल में चार दिन से चल रहे ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन-2026 का शनिवार को समापन हो गया। आखिरी दिन ब्रिक्स देश के संस्कृति मंत्रियों की मौजूदगी में मीटिंग हुई। इसमें 'भोपाल घोषणा पत्र' जारी किया गया। साथ ही सभी देशों के कलाकारों को मौका देने, चोरी या गलत रास्ते से विदेशों में पहुंची सांस्कृतिक संपदाओं को वापस लाने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि बीते 3 दिन से जो मंथन चल रहा था, उस सम्मेलन का भोपाल घोषणा पत्र के साथ समापन हुआ। साझेदार देशों के बीच संस्कृति को बढ़ावा देने पर विचार हुआ है। यह ब्रिक्स देशों की 11वीं बैठक है। 11 देश के 55 प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए। सम्मेलन की थीम 'लचीलापन, नवाचार और स्थिरता' थी। पहली बार समयावधि लक्ष्य तय किए हैं। सांस्कृतिक और विरासत को लेकर साझा रोडमेप तैयार किया। डिजिटल माध्यम भी इस घोषणा पत्र में तैयार किया गया।

खाद्य विभाग का बड़ा छापा नामी कंपनियों का घी जब्त

शाजापुर। जिले में दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट के खिलाफ प्रशासन अब पूरी तरह से सख्त हो गया है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए रिलायंस रिटेल और एक अन्य प्रतिष्ठान पर छापा मारा। जांच के दौरान टीम ने नामी कंपनियों का संदिग्ध घी जब्त किया है। घी में वेजिटेबल फैट और अन्य मिलावट की आशंका के चलते विभाग ने पूरा स्टॉक अपनी अभिरक्षा में ले लिया है और सैंपल्स को जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के जिला दल ने रिलायंस रिटेल प्राइवेट लिमिटेड पर सघन चेकिंग की। यहां टीम को धौलपुर फ्रेश दानेदार देसी घी (निर्माता- भोले बाबा मिल्क फूड इंडस्ट्रीज) और गोवर्धन प्योर काउ घी (निर्माता- पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड) के 500 एमएल और 1 लीटर के पैक मिले। प्रथम दृष्टया गुणवत्ता संदिग्ध लगने पर टीम ने करीब 9000 रुपये कीमत का 12 लीटर से अधिक घी मौके से जब्त कर लिया।

कोचिंग सेंटर की आड़ में चल रहा था फर्जी शेयर ट्रेडिंग कॉल सेंटर, पुलिस ने किया भंडाफोड़

शाजापुर। शहर के लालघाटी थाना क्षेत्र स्थित काशी नगर में शिक्षा की आड़ में चल रहे एक बड़े फर्जीवाड़े का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। यहां एक्मेविजन कोचिंग सेंटर में शेयर ट्रेडिंग एडवाइजरी के नाम पर अवैध कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में 12 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, गिरोह के मुख्य सरगनाओं सहित 6 अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। लालघाटी थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 27 जुलाई 2026 को मुखबिर तंत्र से सूचना मिली थी कि काशी नगर स्थित एक्मेविजन कोचिंग सेंटर की आड़ में कुछ संदिग्ध और अवैधानिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस पर पुलिस टीम ने जब सेंटर की पहली मंजिल के एक कमरे में दबिश दी, तो वहां कुछ युवक मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों से शेयर बाजार में निवेश को लेकर बातचीत करते पाए गए। पुलिस ने मौके से 7 स्मार्टफोन, 6 कीपैड मोबाइल और कई संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए थे। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान मौके पर मौजूद जयसिंह, कुलदीप, संदीप, पवन, धर्मेंद्र, आकाश और राजकुमार संतोषजनक जवाब नहीं दे सके थे। इसके बाद पुलिस ने सभी उपकरण और दस्तावेज जब्त कर युवकों को नोटिस पर छोड़ा था और मामले की विस्तृत जांच शुरू की थी। जांच के दौरान आरोपी कुलदीप पिता सजन सिंह धाकड़ ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने अपने साथी विकास के साथ मिलकर यह ऑफिस 20 जून 2026 को महज 3 हजार रुपए प्रतिमाह के किराए पर लिया था और एडवाइजरी को संचालित करने के लिए उनके पास कोई वैध लाइसेंस या वैधानिक दस्तावेज मौजूद नहीं थे।

12 पर मुकदमा, 6 आरोपी हिरासत में

जांच में फर्जीवाड़ा प्रमाणित होने के बाद पुलिस ने सभी 12 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने कुलदीप निवासी सुनेरा, विशाल, संदीप कराड़ा, राजकुमार, विकास चारों निवासी घरटखेड़ी तथा प्रवीण निवासी सतगांव हाल मुकाम चाचाखेड़ी को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में 6 आरोपी फरार हैं। थाना प्रभारी मुजाल्दे ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही है।

12 गांवों की आस्था के केंद्र पर अतिक्रमण, तार फेंसिंग कर रोका मंदिर का रास्ता

शाजापुर। जिले के ग्राम भदोनी में मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा और तार फेंसिंग कर रास्ता रोकने का मामला सामने आया है। इसके विरोध में शनिवार दोपहर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जमकर विरोध जताया। आक्रोशित ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए अतिक्रमण हटाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें न केवल पूजा-पाठ से रोका जा रहा है, बल्कि झूठे केस में फंसाने और मंदिर तोड़ने की धमकियां भी दी जा रही हैं। ग्रामीणों द्वारा शनिवार को नायब तहसीलदार राकेश चौहान को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम भदोनी स्थित सर्वे नंबर 431/2 (नया 315) की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में माफी श्री महादेव जी के नाम से दर्ज है। इस प्राचीन भूमि पर देवनारायण मंदिर और महादेव मंदिर स्थित हैं। यह मंदिर भदोनी सहित आसपास के 12 गांवों के गुर्जर समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां समाज के लोग वर्षों से दर्शन, पूजा-पाठ और विशाल भंडारे आयोजित करते आ रहे हैं, लेकिन अब अतिक्रमण के कारण उनकी आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों ने गांव के ही मांगीलाल बैरागी और उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मांगीलाल ने मंदिर की भूमि के एक बड़े हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और वहां तार फेंसिंग कर दी है। इस फेंसिंग के कारण मंदिर तक पहुंचने का मुख्य रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं का मंदिर तक जाना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में शिकायत की गई है कि जब ग्रामीण पूजा करने जाते हैं, तो उन्हें रोका जाता है और विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। यहां तक कि अतिक्रमणकारियों द्वारा देवनारायण मंदिर को तोड़ने की धमकी भी दी गई है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय की काउंसलिंग में रिक्त 57 सीट भरी

उज्जैन। शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय,उज्जैन में शुक्रवार को हुई कालेज लेबल की काउंसलिंग में कालेज की विभिन्न अभियांत्रिकी शाखा की 57 रिक्त सीटों के विरूद्ध? 123 उम्मीदवारों ने भागीदारी की है।खास बात यह रही की इन 57 रिक्त सीटों में आरक्षित स्थिति में अजजा वर्ग से एक भी उम्मीदवारी नहीं हुई। सभी कोटे में नियमानुसार लडकों की सीट पर लडकी को स्थान दिया गया,लेकिन लडकी की सीट पर लडकों को स्थान की पात्रता नहीं होने से नहीं दी जा सकी है। काउंसलिंग प्रभारी एवं शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय उज्जैन के भौतिक विभागध्यक्ष प्रो.राकेश कुमार राय के अनुसार शुक्रवार को कालेज की विभिन्न यांत्रिकी शाखाओं के रिक्त 57सीटों के विरूद्ध यह काउंसलिंग की गई थी। दोपहर 1 बजे तक इसमें फार्म लिए गए थे। उसके उपरांत प्रक्रियाओं के तहत सबसे पहले सैनिक कोटा की सीट भरी गई। उसके बाद अजजा में एक भी आवेदन नहीं आया। इसके साथ अजा एवं ईडब्यू सहित अन्य कोटा धारी को स्थान दिया गया। इसमें कई श्रेणियों में पैरेलल ईडब्ल्यूएस को लिया गया। अन्य पिछडा वर्ग और सामान्य को भी पैरेलल स्थितियों में ईडब्ल्यूएस में लिया गया। कुल 123 आवेदक इसमें शामिल हुए । देर रात तक काउंसलिंग की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है। कालेज लेबल की काउंसलिंग एक साथ सभी कालेजों में आयोजित होती है। प्रो. राय के अनुसार शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में रिक्त 57 सीटों पर वैसे तो काउंसलिंग में सीटें आवंटित की जा चुकी हैं लेकिन कोई आवेदक अगर छोडकर जाता है तो इस स्थिति में रिक्त सीट पर 11 अगस्त को दुसरे दौर एवं उसके बाद भी अगर कोई आवेदक सीट छोडता है तो तीसरे दौर की काउंसलिंग 14 को आयोजित होना है।

आरोपी को 5 वर्ष का कठोर कारावास, अर्थदंड भी लगा

शाजापुर। जिले के शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) जिला शाजापुर ने शनिवार 8 अगस्त 2026) को अपना अहम फैसला सुनाया है। न्यायालय ने आरोपी राहुल प्रजापति को दोषी करार देते हुए उसे 5 वर्ष के कठोर कारावास और कुल 4000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बबताया कि घटना 1 दिसंबर 2025 की है। फरियादी पीड़िता के मामा ने 2 दिसंबर 2025 को शुजालपुर मंडी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी 17 वर्षीय भांजी, जो बचपन से ही उनके साथ रहती थी, रात में घर से लापता हो गई है। फरियादी रात 8 बजे रेस्टोरेंट पर काम करने गए थे, तब घर पर उनकी पत्नी और भांजी मौजूद थीं। रात 11 बजे जब वे वापस लौटे, तो भांजी घर पर नहीं मिली। आसपास और रिश्तेदारों में काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला।

पश्चिम रेलवे

IREPS Tender No.: M-AMC-QWA-UJN-PF7-8-2026

कार्य का नाम एवं स्थान : उज्जैन में PF 07 और PF 08 पर कोच में तेजी से पानी भरने की सुविधा, **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 2,63,72,056.26/- सभी टैक्स एवं GST सम्मेत, **निविदा फार्म की कीमत :** समस्त निविदाकार के लिए ई-निविदा फार्म निःशुल्क, **अग्रिम धन :** ₹ 5,27,500.00/-, **समापन अवधि :** 6 माह एलओए जारी होने की तारीख से, **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी :** कार्यालय वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी इंजीनियत (कै.वै.) रतलाम मंडल (प.रे), **निविदा फार्म जमा करने एवं निविदा खुलने का समय : बंद होने का समय :** 15:00 Hrs. on 27.08.2026, **खुलने का समय :** 15:30 Hrs. on 27.08.2026, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** निविदायें IREPS की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। ADM/3/1/194

Follow us on: twitter.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हर्ष सक्सेना पिता स्व. श्री विजयचन्द्र सक्सेना निवासी- ए-9/7 महानन्दा नगर उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक ए-9/7 श्रेणी एलआईजी महानंदा नगर सेक्टर ए योजना उज्जैन मे स्थित है। उक्त भवन को क्रय किया जाने का सर्वोक्त ऋण, भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहित लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा व अवधि सामप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 08/08/2026

यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाइडर
कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी, उज्जैन
मो. नं. 88397-42938

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री चचंल पाटीदार पिता श्री उमेश जी पाटीदार निवासी- ग्राम बरथुन खाचरौद उज्जैन के द्वारा क्रय अनुबंधीत भूखण्ड क्रमांक 6 मंछामन गणेश नगर एक्सटेंशन तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त भूखण्ड को चंचल पाटीदार ने मूल स्वामी श्री नरेंद्र कुमार मंत्री पिता स्व. श्री रामस्वरूप जी मंत्री निवासी- 131 गोपाल मंदिर मार्ग बडा सराफा उज्जैन से क्रय किया है तथा श्री चंचल पाटीदार से उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋ ण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहित लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित में नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 08/08/2026

यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर
कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स
उज्जैन म.प्र. मो. 8839742938

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी बाबूलाल पिता श्री नानूराम, निवासी ग्राम ब्रजराजखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-422/1/2 रकबा 0.50 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-421/2 रकबा 0.58 हेक्टर में से रकबा 0. 29 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.79 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम हासामपुरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

सो सूचित हो । इति दिनांक-08.08.2026

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो. 98272-64140

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता यादव, पति श्री अशोक यादव, निवासी ईडब्ल्यूएस-147, सांदीपनी नगर, ढांचा भवन, उज्जैन द्वारा उनकी स्वामित्व एवं कब्जाधीन भूमि आराजी सर्वे नंबर 296 रकबा 0.6790 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 300/2 रकबा 0.1305 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 301/1/2 रकबा 0.1305 हैक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 0.9400 हैक्टर, स्थित ग्राम नीमनवासा वार्ड क्रमांक 41 तहसील व जिला उज्जैन में विद्युत कनेक्शन हेतु एमपीईबी का विद्युत कार्य हेतु विद्युत पोल स्थापित कराया जाना प्रस्तावित जिस पर डीपी का कार्य किया जाएगा । यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा विभाग को उक्त भूमि पर विद्युत कार्य हेतु विद्युत पोल स्थापित किए जाने संबंधी कोई आपत्ति या दावा हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा नियमानुसार विद्युत पोल स्थापित करने की कार्यवाही की जाएगी। दिनांक 08-08-2026

श्रीमती गीता यादव पति श्री अशोक यादव
निवासी- ईडब्ल्यूएस-147, सांदीपनी नगर,
ढांचा भवन, उज्जैन

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर जिला आगर मालवा

प्रकरण क्रमांक 39/अपील/2026-27
जावक क्रमांक 1252 दिनांक 30/07/2026
महेश कुमार पिता प्रभुदत्त जाति ब्राहम्ण
निवासी सोयतकलां तहसील सोयतकलां जिला आगर मालवा
..... अपीलांट

विरुद्ध

1. **सुनील कुमार पुत्र प्रभुदत्त शर्मा, निवासी सोयतकलां**
2. **महेन्द्राबाई पुत्री प्रभुदत्त शर्मा निवासी कोटा राज.**
3. **प्रमोद पिता प्रभुदत्त शर्मा**
4. **सुमित्राबाई पुत्री प्रभुदत्त शर्मा निवासी रतलाम म.प्र.**
5. **राहुल पिता महेन्द्र कुमार शर्मा निवासी कोटा राज.**
6. **नेहा पुत्री महेन्द्र कुमार निवासी इंदोर म.प्र.**
7. **हर्षिता पुत्री महेन्द कुमार निवासी कोटा राजस्थान**
8. **मनोरमा विधवा महेंद्र कुमार निवासी सोयत्कलां, सर्व जाति ब्राह्मण**
8. **म.प्र. शासन**

..... रेस्पान्डेन्ट

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचना दी जाती है कि अपीलांट महेश कुमार पिता प्रभुदत्त जाति ब्राहम्ण निवासी सोयतकलां तहसील सोयतकलां जिला आगर मालवा द्वारा तहसीलदार सोयतकलां के प्रकरण क्रमांक 61/अ-27/2024-25 आदेश दिनांक 21/11/2025 से असंतुष्ट होकर अपील पेश की गई है जो विचाराधीन है।

उक्त प्रकरण में रेस्पाडेन्टगण पक्षकार है।

इस विज्ञप्ति के माध्यम से रेस्पोडेंटगण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु आगामी पेशी 20/08/2026 स्थान अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर समय प्रात: 12 बजे नियत है। अत: आप नियत दिनांक को स्वंय अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से रहे। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

देवकुँवर सोलंकी
अनुविभगीय अधिकारी
सुसनेर जिला आगर मालवा म.प्र.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भूमि स्वामी 01 बने सिंह पिता श्री सज्जन सिंह जी आयु 62 वर्ष जाति राजपूत 02 सोदान सिंह पिता श्री सज्जन सिंह जी आयु 47 वर्ष जाति राजपूत 03 कंचन बाई पति श्री सज्जन सिंह जी आयु 77 वर्ष जाति राजपूत (सामा.वर्ग) निवासी व कृषक ग्राम ढाबला हर्दू तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 477 रकबा 0.17 हैक्टर, सर्वे नम्बर 478 रकबा 0.17 हैक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.34 हैक्टर, स्थित ग्राम ढाबला हर्दू प.ह.न. 0006 तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रेता संजय घोडेला पिता श्री रामगोपाल घोडेला आयु 47 वर्ष जाति कुमावत (पि. वर्ग) निवासी ग्राम केसरीपुरा तसील सांवेर जिला इन्दौर मध्यप्रदेश के हित राशि 25,80,000/- अक्षरी पच्चीस लाख अस्सी हजार रूपयें प्रति बिघा के माने से कुल सौदा राशि 35,08,800 /- अक्षरी पैतीस लाख आठ हजार आठ सौ रूपयें में विक्रय कर दिया होकर विक्रय मूल्य पेटे अग्रिम बयाना राशि 8,77,200/-अक्षरी आठ लाख सित्योत्तर हजार दो सौ रूपयें नगदी राशि गवाहों के समक्ष दिनांक 03-07-2025 को प्राप्त कर लिये है तथा शेष राशि 26,31,600/- अक्षरी छब्बीस लाख इक्कतीस हजार छ: सौ रूपयें नगदी राशि गवाहों के समक्ष आगामी दिनांक 20-12-2025 को शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष था किन्तु क्रेता द्वारा समयावधि में शेष राशि अदा नहीं होने के कारण उपरोक्त सोदा निरस्त कर दिया गया है तथा विक्रेता उक्त भूमि किसी अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र है जिसमें किसी कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र सोदा किसी अन्य पक्ष कार के हित में करवा दिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

यह दिनांक - 08-08-2026

राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस क्रमांक 07
ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन
मो. 8719997462, 9584898788

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शाहरुख खान पिता समीर खान निवासी व कृषक ग्राम दुधाना तहसील मोहन बडोदिया जिला शाजापुर कृषक ग्राम ढोटी तहसील आगर जिला आगर मालवा म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 488/1 रकबा 0.53 हेक्टर,सर्वे नम्बर 488/2 रकबा 0.53 हेक्टर, भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 1.06 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम ढोटी तहसील आगर जिला आगर मालवा में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (05) पांच दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 08-08-2026

राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07
ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन
मो. 8719997462, 9584898788

न्यूज-कॉलम

भव्य निशान यात्रा निकाली गई

नीमच। गत दिनों शिव जी को समर्पित निशान यात्रा निकाली गई ।भव्य निशान यात्रा नीमच जिले और शहर में, वाल्मीकि व अन्य सनातन लोक-धार्मिक समाज द्वारा श्रावण एवं भाद्रपद मास के दौरान निकाली जाती है। समाज के प्रमुख लोगो की अगुवाई मे युवा निशान व ध्वजा लिये चल रहे थे। शाम के समय शो रूम चौराहे से फव्वारा चौक की और बढ रही इस भव्य निशान यात्रा मे शिवलिंग के आकार में त्रिशूल के साथ बनी हुई ध्वजा सहित मनमोहक रंगो की सजावट और आकृति में विशाल सजी-धजी जिस पर त्रिपुंड, तिलक और त्रिशूल सजा था । सजे-धजे ऊँचे निशान-ध्वजः भक्तगण कपड़े, गोटे, मोरपंख और गुंबददार कलशों से सजे हुए अत्यंत ऊँचे पारंपरिक निशान (ध्वज) उठाकर जुलूस में चल रहे थे । पारंपरिक उत्सवः लोग हाथों में त्रिशूल, ढोल और भगवा साफे पहनकर भगवान शिव के भजनों और शोभायात्रा में हिस्सा लिया ।

प्रदेश स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। इसके तहत बूथ से प्रदेश स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन होगे। तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर मंडल बैठके सम्पन्न हुई इनमें हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया गया। रतलाम शहर विधानसभा के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल नंदकिशोर पंवार, सूरजमल जैन मंडल नीलेश गांधी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल मयूर पुरोहित एवं अम्बेडकर मंडल की बैठक सोना शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित हुई।

हत्या के प्रयास में एक साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

मंदसौर। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में पिछले 1 वर्ष से फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार, 5 सितंबर 2025 को फरियादी जावेद पिता जाकिर शाह निवासी नयापुरा, मंदसौर की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर 7 आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, जान से मारने की धमकी देने व गाली-गलौज की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था। प्रकरण के 6 आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी थी। घटना के बाद से ही शेष आरोपी रशीद पिता मम्मु खां मेवाती निवासी नयापुरा, मंदसौर लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम की घोषणा भी की गई थी। जिसे कोतवाली पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया।

डिप्टी कलेक्टर एवं डुडा अधिकारी ने न. पं. का किया निरीक्षण

नीमच। डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी डूडा श्रीमती मयूरी जोक ने नगर परिषद मनासा का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री संजय पाटीदार सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्रीमती जोक ने सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शाखा प्रभारियों से लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित कुछ शिकायतों के स्थलों का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत कर ऋण वितरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला बैठक10 अगस्त को आयोजित होगी

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला भाजपा की कामकाजी बैठक 10 अगस्त को दोपहर एक बजे रंगोली सभागार मे होगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय करेगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक मे संभाग प्रभारी सुरेश आर्य मार्गदर्शन देगे, जिला प्रभारी मंत्री विजय शाह उपस्थित रहेगे।

रतलाम मंडल ने रेलवे सुरक्षा की दिशा में बढ़ाया एक और कदम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं आधुनिक बनाने के लिए नवीनतम तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में 5 अगस्त 2026 को नागदाझसंत हिरदाराम नगर रेलखंड के कुल 226.15 रूट किलोमीटर में मानक कवच प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया। मानक कवच प्रणाली सेफ्टी इंटीग्रेटेड लेवल-4 के अनुरूप विकसित एक उन्नत स्वदेशी ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। इसका उद्देश्य ट्रेन परिचालन के दौरान संभावित जोखिमों को कम करना तथा असामान्य परिस्थितियों में लोको पायलट को तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए रेल सुरक्षा को और सुदृढ़ करना है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठग मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर(समन्वनय) एवं वरिष्ठर मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (कार्य) के निर्देशन में नागदाझसंत हिरदाराम नगर रेलखंड में संपूर्ण ब्लॉक सेक्शन में मानक कवच प्रणाली का कमीशनिंग किया गया है। रेलखंड में कवच प्रणाली को चरणबद्ध रूप से परिचालन में लाने की व्यवस्था की गई है, जिससे संपूर्ण प्रणाली के कार्यान्वयन में होने वाले समय को कम किया जा सके। कवच प्रणाली के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए आवश्यक टावर लगाने का कार्य प्रगति पर है। टावरों की स्थापना पूर्ण होने के पश्चात इस रेलखंड में कवच प्रणाली का संपूर्ण नेटवर्क और अधिक व्यापक रूप से कार्यशील हो जाएगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस उपलब्धि से नागदाझसंत हिरदाराम नगर रेलखंड में रेल परिचालन की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता को और मजबूती मिली है। यह रतलाम मंडल द्वारा आधुनिक सुरक्षा तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नागदा-गोधरा रेल खंड में कवच प्रणाली का सफल क्रियान्वलयन के उपरांत नागदा-संत हिरदाराम नगर रेलखंड में भी मानक कवच का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा रतलाम-चंदेरिया रेल खंड में भी कवच प्रणाली लगाने का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 1864 ट्रैकसाइड आरएफ आईडी टैग स्थापित एवं प्रोग्राम किए गए हैं, जो कवच ४.० के मानकों के अनुरूप कार्य करेंगे। इन टैग के माध्यम से ट्रैक से संबंधित आवश्यक जानकारी कवच प्रणाली तक पहुंचती है, जिससे ट्रेन की सुरक्षित आवाजाही में सहायता मिलती है।

मानक कवच एक उन्नत स्वचालित सुरक्षा प्रणाली है, जो कवच से सुसज्जित ट्रेनों को संभावित आमने-सामने तथा पीछे से होने वाली टक्कर जैसी परिस्थितियों से बचाव में सहायता करती है। इसके अतिरिक्त, ट्रेन के अनियंत्रित रूप से लुढ़कने तथा अन्य असामान्य परिचालन परिस्थितियों में भी यह प्रणाली सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किसी असामान्य स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर ऑनबोर्ड कवच प्रणाली चेतावनी एवं सुरक्षा संबंधी कार्रवाई में सहायता करती है। कवच प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से मानवीय त्रुटियों की संभावना को कम करने, परिचालन सुरक्षा बढ़ाने तथा रेल सेवाओं की विश्वसनीयता में सुधार करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, यह आधुनिक तकनीक यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित एवं भरोसेमंद रेल यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

जिला स्तरीय म.प्र. पर्यटन क्विज-2026 में उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर बना विजेता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

म.प्र. पर्यटन बोर्ड एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय म.प्र. पर्यटन क्विज-2026 का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री शा. उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय, मंदसौर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के लिए जिले के 145 विद्यालयों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 128 विद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर मध्यप्रदेश के पर्यटन, इतिहास, संस्कृति और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, वार्ड पार्षद सुनीता भावसार, प्राचार्य के. सी. सोलंकी एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक लोकेंद्र कुमार डाबी की उपस्थिति में हुआ। क्विज मास्टर सुनीता गोधा द्वारा संचालित इस रोचक प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम में उत्कृष्ट उमावि मंदसौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री दलौदा पब्लिक स्कूल दलौदा ने द्वितीय एवं अंकुर उमावि दलौदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांदीपनी विद्यालय गुर्जर बर्डिया चतुर्थ, प्रयास उमावि धुंधड़का पंचम तथा दिगंबर जैन स्कूल उमावि बही चौपाटी षष्ठ स्थान पर रहकर उपविजेता बने।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उत्कृष्ट विद्यालय की टीम अब राज्य स्तरीय म.प्र. पर्यटन क्विज-2026 में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर ममता मोदी ने आभार व्यक्त किया।

दशपुर योग शिक्षा संस्थान का 19वां स्थापना दिवस 3 सितंबर को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

दशपुर योग शिक्षा संस्थान, मंदसौर की योग भवन पर योग गुरू श्री सुरेन्द्र जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 3 सितम्बर को संस्था का 19वां स्थापना दिवस भव्य एवं परम्परागत रूप से मनाने तथा संस्था के योग साधकों के लिए तीन चरणों में योग कौशल प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त आगामी 16 अगस्त, रविवार को साधकों एवं उनके परिजनों के लिए धर्मराजेश्वर की एक दिवसीय यात्रा की योजना बनाई गई है। बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष जिनेन्द्र उकावत, कोषाध्यक्ष प्रीति जैन, सहसचिव प्रेमेन्द्र चौरड़िया, ट्रस्टी ओम गर्ग, विजय पलोड़, राजकुमार अग्रवाल, तथा योग शिक्षक बीना गर्ग, धरमदास संगतानी, ललित जैन, आनन्द कश्यप, मनोज खत्री, अनिल कोठारी, शांकी कश्यप एवं प्रियंका मिण्डा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष जितेश फरक्या ने किया तथा आभार सचिव लोकेन्द्र जैन ने माना।

डिप्टी सीएम द्वारा 37 लाख रु. लागत के पंचायत भवन निर्माण का लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

जिले के ग्राम खेर खेड़ा में 37 लाख रुपए लागत से निर्मित अटल ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित है प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। आज पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाकर गांव-गांव आपस में जोड़ दिए गए हैं। पहले जहां किसी स्थान से अन्य स्थान जाने में 5 घंटे लगते थे अब मात्र 2 घंटे में पहुंच जाते हैं। राज्य शासन द्वारा पेयजल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। वही आयुष्मान कार्ड बनाकर लोगों के निरूशुल्क उपचार का प्रबंध किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी में बताया कि क्षेत्र के गांव-गांव सड़कों से जोड़ दिए गए हैं गांधी सागर बांध का पानी हर खेत तक पहुंचेगा।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहां की प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। प्रदेश विकास के क्षेत्र में अग्रणी है। इस दौरान जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, मदनलाल राठौर भी उपस्थित थे।

कृषि मंडी कर्मचारी के स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई

नीमच। कृषि उपज मंडी नीमच को एक वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ रुपए के राजस्व तक पहुंचाने में हम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रमोशन एवं स्थानांतरण पर अजवाइन व्यापारियों ने सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया।

डॉ. मुखर्जी की जयंती पर नवीन भाजपा कार्यालय परिसर में लगाए गए 125 फलदार पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर।

भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन भाजपा कार्यालय परिसर में 125 फलदार पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर उपस्थित उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि भाजपा सदैव राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती रही है। पौधारोपण के साथ ही पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सांसद सुधीर गुप्ता एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं द्वारा समय-समय पर सेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक कैलाश चावला सहित वरिष्ठ भाजपा नेता, मंडल पदाधिकारी, सभापति, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता आदि मौजूद थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने नवीन जिला भाजपा कार्यालय के निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया और प्रगति की जानकारी ली।

छात्रों का नीट व जेईई में शानदार प्रदर्शन पर हुए चयनित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

माइलस्टोन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का नीट एवं जेईई में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी में सफलता पाने पर विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है की अकादमी के होनहार छात्र प्रिंस चंद्रावत ने नीट 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर साइंस बायोलॉजी वर्ग में टॉपर बनने के साथ ही एम्स में प्रवेश प्राप्त किया। इनके पिता भारतीय सेना में पंजाब के कपूरथला में पदस्थ हैं।

वहीं जयदीप प्रजापति ने नीट में शानदार रैंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की । इंजीनियर क्षेत्र में दीपू केवट ने आईआईटी पटना में तथा युग जोशी ने आईआईटी पुणे में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया । सम्मान समारोह के अतिथि पूर्व जिला जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सोलंकी ,डॉ सुमित लालवानी (रतलाम), विद्यालय के पूर्व छात्र पार्षद शिवेंद्र माथुर, समाजसेवी वीरेंद्र तोमर एवं विनोद सेठिया थे ।

विद्यालय की प्राचार्य वंदना जैन डायरेक्टर अमित जैन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उक्त उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है ।प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों का पुष्प मालाओं स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया गया।

नपा की अतिक्रमण हटाओ मुहीम जारी

लायंस चौराहा से बारादरी तक हटवाया अतिक्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के बाहर फुटपाथ पर कब्जा कर सड़क तक अस्थाई रूप से सामान रखकर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यवसाईयों के खिलाफ नपा की कार्यवाही नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के

मार्गदर्शन में निरंतर जारी है। गुरुवार 6 अगस्त को नपा की टीम ने लायन्स चौराहा से बारादरी तक फव्वारा चौक तथा टैगोर मार्ग के दोनो और अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई और लायंस चौराहा पर सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटवाते हुए दो ठेले भी जप्त किये और 20 चालान बनाते हुए 6700 जुर्माना भी वसूला । इसी प्रकार फव्वारा चौक व बारादरी के यहां भी दुकानों के बाहर फुटपाथ व सड़क तक किये गए अतिक्रमण को हटाते हुए चेतावनी दी की यदि पुनः अतिक्रमण किया गया तो सामान जप्त करने के साथ ही भारी जुमार्ना व अन्य कानूनी कार्रवाई की जावेगी।

गुरुवार 6 अगस्त को मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर नगर पालिका के राजस्व अधिकारी श्री खेमचंद मुसले, श्री टेकचंद बुनकर, स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री महावीर जैन, श्री महेंद्र साहू, श्री तेज प्रकाश चोपड़ा, श्री रवि भंडारी,श्री योगेश टांकवाल, स्वच्छता निरीक्षक श्री भारत सिंह भारद्वाज, गैंग प्रभारी श्री दीपक गौहर,श्री राम सिंह आदि ने नपा कर्मचारियों व जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली आदि संसाधनों के साथ लायंस चौराहा के यहां से कार्यवाही की शुरूआत की। यहां गाय स्टैचू के आसपास का अतिक्रमण हटवाते हुए ठेले वह गुमटी वालों को पीछे किया तथा दो ठेले भी जप्त किये। यहां से नपा का अमला विजय टॉकीज चौराहा, कमल चौक, फव्वारा चौक होते हुए बारादरी से आगे तक पहुंचा और वहां से पुनः फव्वारा चौक,पटेल प्लाजा, कमल चौक, भारत माता चौराहा, विजय टॉकीज चौराहा होता हुआ लायंस चौराह पहुंचा। इस दौरान नगर पालिका की टीम ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए फुटपाथ पर सड़क तक जमा हुआ सामान हटवाया और कुछ सामान जप्त करते हुए चालान भी बनाएं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया ने दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वह अपना अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा ले और दोबारा अतिक्रमण नहीं करें अन्यथा अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर भारी जुमार्ना एवं जप्त सामान राजसात करने सहित अन्य कार्यवाही की जावेगी।

न्यूज कालम

कल्पेश्वर महादेव पर सोमवार को होगा पार्थिव शिवलिंग अभिषेक

जावरा । अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन के तत्वावधान मे रामबाग स्थित कल्पेश्वर महादेव पर श्रावण मास एवं सोम प्रदोष के शुभ अवसर पर श्री पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक का आयोजन रखा गया है। पंडित शैलेंद्र जोशी (सोहनगढ़) 10 अगस्त सोमवार को दोपहर 3 बजे 5.30 बजे तक पार्थिव शिवलिंग पुजन एवं अभिषेक सम्पन्न कराएगे। उक्त जानकारी अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन की महिला समिति संयोजिका कोकीला उपमन्यु, किरण सोनी,मंजु पोरवाल , रजनी भाटी , अंगुर बाला बैरागी, शान्ता बाई मग, प्रियका सेठिया आदि ने देते हुए बताया की श्रावण मास मे धार्मिक कार्यक्रम एवं पुजा पाठ का विशेष महत्व होता हे ओर महिलाऐ इसमे बढ चढकर भाग लेकर भगवान भोले शंकर की आराधना करती हे इसी तारतम्य मे पार्थिव शिवलिंग के पुजन एवं अभिषेक का विशेष महत्व हे।

डिप्टी सीएम श्री देवड़ा को दिया सामूहिक परिचय सम्मेलन का निमंत्रण

पिपलिया मंडी। आगामी 20 सितंबर 2026 को रतलाम नागर ब्राह्मण समाज के बेनर तले आयोजित अखिल भारतीय नागर ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में आयोजित विशाल परिचय सम्मेलन में मुख्य आतिथ्य को लेकर 8 अगस्त को श्री देवड़ा के निवास स्थान पर पहूंच कर निमंत्रण दिया गया। आपने सम्मेलन में आने हेतु पूर्ण रूप से आश्वस्त किया। इस अवसर पर मंदसौर नागर ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष बाबूलाल नागर, रतलाम नागर ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष नवनित जी मेहता उपाध्यक्ष धर्मेंद्र नागर सचिव संदीप जोशी सह सचिव पवन जी दवे कोषाध्यक्ष निर्मल (बबलु)व्यास , सचिव सतीश नागर, गोविंद नागर,उदयपुरा से पूर्व सरपंच श्रीमती कुसुम नागर, बालाराम नागर, आदि उपस्थित थे।

टिलाखेड़ा बालाजी से मंडफिया सावलिया तक पैदल यात्रियों का किया स्वागत

पिपलीया मंडी। टिलाखेड़ा बालाजी से मंडफिया सावलिया जी तक बड़ी संख्या में भक्तजन पैदल यात्रा कर सावलिया जी मंडफिया पहुंचेंगे। इस मौके पर अजय टाकीज मार्ग पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,पूर्व मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया,किशोर टेलर कनघट्टी,कन्हैयालाल पाटीदार सूपड़ा,कांग्रेसनेता भेरूपप्पू गुर्जर,मंडलम अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह शक्तावत,देवेंद्र कराडा,पूर्व सरपंच रामेश्वर पाटीदार,छोटेलाल सैनी,अनिता खोखर,राजू शर्मा, गोपाल गुर्जर,हेमराज प्रजाति, अनिल मुलासिया,महेश धनगर,राहुल पाटीदार, कन्हैयालाल मोबाइल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने पुष्पवर्षा व आतिशबाजी कर सावलिया सेठ के जय घोष के साथ जोरदार स्वागत किया।

एमएलबी शासकीय कन्या उ.मा.वि में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

मंदसौर। महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन प्राचार्य राजेश रत्नावत एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रमिला गोयल की विशेष उपस्थिति में हुआ।बैठक के दौरान उपस्थित पालकों को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अध्यापन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यालय के बेहतर संचालन और प्रबंधन के लिए उपस्थित सदस्यों से सुझाव प्राप्त कर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से उपस्थित पालकों में से शाला प्रबंध समिति का अध्यक्ष योगेश्वरी देवी तथा उपाध्यक्ष रुबीना शेख को चुना गया। बैठक में समिति सदस्य बाबूलाल परिहार, सोम भाटी, गीता यादव, वर्षा परमार, रामनिवास कुमावत, रेलम भिड़े, विद्यालय के हामिद खान जेदी, महेश त्रिवेदी, लोकेंद्र शर्मा, दीपश्री राठौर, जया सोनी, सुरेश बोराना, कुंदन सांखला, रचना आर्य, आरती शर्मा एवं जयंत तारे उपस्थित रहे।

सड़क हादसों में दो की मृत्यु, एक घायल

मदसौर। जिले के दो थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो व्यक्तियों को अपनी जान खोना पड़ी। यह दुर्घटनाएं शुक्रवार की है। जानकारी के अनुसार भानपुरा थाने पर फरियादी पवन पिता सूरजमल मेहर निवासी सुवेत जिला कोटा (राज.) ने की है कि भानपुरा थाना क्षेत्र के सुनाली चौराहा के ग्राम बाबुल्दा पर लोडिंग वाहन क्र. एमपी 14 सीए 1597 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादी की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में फयिादी घायल हो गया। जबकि उसके साथी विनोद की मृत्यु हो गई। इसी प्रकार नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जग्गाखेड़ी निवासी जितेन्द्र उर्फ अर्जुन जाट सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे उपचार हेतु मंदसौर सिविल हॉस्पिटल लाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किा। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। दोनों प्रकरणों में संबंधित थानों पर मामला दर्ज हुआ है।

नवोदय में चयन पर पलक पांचाल का सम्मान

महिदपुर रोड। सरस्वती शिशु मंदिर झूटावद की छात्रा पलक गोपाल पांचाल का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर उसका स्कूल मे विद्यालय संयोजक कांतिलाल जैन समिति सदस्य रमेश पोरवाल, गजेंद्र टेलर नागेश्वर पाटीदार डॉ. अर्जुन शर्मा की उपस्थिति में पलक तथा उसके पिता गोपाल पांचाल का दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रवणसिंह राजावत तथा शिक्षक को ने हर्ष व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन श्रीराम कुमावत एवं अतिथि स्वागत दशरथ सिंह पंवार और दिनेश जाट द्वारा किया गया।

10 को कसारी से निकलेगी कावड़ यात्रा

महिदपुर रोड। आगामी सोमवार 10 अगस्त को ग्राम कसारी से नवग्रह मित्र मंडल झरादेश्वर महादेव मंदिर के लिये कावड़ यात्रा निकालेगा आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया ग्राम कसारी के नवग्रह मंदिर से प्रारंभ होने वाली यह कावड़ यात्रा विभिन्न महिदपुर रोड गोगापुर बरुखेड़ी आदि ग्रामों से होती हुई झरादेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। जहां ग्राम कसारी चौहान तथा कसारी हरोड के युवा शिव जी का जलाभिषेक कर उनकी पूजा अर्चना करेंगे।

कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत आयोजित

खाचरोद। नगर के कांग्रेस कार्यालय में नव नियुक्त पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित खाचरोद ब्लॉक की बैठक में सम्मिलित होकर संगठन के आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर, विधानसभा प्रभारी परशुराम सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष गोविंद भरावा, जनपत अध्यक्ष प्रथ्वीराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जीवन पाटीदार और मंडलम अध्यक्षगण और ब्लॉक खाचरोद के साथीगण उपस्थित रहे।

धरना प्रदर्शन से बात नहीं बनी तो किसानों ने किया चक्काजाम

बडौद। फसल बीमा सहित विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आज शुक्रवार को बडौद तहसील परिसर में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान मंडी से रेली के रूप में तहसील प्रांगण पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चले प्रदर्शन के दौरान प्रशासन और किसानों के बीच लगातार चर्चा का दौर चलता रहा लेकिन बात नई बनी तो किसानों ने डग रोड पर चाक्काजाम लगा दिया जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उन्हें शांतिपूर्वक समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने किसानों की मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए वार्ता जारी रखी। और कृषि विभाग के डीडी ने बडौद आकर किसानों से चर्चा की और 15 दिन में रिपोर्ट किसानों को उपलब्ध करा दी जाएगी आश्वाशन के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन खत्म किया! इस अवसर पर किसान संघ के पदाधिकारी और सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल ने रचा इतिहास

49 विद्यार्थी जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा के साथ साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी अपने बेहतर प्रदर्शन से संपूर्ण विकासखंड स्तर पर विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित कर रहे है। इस वर्ष भी विद्यालय के कुल 49 विद्यार्थियों ने विकासखंड स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर अपना स्थान पक्का किया।

बास्केट बॉल प्रतियोगिता अंडर 19 में आदित्य चौहान, हुसैन जागीरदार, अर्पित सोयल, अनुज झाला, गौरव खुटवाल अंडर 17- भव्य चौहान, सूरज गेहलोद अंडर -14 सूर्यपाल, वालीबॉल प्रतियोगिता अंडर 19 में हुसैन जागीरदार, गौरव खुटवाल, कृष्ण पंड्या, प्रथम जोशी, अर्पिता परमार अंडर 17- साजिद पटेल, राघव पोरवाल, अवनी यादव, समृद्धि नागर, वृंदा धाकड़, खुशी सोलंकी, विधि राणावत, 9 अंडर 14- लेख परमार, कार्तिक डोडिया, प्रीतम यादव, शतरंज प्रतियोगिता अंडर 19 में प्रभात हुटासन, मधुसूदन जादोन अंडर 17 में प्रभाकर बैरागी, खो - खो प्रतियोगिता अंडर 19 में अर्पित सोयल, रामनारायण चौधरी, अंशुल अंडर 17 में राजवीर गोसर, नेहा, सिया गुर्जर अंडर 14 में मोक्षिता राणावत, प्रांजल धाकड़, राजवीर डाबर, पृथ्वीराज सोलंकी, स्केटिंग प्रतियोगिता अंडर 14 में रुद्र सुनेल, क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 19 में दिव्यांश, राघव, लक्षित अंडर 17 में आरव भावसार, प्रथम जाट, फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 19 में गौरव खुटवाल, बैट मेंटेन प्रतियोगिता अंडर 17 में दिव्य राठौड़, वंशिका पाटीदार, गीतांशी, प्रकृति राठौड़, राघव, अयांश । इस तरह विभिन्न वर्गों की आयु के कुल 49 प्रतिभागी अब जिला स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बड़नगर विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चयनित खिलाड़ियों को दी बधाई

चयनित खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर विद्यालय संचालक मनोज संगतानी निर्देशक विश्वास संगतानी, संस्था प्राचार्या इंदु पंजाबी ने जिला स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामना एवं बधाई दी। इस अवसर पर उप प्राचार्य घनश्याम तोलानी सहित समस्त स्टाफ के समस्त सदस्यों ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष जताया है। उपरोक्त जानकारी संतोष खटोड़ द्वारा दी गई।

सौर ऊर्जा कंपनी पर मनमानी का आरोप, कार्य रोकने की मांग

बिना अनुमति सीमांकन व बाउंड्री निर्माण एवं ग्रामीणजनों से अभद्रता की शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

ग्राम पंचायत कलारिया के अंतर्गत स्थित विरान गांव बीड़ माधोपुर में प्रस्तावित सौर ऊर्जा परियोजना को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्राम पंचायत कलारिया एवं ग्राम गुराड़ी के ग्रामीणों ने हावड सौर ऊर्जा कंपनी पर बिना वैधानिक अनुमति सीमांकन और बाउंड्री निर्माण कार्य शुरू करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करने के लिए मौके पर सीमांकन एवं बाउंड्री निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जब ग्राम पंचायत ने कंपनी के अधिकारियों से आवश्यक अनुमति एवं स्वीकृतियों की जानकारी मांगी तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद भी कंपनी ने कार्य जारी रखा।

शिकायत के अनुसार कंपनी ने ड्रोन सर्वे के माध्यम से सीमांकन कर चिन्ह (चीरे) लगाने का कार्य शुरू किया जिसमें ग्राम गुराड़ी के कई किसानों की निजी भूमि के भीतर तक चिन्ह लगा दिए गए। भूमि स्वामियों ने जब इसका विरोध किया और बताया कि उन्होंने अपनी जमीन कंपनी को विक्रय नहीं की है, तब कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किए जाने एवं धमकाने का आरोप लगाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी परियोजना के लिए संबंधित ग्राम पंचायत तथा सक्षम अधिकारियों की अनुमति आवश्यक होती है, लेकिन कंपनी ने नियमों की अनदेखी करते हुए दबंगई के साथ कार्य शुरू कर दिया। इससे क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों एवं एसडीएम से मांग की है कि सौर ऊर्जा परियोजना के लिए किए जा रहे बाउंड्री निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

महंगाई की मार से रसोई का बिगड़ा बजट

शक्कर 10 रुपये प्रति किलो महंगी, खाद्य तेल के दाम फिलहाल स्थिर

सीमित आय वाले परिवारों की बढ़ी चिंता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर में बढ़ती महंगाई का असर अब आम लोगों की रसोई तक साफ दिखाई देने लगा है। रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय और दिहाड़ी मजदूर परिवारों का मासिक बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। सबसे अधिक बढ़ोतरी शक्कर के दाम में देखने को मिली है जिससे घर-घर का खर्च बढ़ गया है।

स्थानीय बाजार में कुछ समय पहले तक शक्कर 45 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही थी। लेकिन अब इसका भाव बढ़कर 55 रुपये प्रति किलो हो गया है। यानी एक किलो शक्कर पर सीधे 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। घरों में रोजाना चाय, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों में शक्कर का उपयोग होने के कारण इसका सीधा असर प्रत्येक परिवार के मासिक खर्च पर पड़ रहा है। स्थानीय किराना व्यापारी सोहेल मंसूरी ने बताया कि शक्कर के थोक भाव बढ़ने का असर खुदरा बाजार में भी देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि खाद्य तेल के दामों में भी कुछ समय पहले बढ़ोतरी हुई थी हालांकि वर्तमान में तेल के भाव स्थिर बने हुए हैं। इसके बावजूद पहले हुई बढ़ोतरी का असर उपभोक्ताओं पर अभी भी बना हुआ है।

महंगाई के कारण गृहिणियों को घरेलू बजट संतुलित करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पहले जितनी राशि में महीनेभर का राशन आ जाता था, अब उसी सामान के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। सीमित आय वाले परिवारों के सामने आवश्यक जरूरतों को पूरा करना चुनौती बनता जा रहा है।

आज होगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा का लोकार्पण

मंत्री नागर सिंह चौहान होंगे मुख्य अतिथि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद द्वारा पुराना बस स्टैंड स्थित नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण 9 अगस्त को किया जाएगा। समारोह में मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रतिमा के लोकार्पण को लेकर नगर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं और कार्यक्रम को भव्य बनाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंत्री नागर सिंह चौहान के सुसनेर आगमन पर सबसे पहले नगर के एक मैरिज गार्डन में भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे, जहां संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद शाम करीब 5 बजे मंत्री चौहान अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ पुराना बस स्टैंड पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। नगर परिषद द्वारा दीनदयाल उपाध्याय चौक का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। चौक पर भव्य प्रतिमा के साथ आधुनिक रंगीन फव्वारा, आकर्षक लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए गए हैं।

पुराना एबी रोड स्थित मुख्य मार्ग पर चक्काजाम

कृष्णपुरम मार्ग की उबड़खाबड़ सड़क को लेकर नपा परिषद के खिलाफ नारेबाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में गुना बाईपास स्थित कृष्णपुरम मार्ग की खस्ता हालत होने के कारण राहगीरों एवं रहवासियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग पर दो निजी स्कूल होने के कारण करीब दो हजार से अधिक विद्यार्थियों एवं वार्ड वासियों का प्रतिदिन आवागमन होता है इनमें कई छात्र छात्राएं उबड खाबड सड़क पर गिरकर घायल हो रहे है वहीं नन्हीं बच्चिया और उनके अभिभावक तथा रहवासी आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

नगर पालिका अधिकारियों ने जब कृष्णापुरम मार्ग का निरीक्षण किया तो उन्हें ना तो सड़के मिली ना ही नालियों की साफ सफाई जगह-जगह गड्ढे जिनमें पानी भरा हुआ आसपास जंगली जानवरों और कीड़े मकोड़ों का भय तथा बिजली, पानी आदि की विकट समस्याओ से वार्डवासियों ने अवगत कराया, कहां जाता है कि क्षेत्र के विकास पुरुष भी इसी वार्ड में रहते हैं। जिस वार्ड में विकास पुरुष रहते हो उसे वार्ड की यह दुर्दशा है तो पूरे प्रदेश की क्या हालत होगी अंदाजा लगाया जा सकता है।

15 दिन के अंदर मार्ग सुधारने की माँग

उक्त समस्याओं के चलते आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने पुराना एबी रोड स्थित मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करते हुए नगर पालिका परिषद के खिलाफ नारेबाजी की तथा नगर पालिका इंजीनियर रूपेश नेताम को ज्ञापन सौंपते हुए 15 दिन के अंदर उक्त मार्ग का निर्माण कार्य चालू किया जाने की मांग की, यदि निर्माण कार्य चालू नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

तनोड़िया में संपन्न हुआ आगर जिले का पहला जनविश्वास शिविर

कलेक्टर से रूबरू संवाद में जल संकट और राजस्व से जुड़े मामलों पर ग्रामीणों ने उठाई आवाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रारंभ हुए प्रदेशव्यापी जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आगर जिले का पहला जनविश्वास शिविर तनोडिया ग्राम में संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। विभिन्न विभागों को प्राप्त जन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हेतु विभागों को निर्देशित किया गया। विधायक मधु गहलोत ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य गांव-गांव घर-घर पहुंचकर आमजन की समस्याओं का समाधान करना है।

इसी उद्देश्य से जनविश्वास शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पिछले ढाई वर्षों में आगर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार हेतु स्वीकृत कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि नए सिंचाई जलाशयों से क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। विधायक ने 10 अगस्त को आगर में आयोजित 51 हजार कलश यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया तथा फसल नुकसानी पर किसानों को बीमा राशि एवं मुआवजा भुगतान के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा कर समाधान कराने का विश्वास दिलाया।

जिप अध्यक्ष ने पेयजल समस्या उठाई कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्ना बाई भैरूसिंह चौहान ने नगर में पेयजल की समस्या को प्रमुखता के साथ हल करने की बात अधिकारियों से कही, कार्यक्रम को पूर्व विधायक लाल राम मालवीय जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह एवं मोहनलाल मकवाना ने भी संबोधित कर क्षेत्र की समस्याएं एवं मांगें रखीं।

अधिकारियों ने कार्यवाही से अवगत कराया

शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया तथा विभागीय जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के साथ आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में दोपहर 2 बजे तक 280 से अधिक युवाओं ने रोजगार हेतु पंजीयन करवाया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने एसपी दिलीप सोनी एवं जिला अधिकारियों के साथ ग्राम का भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया।

हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा ब्यावरा मंडल की बैठक संपन्न

ब्यावरा। भारतीय जनता पार्टी ब्यावरा मंडल की मासिक बैठक में हर घर तिरंगा अभियान ,संत रविदास महाराज की जन्म जयंती वर्ष को लेकर विधानसभा स्तरीय यात्रा और हर बूथ पर कार्यकर्ता अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित आगामी संगठनात्मक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने सहभागिता कर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से संवाद किया तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री पंवार ने कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि अभियान को व्यापक जनसहभागिता के साथ सफल बनाते हुए प्रत्येक घर तक तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाएं। और बैठक को भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौधिया ने भी संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ता तैयार रहे और ज़िम्मेदारी से हर महीने होने वाली संगठन की बैठकों में शामिल हो। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, उनकी तैयारियों एवं कार्यकताओं की सहभागिता को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

सेन्ट मार्टिन के विद्यार्थियों ने बास्केटबॉल एवं फुटबॉल में भी दिखाया अपना जौहर

बड़नगर । विकासखण्ड स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सेन्ट मार्टिन स्कूल के मैदान में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान बनाया। विकास खण्ड क्रीड़ा अधिकारी जे पी यादव के निर्देशन में गुरुवार को सेन्ट मार्टिन स्थित बास्केटबॉल मैदान में बड़नगर ब्लॉक के विद्यालयों के विभिन्न आयु वर्ग के बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे से सेन्ट मार्टिन के 16 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता का अगला चरण जो कि जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी उसमे अपना स्थान सुनिश्चित किया। बालक अंडर 17 आयु वर्ग में एल्विन , नीरज , कुलदीप , आदित्य , नमन , नयन , मयूर , बालक अंडर 14 आयु वर्ग में दिव्यांश , शौर्य , आलोक , प्रिंस, लवेश, बालक अंडर 19 में पीयूष एवं बालिका अंडर 17 आयु वर्ग में कनक , देविका , हिमांशी का चयन हुआ । विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल संचालक फादर जॉर्ज , प्राचार्या जेनेट जॉर्ज , मेनेजर नवीन कुमार भगोरिया , शिक्षकों की ओर से जितेंद्र वर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं अगले चरण में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले मे तहसील का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। यह जानकारी सेन्ट मार्टिन स्कूल के मेनेजर नवीन कुमार भगोरिया द्वारा दी गयी।

हिंद सांस्कृतिक मंच की कावड़ यात्रा को लेकर बैठक संपन्न

सनातन परंपरा के इस महाआयोजन के सहभागी बने-पूर्व विधायक शेखावत

खाचरौद। उज्जैन जिले कि खाचरौद-नागदा विधानसभा क्षेत्र कि सबसे बड़ी हिन्द सांस्कृतिक मंच के तत्वाधान में निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर नगर के शिव भक्तों की एक बैठक नगर के लखेरवाडी क्षेत्र में संपन्न हुई। कावड़ यात्रा में शिव भक्तों के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारी की रूपरेखा सहित अन्य व्यवस्था को लेकर बैठक में आए कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार रखें। बैठक हिंद सांस्कृतिक मंच संयोजक एवं पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत के तत्वाधान में संपन्न हुई। बैठक का प्रारंभ भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चना के साथ पूर्व विधायक शेखावत ने कर उपस्थित कार्यकताओं को बताया कि भगवान भोलेनाथ की भक्ति, आस्था, उत्साह से परिपूर्ण। इस पुण्य यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म, संस्कृति, सनातन परंपरा के इस महाआयोजन के सहभागी हमें बनना है। यात्रा में हमें शिव भक्तों को बड़ी संख्या में यात्रा में हमें सहभागिता करवानी है। यात्रा नागदा चंबल तट स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से 10 अगस्त सोमवार को प्रातः 9 बजे भगवान मुक्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर उज्जैन के राजा बाबा महाकाल के जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में शिव भक्त कंधों पर कावड़ लेकर निकलेंगे। कावड़ यात्रा को सफल बनाने एवं शिव भक्तों कि व्यवस्था के लिए बैठक में विचार विमर्श कर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों के छात्र संघ के पदाधिकारियों ने ली पद दायित्व की शपथ ग्रहण

महिदपुर रोड । ब्राइट स्टार एकेडमी स्कूल में छात्र संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ विधायक मालवीय ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी, अनुशासन, नेतृत्व एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संचालक नरेंद्र अरोरा, अजीत बोथरा, सरपंच जीवन चौधरी, संतोष पोरवाल मनोज पोरवाल उपस्थित रहे अजीत बोथरा ने आभार व्यक्त किया।

हॉलीवुड में बड़ी छलांग

ऑस्कर विनर क्रो संग प्रियंका की नई फिल्म

प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड में घुड़दौड़ लगातार जारी है। अब वह ऑस्कर अवॉर्ड विजेता एक्टर रसेल क्रो के साथ फिल्म 'ब्लूफ्लाई' में नजर आएंगी। पीसी ने खुद इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह खबर साझा की। उन्होंने एक तस्वीर साझा की। साथ में लिखा, ₹अब अगली फिल्म की ओर।₹ डेडलाइन के अनुसार, यह एक्शन-थ्रिलर से भरपूर काल्पनिक कहानी वाली साइंस फिक्शन फिल्म होगी। निर्देशन निमरोड एंटल कर रहे हैं। अफ्रीकी देश कांगो से कहानी शुरू होती है। यहां संयुक्त राष्ट्र का एक ट्रांसलेटर एक बेहद सीक्रेट मिशन का हिस्सा बन जाता है। उसे एक ऐसे रहस्यमयी विमान को ढूंढने की जिम्मेदारी मिलती है, जिसके बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं है। मिशन आगे बढ़ने के साथ-साथ हालात खतरनाक होते जाते हैं। स्पेशल फोर्स की टीम मिलिशिया के कब्जे वाले इलाके से गुजरते हुए कई बड़े राज से पर्दा उठाती है। धीरे-धीरे उन्हें समझ आने लगता है कि इस मिशन का मकसद सिर्फ विमान को ढूंढना नहीं है, बल्कि इसके पीछे कोई ऐसा सच छिपा है जिसे दुनिया के सामने आने से हर हाल में रोकना है। यही सस्पेंस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत माना जा रहा है। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभी कोई अपडेट नहीं है

नहीं होगा तलाक, पत्नी ने वापस ली याचिका

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने चुके तमिल सुपरस्टार थलापति विजय और उनकी पत्नी संगीता स्वर्णलिंगम के बीच का पारिवारिक विवाद खत्म हो गया है। दरअसल, संगीता ने शुक्रवार को चेंगलपट्ट की फैमिली कोर्ट में दायर अपनी तलाक की अर्जी वापस ले ली है। उन्होंने वीडियो-कॉन्फ्रेसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होकर मामले को आगे न बढ़ाने की वजह भी बताई, जिसके बाद कोर्ट ने केस का निपटारा कर दिया।

बता दें कि इसी साल फरवरी में संगीता ने स्पेशल मैरिज एक्ट, 1954 के तहत चेंगलपट्ट कोर्ट में तलाक की अर्जी दी थी। खबरों के मुताबिक, उन्होंने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, मानसिक क्रूरता, उपेक्षा और साथ छोड़ देने का आरोप लगाया गया था। लेकिन अब मामले का निपटारा हो जाने से विजय के फैंस ने राहत की सांस ली है।

किंग खान सबसे बड़े ब्रांड

क्रॉल इंडिया सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन 2025 की रैंकिंग में सुपरस्टार शाहरुख खान ब्रांड वैल्यू के मामले में देश के सबसे बड़े सेलिब्रिटी बनकर उभरे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उनकी ब्रांड वैल्यू 177।9 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी कि लगभग 1,691 करोड़ रुपए है। इस मामले में उन्होंने स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को भी पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है। रणवीर सिंह (162।9 मिलियन डॉलर) दूसरे और विराट कोहली (158।4 मिलियन डॉलर) तीसरे स्थान पर हैं।

आलिया लेडीज में टॉप

आलिया भट्ट भारतीय सिनेमा की सबसे सफल और भरोसेमंद स्टार्स में से एक बन गई हैं। एक्टिंग से आगे बढ़कर वह एक कामयाब बिजनेस वुमन भी बन चुकी हैं। ग्लोबल लेवल पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता अब लेटेस्ट सेलिब्रिटी ब्रांड रैंकिंग में भी दिखाई दी है। आलिया भारत की सबसे ज्यादा वैल्यू वाली महिला सेलिब्रिटी बनकर उभरी हैं। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय वित्तीय और जोखिम सलाहकार फर्म क्रॉल की सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2025 के अनुसार, आलिया ने दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना जैसी अभिनेत्रियों को पीछे छोड़ते हुए देश की सबसे वैल्यूएबल महिला सेलिब्रिटी का स्थान हासिल किया है।

आईएमएमएफ में जाएगी हुमा कुरैशी की फिल्म बयान

भारतीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 13 अगस्त से 23 अगस्त तक होने वाला है। इसमें हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म 'बयान' दिखाई जाएगी। बिकास रंजन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में हुमा 'रुही' नाम की एक दृढ़ निश्चयी पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो यौन उत्पीड़न के आरोपी एक प्रभावशाली नेता से जुड़े मामले की जांच करती है। एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्म में उनकी भूमिका बेहद चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक रही है। जांच-पड़ताल की कहानी के साथ-साथ सत्ता, सच और न्याय से जुड़े सवालों ने उन्हें इसमें काम करने के लिए प्रेरित किया।

पडिक्कल नंबर-3 पर खेलेंगे, सरफराज रिप्लेसमेंट हो सकते हैं

साई सुदर्शन श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर, पैर की अंगुली में चोट लगी थी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। बाएं पैर के अंगूठे की चोट से पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट में वापसी की मंजूरी नहीं दी।

सुदर्शन की जगह पहले टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल के नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने की संभावना है। टीम में रिप्लेसमेंट के तौर पर सरफराज खान को शामिल किया जा सकता है।

दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो के रउ मैदान पर खेला जाएगा। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा है।

साई सुदर्शन को पिछले महीने श्रीलंका-ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लगी थी। इससे पहले उन्होंने उसी दौरे पर लगातार दो शतक जड़कर शानदार फॉर्म दिखाई थी। चोट के बाद से वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे।

सुदर्शन ने रिहैब के दौरान बल्लेबाजी, फील्डिंग और फिटनेस ड्रिल भी शुरू कर दी थी, लेकिन मेडिकल टीम ने उन्हें पूरी तरह फिट नहीं माना। स्पोर्ट्स साइंस टीम के मुताबिक उनकी चोट में काफी सुधार हुआ है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए अभी और समय चाहिए।

सुदर्शन की गैरमौजूदगी में देवदत्त पडिक्कल पहले टेस्ट में नंबर-3 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। पडिक्कल ने कोलंबो में श्रीलंका इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच में शतक लगाकर अपनी दावेदारी मजबूत की है।

लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का निधन

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। पिछले कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था। मेसी के बचपन के क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज ने शनिवार को उनके निधन की पुष्टि की। क्लब ने शोक जताते हुए उन्हें मेसी के करियर की सबसे मजबूत ताकत बताया। जॉर्ज सिर्फ मेसी के पिता नहीं थे। वे दो दशक से ज्यादा समय तक उनके एजेंट और सलाहकार भी रहे। बार्सिलोना, इंटर मियामी जैसे बड़े क्लब ट्रांसफर में उनकी अहम भूमिका रही।

स्कॉटलैंड ने जीता 5000वां वनड, कनाडा को 9 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्कॉटलैंड ने वनडे क्रिकेट के 5000वें मैच में कनाडा को 9 रन से हरा दिया। डंडी में खेले गए क्उ मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 के इस ऐतिहासिक मुकाबले में फिनले मैकक्रीथ ने शतक लगाया और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही स्कॉटिश टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 281 रन बनाए। जवाब में कनाडा 49.2 ओवर में 272 रन पर ऑलआउट हो गया। ब्रैंडन मैकमुलेन ने 3 और ओलिवर डेविडसन ने 2 विकेट लिए। स्कॉटलैंड की शुरूआत खराब रही।

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

किराए से देना है
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

तुरंत आवश्यकता है
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

नैनो न्यूज

- **एशिया कप से बाहर हो सकती हैं जेमिमा** – भारतीय महिला बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण द हंड्रेड से बाहर हो गई हैं। एशिया कप में उनकी उपलब्धता पर भी सवाल है।
- **एशियाई खेलों की तैयारी तेज** – भारत में अगस्त का खेल कैलेंडर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हॉकी और कुश्ती की बड़ी प्रतियोगिताओं से भरा है।
- **एशफीश यादव का शानदार प्रदर्शन** – विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आशीष यादव ने भाला फेंक में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।
- **नीरज ने आशीष को सराहा** – भाला फेंक में रजत जीतने वाले आशीष यादव के प्रदर्शन की नीरज चोपड़ा ने प्रशंसा की।
- **अफगानिस्तान की बड़ी जीत** – दूसरे वनडे में अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 92 रन से हराया। राशिद खान ने छह विकेट लेकर मैच पलट दिया।
- **भारत-श्रीलंका टेस्ट सीरीज** – आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले श्रीलंका ने भारतीय प्रशंसकों के लिए स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश की घोषणा की है।
- **भारतीय टीम में चोटों की चिंता** – जसप्रीत बुमराह समेत कई खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बीसीसीआई की चिंता बढ़ी है।

वॉर्म-अप मैच में पडिक्कल का शतक भारत का स्कोर-357/6, जडेजा की फिफ्टी

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

कोलंबो में खेले जा रहे तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच के दूसरे दिन भारत ने 357/6 रन बनाए। टीम अभी भी श्रीलंका-11 के पहली पारी के स्कोर से 6 रन पीछे है। शनिवार को देवदत्त पडिक्कल 142 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनके साथ गुरनूर बरार ने 18 गेंद में 36 रन की तेज पारी खेली। इससे पहले रवींद्र जडेजा ने 63 रन और मानव सुथार ने 41 रन बनाए।

भारत की शुरूआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान केएल राहुल और देवदत्त पडिक्कल ने पारी संभाली। राहुल 40 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन पडिक्कल एक छोर पर टिके रहे। उन्होंने 164 गेंद में 142 रन बनाए और दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद रहे। पहले ही ओवर में यशस्वी के आउट होने के बाद भारत दबाव में था। इसके बाद केएल राहुल और देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़कर पारी संभाली। राहुल ने 67 गेंद में 40 रन बनाए। राहुल के आउट होने के बाद पडिक्कल को रवींद्र जडेजा का साथ मिला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। जडेजा ने 117 गेंद में 63 रन बनाए, लेकिन इसके बाद रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए।

न्यूज कॉलम

कियोस्क संचालक से डकैती करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

धार। धार जिले की राजगढ़ पुलिस ने कियोस्क संचालक से हुई डकैती का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लैपटॉप, फिंगरप्रिंट स्कैनर और नकदी सहित करीब 40 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 1 अगस्त 2026 की शाम करीब 6 बजे राजगढ़-तिरला मार्ग स्थित ग्राम छढ़ावद में कियोस्क संचालक रवि पिता हरिसिंह राठौड़ से डकैती की गई थी। घटना के बाद राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने एक विशेष टीम बनाकर घटनास्थल और आसपास के तकनीकी साक्ष्यों की जांच की। क्राइम टीम की मदद से संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया।

मॉडल स्कूल के प्राचार्य के समर्थन में आए स्टूडेंट्स

धार। मॉडल स्कूल सरदारपुर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को प्राचार्य के समर्थन में नगर में रैली निकाली। छात्र एसडीएम कार्यालय पहुंचे और करीब एक घंटे तक धरना दिया। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की समझाइश के बाद एसडीएम के आश्वासन पर छात्र वापस स्कूल लौटे। विद्यार्थी मॉडल स्कूल के प्राचार्य कामेश सतपुड़ा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। छात्रों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा प्राचार्य के खिलाफ झूठे और निराधार आरोप लगाए गए हैं, जिनसे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और प्राचार्य की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है।

अवैध संबंधों के शक में घर में घुसकर हत्या

झाबुआ। झाबुआ जिले के पेटलावद थाना क्षेत्र में हुए हरिराम गेहलोत हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल बोलेरो वाहन, हथियार और कपड़े भी जब्त कर लिए हैं। अटल बस्ती पेटलावद निवासी भुलीबाई ने 2 अगस्त 2026 की रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि देवा सिंगाड़ और उसके साथियों ने घर में घुसकर धुलेट (धार) निवासी हरिराम गेहलोत के साथ मारपीट की। गंभीर चोटें आने से हरिराम की मौके पर ही मौत हो गई थी। आरोपियों ने मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।

पेटलावद को मिला 7.95 करोड़ का नया तहसील भवन

मंत्री भूरिया ने किया शुभारंभ, स्व-सहायता समूहों और उद्यमियों को बांटे ऋण स्वीकृति पत्र

झाबुआ। झाबुआ जिले के पेटलावद में 7 करोड़ 95 लाख 82 हजार रुपए से बने नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नए भवन के कक्षों का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुरक्षित संधारण और आधुनिकीकरण की सराहना की। कार्यक्रम में मंत्री भूरिया ने स्थानीय उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया और पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार महिलाओं व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समारोह में स्व-सहायता समूहों की महिला हितग्राही फुला जगराम और लक्ष्मी प्रजापत ने पशुपालन व व्यवसाय से मिली आर्थिक मजबूती की जानकारी साझा की। वहीं, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 5 लाख का लोन लेकर व्यवसाय शुरू करने वाले भारत अग्रवाल ने बताया कि वे वर्तमान में 5 महिलाओं को रोजगार दे रहे हैं। आयोजन के दौरान कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र सिंह चौहान, एसडीएम पेटलावद तनुश्री मीणा और अपर कलेक्टर सी.एस. सोलंकी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नैनो न्यूज

- **इंदौर में रियल एस्टेट की मांग मजबूत–** 2026 में सुपर कॉरिडोर, विजय नगर, अइ रोड-बायपास, निपानिया-बिचौली मदार्ना और राऊ प्रमुख रियल एस्टेट हब के रूप में उभर रहे हैं।
- **वाणिज्यिक प्रॉपर्टी में बढ़ती रुचि –** इंदौर को 2026 में ऐसे टियर-2 शहरों में गिना जा रहा है जहां ऑफिस, रिटेल, वेयरहाउस और छोटे व्यवसायों की कमर्शियल मांग बढ़ रही है।
- **हेटिच का नया प्लांट –** जर्मन फर्नीचर-फिटिंग कंपनी हेटिच ने इंदौर में नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शुरू किया है और भारत को अपने वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है।
- इंदौर एसईजेड के निर्यात में गिरावट – इंदौर रऐ से एफ 25 में निर्यात 9 प्रतिशत से अधिक घटकर 12,948 करोड़ रुपये रहा।
- **सयाजी होटल्स का कारोबार बढ़ा –** जून 2026 तिमाही में सयाजी होटल्स की बिक्री 11.62 प्रतिशत बढ़कर 26.52 करोड़ हुई, हालांकि शुद्ध मुनाफा 11.73प्रतिशत घटकर 1.58 करोड़ रहा।

ठेकेदारों की ब्लैकलिस्टिंग पर हाईकोर्ट की बड़ी व्यवस्था, सीधे हाईकोर्ट में दी जा सकेगी चुनौती

ब्लैकलिस्टिंग को महज ठेका विवाद नहीं, प्रशासनिक कार्रवाई माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ठेकेदारों और कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने के मामलों में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की 5 न्यायाधीशों वाली लार्जर बेंच ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण कानूनी व्यवस्था दी है। बेंच ने 4:1 के बहुमत से स्पष्ट किया कि किसी ठेकेदार या कंपनी को ब्लैकलिस्ट करना केवल अनुबंध से जुड़ा विवाद नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक कार्रवाई है, इसलिए ऐसे आदेश को संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के तहत हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।

इंदौर के एक ठेकेदार को करीब 60 लाख रुपए के निर्माण ठेके से जुड़े मामले में ब्लैकलिस्ट किए जाने के बाद यह विवाद हाईकोर्ट की लार्जर बेंच के सामने पहुंचा था। लंबी सुनवाई के बाद बेंच ने 262 पन्नों का फैसला सुनाया है।

2020 में नगर निगम ने ठेका रद्द कर किया था ब्लैकलिस्ट– इंदौर नगर निगम द्वारा सांवेर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-21 स्थित अमरापुरी में सीसी रोड निर्माण के लिए दिए गए करीब 60 लाख रुपए के ठेके से जुड़ा है। ठेका नितिन इंटरप्राइजेस को दिया गया था। नवंबर 2020 में नगर निगम ने ठेका निरस्त कर दिया। निगम का आरोप था कि सांवेर विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद ठेकेदार ने निर्माण कार्य कराया और अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया।

हाईकोर्ट ने ब्लैकलिस्टिंग के गंभीर परिणामों को भी रेखांकित किया। किसी कंपनी या ठेकेदार के ब्लैकलिस्ट होने पर उसके लिए भविष्य में सरकारी ठेके हासिल करने के रास्ते बंद हो सकते हैं। इससे उसकी बाजार में साख और व्यावसायिक अवसर प्रभावित होते हैं। कोर्ट के अनुसार इसका नुकसान केवल आर्थिक आंकड़ों से नहीं आंका जा सकता। ब्लैकलिस्टिंग किसी कंपनी की प्रतिष्ठा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है और कई मामलों में उसके कारोबार पर भी बड़ा असर डाल सकती है।

हालांकि बेंच ने यह स्पष्ट किया कि ब्लैकलिस्टिंग से जुड़ा हर मामला स्वतः हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए स्वीकार नहीं होगा। प्रत्येक याचिका के तथ्यों और परिस्थितियों को देखकर न्यायिक हस्तक्षेप का निर्णय लिया जाएगा। हाईकोर्ट विशेष रूप से ऐसे मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है, जहां– ठेकेदार को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर नहीं दिया गया हो। कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत हुई हो। किसी नागरिक या कंपनी के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ हो। ब्लैकलिस्टिंग का आदेश ऐसे अधिकारी ने जारी किया हो, जिसके पास इसका अधिकार नहीं था। कार्रवाई मनमाने या अनुचित आधार पर की गई हो।

दो पुराने फैसलों में अलग-अलग राय से बना था कानूनी पेच

ब्लैकलिस्टिंग से जुड़े मामलों में हाईकोर्ट के दो पुराने फैसलों में अलग-अलग कानूनी दृष्टिकोण सामने आए थे। वीवा हाईवेज मामले में कहा था कि ठेकेदार ब्लैकलिस्टिंग के खिलाफ सीधे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सकता है। वहीं गौरी गणेश मामले में माना गया था कि ऐसे विवादों को मध्यप्रदेश मध्यस्थता अधिकरण अधिनियम, 1983 के तहत ट्रिब्यूनल के समक्ष ले जाया जाना चाहिए। दोनों फैसलों के बीच स्थिति स्पष्ट करने के लिए सितंबर 2024 में पांच न्यायाधीशों की लार्जर बेंच गठित की गई थी। लार्जर बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया, न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर, न्यायमूर्ति विनय सराफ और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी बहुमत के पक्ष में रहे। वहीं न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने बहुमत की राय से असहमति जताई।

निगम ने तीन कार्रवाई की

- ठेका निरस्त किया।
- कंपनी को तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट किया।
- करीब ढाई लाख रुपए की बैंक गारंटी जब्त कर ली।
- नितिन लोदवाल ने एडवोकेट अमित मिश्रा के माध्यम से इन कार्रवाइयों को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

इंदौर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को किया गिरफ्तार, रकम मांगने पर जान से मारने की दी धमकी

डीलरशिप दिलाने के नाम पर 1 करोड़ की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गुजरात क्षेत्र की डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का झांसा देकर 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने 74 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोहरलाल गुप्ता पिता स्व. उमाशंकर गुप्ता, निवासी जानकी नगर एक्सटेंशन, भंवरकुआं, इंदौर के रूप में हुई है।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी इंदौर स्थित आई.एच.एल. मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड और इन्फुटेक हेल्थकेयर लिमिटेड में डायरेक्टर/मुख्य संचालक के रूप में काम करता है। क्राइम ब्रांच फरार आरोपी बेटे की तलाश कर रही है।

50-50 लाख रुपए जमा करवाए

- डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, गुजरात के झालोद, जिला दाहोद निवासी कमलेश अग्रवाल ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि आरोपियों ने गुजरात क्षेत्र की डीलर/डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का प्रलोभन देकर 50-50 लाख रुपए, यानी कुल 1 करोड़ रुपए जमा करवाए।
- शिकायतकर्ता के मुताबिक शुरूआत में जुलाई 2022 तक डिस्ट्रीब्यूटर मार्जिन मनी के रूप में करीब 28.50 लाख रुपए दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने न तो मार्जिन मनी का भुगतान किया, न व्यापार के लिए माल उपलब्ध कराया और न ही मूल राशि वापस की।

ड्रग्स तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स की तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राकेश (49) पिता मनोहर लाल तंवर निवासी समाजवादी इंद्रानगर इंदौर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक राकेश प्रॉपर्टी ब्रोकिंग का काम करता है और 12वीं तक पढ़ा है।

क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पहले चिराग पिता यशवीर सिंह (25) को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 10.10 ग्राम एमडी ड्रग्स, जिसकी कीमत करीब 1.10 लाख रुपए, और होंडा एक्टिवा कीमत करीब 50 हजार रुपए जब्त की गई थी। कुल जब्ती करीब 1.60 लाख रुपए की थी। जांच के दौरान राकेश की भूमिका सामने आई। क्राइम ब्रांच के मुताबिक वह घटना के बाद से वह फरार था। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अब राकेश से एमडी ड्रग्स के स्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के आधार पर मामले में आगे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

ट्रेन की चपेट में आने से शरीर दो हिस्सों में बंटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर शनिवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिला। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। टक्कर के कारण युवक की कमर के नीचे का हिस्सा और ऊपरी धड़ पूरी तरह अलग हो गए थे, जबकि शरीर के कई अन्य अंग भी ट्रैक के आसपास बिखर गए।

घटना की सूचना मिलते ही जूनी इंदौर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। शव की हालत इतनी गंभीर थी कि उसे तीन अलग-अलग पोटलियों में बांधकर अस्पताल ले जाना पड़ा।

पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन से कटने का लग रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज, मोबाइल या पहचान पत्र नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस आसपास के लोगों और रेलवे ट्रैक के किनारे रहने वालों से पूछताछ कर युवक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

बंगाली से पलासिया के बीच 5 हजार मकानों के नीचे से गुजरेगी टनल

चिंतित रहवासी मेट्रो के जीएम आरएस राजपूत से मिलने पहुंचे और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

छोटा गणपति (मल्हारगंज) में मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन की खुदाई से डरे रहवासियों के बीच अब बंगाली चौराहे से पलासिया के बीच बन रहे नए अलाइनमेंट ने हड़कंप मचा दिया है।

अब तक बताया जा रहा था कि अंडरग्राउंड ट्रैक कनाड़िया रोड के समानांतर गुजरेगा। हालांकि, हाल ही में वंदना नगर, गोयल नगर, साईंनाथ कॉलोनी, तिलक नगर और संविद नगर में मेट्रो द्वारा शुरू किए गए मिट्टी परीक्षण (सॉइल टेस्टिंग) से रहवासी भयभीत हैं।

- **ऐसा रहेगा रूट:** बंगाली से पलासिया पुलिस लाइन तक टनल
- मेट्रो के जीएम ने रहवासियों को अलाइनमेंट की जानकारी देते हुए बताया–
- **1. पहला अंडरग्राउंड स्टेशन :** खजराना के बाद बंगाली चौराहे पर बनेगा। **रूट का कवर:** बंगाली चौराहे से मेट्रो कनाड़िया रोड छोड़कर लंबा टर्न लेगी।
- **प्रभावित कॉलोनियां:** में शकुंतला हॉस्पिटल, गोयल नगर से होती हुई साईंनाथ कॉलोनी, वंदना नगर, तिलक नगर, पत्रकार कॉलोनी के मकानों के नीचे से गुजरेगी।
- **2. दूसरा अंडरग्राउंड स्टेशन:** रवींद्र नगर गायत्री मंदिर के आगे पलासिया पुलिस लाइन के समीप बनेगा। यहां से एमजी रोड जाएगी।

अंडरग्राउंड टनल कनाड़िया रोड के नीचे से न जाकर सघन कॉलोनियों और हजारों मकानों के नीचे से गुजरने की तैयारी में है। इससे चिंतित रहवासी मेट्रो के जीएम आरएस राजपूत से मिलने पहुंचे और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। रहवासियों का तर्क है कि जब 200 फीट चौड़ी रोड उपलब्ध है, तो 2 से 3 हजार मकानों की नींव और ट्यूबवेल को खतरे में क्यों डाला जा रहा है?

इंस्ट्राग्राम पर थाईलैंड ट्रिप का विज्ञापन देखकर बुकिंग करने पर 36 हजार की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाली एक युवती को इंस्ट्राग्राम पर थाईलैंड ट्रिप का विज्ञापन देखकर बुकिंग करना महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने कम किराए में थाईलैंड के फुकेट की ट्रिप और इंडिगो के साथ कोलैबोरेशन का झांसा देकर युवती से करीब 43 हजार रुपए ऐंठ लिए। 6 जुलाई को जब युवती इंदौर एयरपोर्ट पहुंची तो टिकट इनवैलिड निकला। इसके बाद ठगों के मोबाइल नंबर बंद हो गए।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार पूर्वा सिंह निजी कंपनी में काम करती हैं। उन्होंने इंस्ट्राग्राम पर द टूरिंग साइट्स नाम से ट्रिप का विज्ञापन देखा था। इसके बाद 19 अप्रैल को उनके पास वॉट्सएप पर मैसेज आया। इसमें थाईलैंड ट्रिप की जानकारी और चार्ज बताए गए। अधिक राशि होने पर पूर्वा ने ट्रिप लेने से इनकार कर दिया।

इसके बाद आरोपियों ने उन्हें कम कीमत वाली ट्रिप का ऑफर दिया। युवती ने कंपनी से ट्रिप की डिटेल मांगी। आरोपियों की बातों पर भरोसा कर उन्होंने थाईलैंड के फुकेट जाने के लिए करीब 36 हजार रुपए में बुकिंग कराने की सहमति दे दी।

जब पूर्वा ने इतनी कम कीमत में ट्रिप मिलने पर संदेह जताया तो आरोपियों ने कहा कि उनकी कंपनी का इंडिगो फ्लाइट के साथ कोलैबोरेशन है। इसके बाद भुगतान के लिए लव गुप्ता नाम के व्यक्ति का बैंक अकाउंट दिया गया।

घायल पड़े व्यक्ति को महिला आरक्षक ने फर्स्ट एड किट से दिया प्राथमिक उपचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

यातायात व्यवस्था संभालने के साथ इंदौर पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया। कलश चौराहा, परदेशीपुरा क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल होकर रोड पर पड़े व्यक्ति को देखकर यातायात पुलिस की महिला आरक्षक अरुणा ठाकरे ने तत्काल मदद की। उन्होंने अपनी गाड़ी रोकी और घायल के पास पहुंचकर उनकी स्थिति देखी।

जानकारी के मुताबिक, महिला आरक्षक अरुणा ठाकरे वहां से गुजर रही थीं। इसी दौरान उनकी नजर सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति पर पड़ी। उन्होंने बिना समय गंवाए मौके पर रुककर घायल की मदद शुरू की। उनके पास मौजूद फर्स्ट एड किट से घायल को प्राथमिक उपचार दिया। साथ ही उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। महिला आरक्षक की त्वरित कार्रवाई से घायल व्यक्ति को मौके पर ही तत्काल राहत मिली। हादसे के बाद सड़क पर घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति के लिए समय पर मिली यह मदद काफी महत्वपूर्ण रही। मौके पर मौजूद लोगों ने भी महिला आरक्षक की तत्परता की सराहना की।

यातायात पुलिस की ड्यूटी के दौरान अरुणा ठाकरे ने न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाई, बल्कि संवेदनशीलता और मानवीयता का भी परिचय दिया। पुलिसकर्मी की इस पहल ने यह संदेश दिया कि वर्दी में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी के साथ जरूरतमंद की मदद करना भी पुलिस के सामाजिक दायित्व का हिस्सा है।

छात्र की बचाई थी जान

पिछले दिनों अपने घर लौट रहे दो स्टूडेंट्स में से पीछे बैठा एक स्टूडेंट अचानक चलती बाईक से रोड पर गिर गया और बेहोश हो गया था। राऊ के प्रधान आरक्षक बलराम चौहान और थाना राजेंद्र नगर के आरक्षक राहुल बोर्डिया एवं विवेक प्रजापति ने घायल स्टूडेंट को देखा तो तुरंत सीपीआर दिया था और उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था।

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com